रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 02 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-132 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### एयर मार्शल मिश्रा ने वायु सेना की पश्चिमी कमान की बागडोर संभाली



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा ने भारतीय वायु सेना की पश्चिमी कमान की बागडोर संभाल ली। एयर मार्शल मिश्रा को 06 दिसंबर 1986 को लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना में कमीशन दिया गया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे, एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल, बैंगलोर, एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, यूएसए और रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, यूके के पूर्व छात्र हैं। एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक प्रायोगिक टेस्ट पायलट के तौर पर एयर मार्शल मिश्रा के पास 3000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। 38 साल से अधिक के सेवा करियर में, एयर मार्शल महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर रहे हैं।

### मनीष सिंघल ने एसोचैम महासचिव का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अधिवक्ता और उद्योगपति मनीष सिंघल ने बुधवार को देश के शीर्ष उद्योग संगठन भारतीय उद्योग एवं व्यापार संगठन (एसोचैम) के महासचिव का पदभार संभाल लिया। सिंघल इससे पहले भारतीय उद्योग एवं व्यापार महासंघ (फिक्की) के उप महासचिव के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने टाटा मोटर्स, आयशर (वोल्वो), टाटा ऑटो कॉम्प सिस्टम्स, मोजर बेयर इंडिया और बीईएमएल सहित कई भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ भी काम किया है। सिंघल ने दीपक सूद का स्थान लिया है।

### वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। वैशाली ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में चीन की झू जिनर को हराया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन की ही जू वेनजुन से उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# शासकीय काम-काज में कसावट लाने की कवायद

## मुख्यमंत्री के बदले तेवर, साल के पहले दिन ही सचिवों और विभागाध्यक्षों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नए साल में नए तेवर के साथ मैदान में डटे दिखे। उन्होंने साल के पहले दिन ही मंत्रालय में सभी विभागों के सचिवों और विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता और कसावट लाने के साथ-साथ आमजनता से जुड़े मामलों का तत्परतापूर्वक त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय में शासकीय कामकाजों में कसावट लाने की जमकर कवायद की गई। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में दो टूक कहा कि प्रशासनिक काम-काज में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं और पूरी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सभी को टीम भावना के साथ काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि वर्ष 2024 में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रमुख गारंटियों को पूरा किया है। वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। रजत जयंती वर्ष का छत्तीसगढ़ के लिए विशेष महत्व है, इसलिए बहुत उत्साह से निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष अभियान संचालित कर लंबित फाइलों को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत दी। उन्होंने मंत्रालय सहित सभी ऑफिसों में ई-ऑफिस की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वे स्वयं सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को अपने विभाग की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर महीने वर्चुअल समीक्षा के साथ ही हर 3 महीने में भौतिक समीक्षा भी की जाए। साथ ही बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने का प्रयास करें और मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की समस्याओं का समय पर निराकरण होना जरूरी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर हमारा फोकस होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अभी निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024-2030 की पूरे देश में सराहना की जा रही है। नई औद्योगिक नीति का लाभ निवेशकों को मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत एक साल में हमने नक्सल मोर्चे पर बड़ी कामयाबी पाई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में हम कामयाब हुए हैं। शासन की योजनाओं को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक ले जाने की आवश्यकता है। नियद नेल्ला नार योजना का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिले, यह बहुत जरूरी है। नक्सली क्षेत्र में बहुत से सुरक्षा कैंप हमने खोले हैं। इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित विभाग के कार्य जो नियद नेल्ला नार योजना के तहत आते हैं, वे त्वरित गति से इन क्षेत्रों में पूर्ण हों। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाना सेवा का कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के प्रभारी सचिव हर 2 महीने में जिलों का दौरा करें। इस दौरान वे जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में जाएं और फील्ड की जानकारी लें, तभी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। उन्होंने प्रभारी सचिवों को अपने जिले के भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति के के सम्बन्ध में मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव अनिवार्य रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने जिलों में भी प्रशासनिक कसावट का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था पर भी बहुत ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आजकल बहुत सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। अभियान चला कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम का पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिए ताकि इसमें कमी लायी जा सके। छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों से नशे की सामग्रियों की तस्करी न होने पाए, इस पर कड़ाई से रोक लगाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले एक वर्ष में नशे के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए अच्छा प्रयास किया गया है, इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।

# सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : मोदी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव वर्ष में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का उल्लेख करते हुए बुधवार को दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे देश को भोजन उपलब्ध कराने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 की पहली कैबिनेट बैठक हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्र सरकार ने 50 किलोग्राम की डीएपी उर्वरक की बोरी का मूल्य 1350 रुपए निर्धारित करने के साथ साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों की आवश्यकता के अनुसार संशोधन करने का फैसला किया है।

विस्तृत पृष्ठ 2 पर

# अमेरिका में ट्रक ने कुचला 10 की मौत 30 घायल

वार्ता < वाशिंगटन
www.dailypioneer.com

एक ओर पूरी दुनिया में लोग बुधवार को नए साल का जश्न मना रहे हैं वहीं अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स के फ्रेंच क्वार्टर में कैनाल और बॉर्बन स्ट्रीट पर एक ट्रक ने बड़ी भीड़ को कुचल दिया। इस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 30 लोग घायल हो गये। सीएनएन के मुताबिक न्यू ऑर्लीन्स के बॉर्बन स्ट्रीट पर एक वाहन के भीड़ में घुस जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। न्यू ऑर्लीन्स के मेयर ने नए साल के दिन हुई इस घटना को बहुत बड़ा 'आतंकवादी हमला' करार दिया।

# रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को एक साथ कई क्षेत्रों में संचालन में सक्षम बनाना और उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस लड़ाकू सेना बनाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, सुधारों और प्रगति की समीक्षा के लिए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंत्रालय के सभी सचिवों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सिंह ने विश्वास जताया कि यह सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा, यह देश की रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखेगा, इस प्रकार 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने की तैयारी करेगा । सुधारों का उद्देश्य संयुक्तता और एकीकरण पहल को और मजबूत करना और एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना को सुविधाजनक बनाना होगा। रक्षा मंत्रालय ने 2025 में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए डोमेन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक्स और रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित केंद्रित हस्तक्षेप के लिए व्यापक क्षेत्रों की पहचान की है। इसके अलावा, भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक संबंधित रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जाएंगी। एक अन्य क्षेत्र जिसकी पहचान की गई है, वह है अधिग्रहण प्रक्रियाएं, जिन्हें तेज और मजबूत क्षमता विकास की सुविधा के लिए सरल और समय-संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र और नागरिक उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझा करने को सुविधाजनक बनाने, व्यापार करने में आसानी में सुधार करके सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सरकार रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग, अक्षमताओं को खत्म करने और संसाधनों को अनुकूलित करने के लिए प्रभावी नागरिक-सैन्य समन्वय पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

### नगर निगमों में प्रशासकों की हुई नियुक्ति

**रायपुर।** राज्य सरकार ने 10 नगर निगमों में प्रशासक की नियुक्ति कर इसका आदेश जारी कर दिया है। इन सभी 10 नगर निगमों का निर्वाचन कार्यकाल खत्म होते ही प्रशासक जिम्मेदारी संभाग लेंगे। आपको बता दे निगम चुनाव में अभी वक्त लग सकता है। ऐसे में सरकार ने प्रदेश के 10 नगर निगमों के निर्वाचन कार्यकाल के खत्म होते ही वहां प्रशासकों की नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। निगम का चुनाव फरवरी महीने के बाद ही संपन्न होने की संभावना जतायी जा रही है। बहरहाल महापौरों और अध्यक्षों के आरक्षण प्रक्रिया की तिथि 7 जनवरी को तय की गई है। वहीं 15 तारीख को मतदाता सूची का प्रकाशन होना है। लिहाजा यह माना जा रहा है कि इस माह चुनावी प्रक्रिया हो पाना संभव नहीं है। इसलिए प्रशासक की नियुक्तियां की गई है। वहीं इसके साथ ही पूर्व में नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने बयान जारी कर कहा था कि चुनाव समय पर संपन्न होंगे। लिहाजा प्रशासकों की नियुक्ति कितने दिवस तक के लिए की गई है, इसका खुलासा तो आने वाले दिनों में ही हो सकेगा।

# यूनिटी मॉल परियोजना के लिए केन्द्र ने दी 200 करोड़ की स्वीकृति, स्थानीय उत्पादों और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा राज्य में ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) मॉडल को प्रोत्साहित करने एवं स्थानीय उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना की जा रही है। यूनिटी मॉल की स्थापना से स्थानीय हस्तशिल्पियों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मॉल में उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय होने से हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा राज्य के छोटे उद्यमियों, शिल्पकारों एवं बुनकरों को लाभ मिलेगा। यह स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए ''वन स्टॉप मार्केट प्लेस'' के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यूनिटी मॉल राज्य के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं, और नारी शक्ति के विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगा। साथ ही यह मेक इन इंडिया और राष्ट्रीय एकता को भी प्रोत्साहित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश वासियों के विकास के साथ राष्ट्रीय एकीकरण एवं मेक इन इण्डिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अपनी प्राथमिकता मानती है। राज्य में स्थापित किये जाने वाले यूनिटी मॉल में अन्य सभी राज्यों के महत्वपूर्ण स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी और विभिन्न राज्यों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हस्तशिल्पियों, बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय स्तर पर नवीन रोजगार सृजन करने स्वस्थ इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार के इस रिफॉर्म के लिए प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है।

# आठ आईएएस बने सचिव, सात अधिकारियों के प्रभार बदले गए







**रायपुर।** राज्य सरकार ने सात आईएएस अधिकारियों के प्रभार में परिवर्तन किया है। जबकि आठ आईएएस अधिकारियों को सचिव पद पर पदोन्नति की है। साल के पहले दिन 2009 बैच को बड़ा तौहफा दिया गया है। अलरमेलमंगई डी. को सचिव वाणिज्यिक कर, नीलम नामदेव को सचिव राज्य सूचना आयोग, नरेंद्र दुग्गा को सरगुजा संभाग कमिश्नर, पदुम एल्मा को आयुक्त आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास के साथ संचालक आदिम जाति अनुसंधान और एमडी अत्यांव्यवसायी, अभिजीत सिंह को सचिव लोक सेवा आयोग, प्रतिष्ठा ममगई को कलेक्टर नारायणपुर और प्रतीक जैन को सीईओ जिला पंचायत बस्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने नए साल के पहले दिन 2009 बैच के आईएएस अधिकारियों को सचिव पद पर पदोन्नति की है। जिसमें किरण कौशल, सौरभ कुमार, अवनीश शरण के साथ साथ सुनील जैन, विपिन मांझी, के डी कुंजाम, डोमन सिंह और प्रियंका शुक्ला के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य सरकार ने कई आईपीएस अफसरों को भी नई जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं कुछ आईएफएस अफसरों को भी पदोन्नति का तोहफा दिया गया है।

## भाजपा कार्यालय में संगठन मंत्री पवन साय से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई

# सरकार से नहीं जमी बात, रोते-बिलखते सहायक शिक्षकों ने संगठन से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नौकरी से निकाले जाने का विरोध करते हुए बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की बात सरकार से नहीं जमी, रोते बिलखते वह भाजपा संगठन का दरवाजा खटखटाने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे। उन्होंने रोते हुए नौकरी से बाहर नहीं करने और समायोजन की मांग की। कोर्ट के आदेश के बाद बीएड प्रशिक्षित 2855 सहायक शिक्षकों के बर्खास्तगी के आदेश अलग-अलग जिलों से जारी होना शुरू हो गए हैं। दरअसल, बर्खास्तगी के आदेश जारी होने के बाद बड़ी संख्या में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक राजधानी के भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे। प्रदेश के कई जिलों से पहुंचे सहायक शिक्षकों ने रोते हुए नौकरी बचाने और समायोजन की मांग की। भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने अभ्यर्थियों से चर्चा कर उनकी समस्या का निराकरण का आश्वासन दिया। पर अभ्यर्थी बिना निराकरण के धरने से नहीं उठने की मांग पर अड़े रहे। बीजेपी कार्यालय में भी किसी तरह का आश्वासन नहीं मिलने के बाद शिक्षक अभनपुर पहुंचकर सड़क पर जा बैठे। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लगा रहा। दरअसल व्यापम द्वारा परीक्षा के माध्यम से सहायक शिक्षक के 2855 पदों पर बीएड डिग्री धारी युवाओं को नौकरी दी गई थी। इसके खिलाफ डीएड डिग्री धारी अभ्यर्थियों ने मोर्चा खोलते हुए जल सत्याग्रह से लेकर रैली और धरना प्रदर्शन करते हुए नौकरी की मांग की। पर सुनवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायरा की। याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अप्रैल 2024 को आदेश जारी करते हुए बीएड प्रशिक्षित 2855 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को अवैध ठहराते हुए इनकी सेवा समाप्त कर इनकी जगह बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नौकरी देने के आदेश जारी किया। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। पर सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के निर्णय को सही ठहराया। पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी लंबे समय तक डीएलएड अभ्यर्थियों को नौकरी नहीं दी गई। इसके बाद उन्होंने अवमानना याचिका लगाई थी। जिसकी सुनवाई में हाईकोर्ट ने 15 दिनों में नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। आदेश के बाद राज्य सरकार ने 30 दिसंबर को 2855 बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की सेवा समाप्ति और डीएड पास अभ्यर्थियों को नौकरी देने का आदेश जारी कर दिया। जिसके परिपालन में कल विभिन्न जिलों में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसको लेकर सहायक शिक्षक रोड़ पर उतर कर बर्खास्तगी का विरोध कर रहे हैं।

### बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की बर्खास्तगी सरकार का असंवेदनशील कदम : शुक्ला



सरकार द्वारा बीएड डीग्रीधारी 2897 शिक्षकों की बर्खास्तगी पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा सरकार का यह अविवेकपूर्ण और तानाशाही रवैया है इन शिक्षकों की बर्खास्तगी साय सरकार का असंवेदनशील और अमानवीय कदम है। सरकार चाहती तो इन शिक्षकों की नौकरियां बचाई जा सकती है। हम भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि इन शिक्षकों की फिर से बहाली किया जाए। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में जब से बनी है तब से युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनकी लगी नौकरी छीनने का काम कर रही है। शिक्षक बड़ी उम्मीद से भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय गए थे लेकिन वहां उनके साथ बदतमीजी की गई रोते हुए शिक्षकों को मारा गया, पिटा गया। इन 2897 प्रभावित शिक्षकों में से लगभग 70 प्रतिशत शिक्षक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। मुख्यमंत्री स्वयं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भी गरीब आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा नहीं कर सक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है तब से प्रदेश के युवाओं के हक और अधिकारों में डाका डाला जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि सरकार यदि चाहे तो इन शिक्षकों की नौकरी बचाने के लिए उन विकल्पों पर भी अमल करके पीड़ित प्रतिभागियों के साथ न्याय किया जा सकता है।

# नौसेना के बेड़े में 15 जनवरी को शामिल होंगे नीलगिरि, सूरत और वाग्शीर युद्धपोत

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश के इतिहास में 15 जनवरी एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है और इस दिन अग्रिम पंक्ति के तीन युद्धपोत नीलगिरि, सूरत और वाग्शीर नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि इससे नौसेना की लड़ाकू क्षमता बढ़ेगी साथ ही स्वदेशी पोत निर्माण में देश की स्थिति मजबूत होगी। तीनों प्लेटफॉर्म को पूरी तरह से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई में डिजाइन और निर्मित किया गया है, जो रक्षा उत्पादन के महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। इन उन्नत युद्धपोतों और पनडुब्बियों का सफल कमीशन युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में की गई तीव्र प्रगति को दर्शाता है, जो रक्षा निर्माण में वैश्विक गुरू के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। नीलगिरि प्रोजेक्ट 17 ए का प्रमुख युद्धपोत, शिवालिक-क्लास फ्रिगेट्स की तुलना में एक बड़ी उन्नति है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से महत्वपूर्ण स्टेल्थ फीचर्स और रडार सिग्नेचर शामिल हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 बी विध्वंसक, कोलकाता-क्लास (प्रोजेक्ट 15 ए) विध्वंसकों के अनुवर्ती वर्ग की परिणति है, जिसमें डिजाइन और क्षमताओं में पर्याप्त सुधार हैं। दोनों पोत को नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया था और वे मुख्य रूप से भारत में या अग्रणी वैश्विक निर्माताओं के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से विकसित उन्नत सेंसर और हथियार पैकेज से लैस हैं।

# किसानों को डीएपी की बोरी मिलेगी 1350 रुपए में

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com






केंद्र सरकार ने 50 किलोग्राम की डीएपी उर्वरक प्रति बोरी का मूल्य 1350 रुपए निर्धारित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों की आवश्यकता के अनुसार संशोधन करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फसल बीमा योजना के मौजूदा क्षेत्र का विस्तार करने और डीएपी की बोरी मूल्य 1350 रुपए निर्धारित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी पर सब्सिडी जारी रखने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी गयी है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उतार चढ़ाव और आपूर्ति में बाधा के बावजूद किसानों को डीएपी की 50 किलोग्राम की बोरी 1350 रुपए में ही मिलेगी। इसकी अतिरिक्त कीमत सरकार वहन करेगी। सरकार ने किसानों को सब्सिडी वाले, सस्ती और उचित कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को जारी रखने को मंजूरी दी है। इस निर्णय से वर्ष 2025-26 तक देश भर के किसानों के लिए प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के क्रियान्वयन में प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावा गणना और निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष बनाने को मंजूरी दी है। वैष्णव ने बताया कि नौ प्रमुख राज्य आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हैं और अन्य राज्यों को भी तेजी से शामिल किया जा रहा है।

### तिहरे हत्याकांड में एक व्यक्ति को सुनाई मौत की सजा

**मंगलुरु।** कर्नाटक में मंगलुरु की एक अदालत ने 43 वर्षीय हितेश शेट्टीगर नामक व्यक्ति को अपने तीन बच्चों और पत्नी की हत्या के प्रयास के जुर्म में मौत की सजा सुनाई है। यहां के तीसरे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस संध्या ने मंगलवार को अपराध को 'भयानक और अमानवीय' बताते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने व्यक्ति को मृत्युदंड देने का फैसला सुनाया। इसके अलावा, शेट्टीगर को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा के तहत अपनी पत्नी की हत्या के प्रयास के लिए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। फिलहाल, मृत्युदंड को लागू करने से पहले कर्नाटक उच्च न्यायालय से पुष्टि की आवश्यकता होगी। अदालत ने जेल अधिकारियों को आगे के निर्देशों की प्रतीक्षा करने का निर्देश दिया। इसने कानूनी सेवा प्राधिकरण को दोषी की पत्नी और अपराध की एकमात्र जीवित बची लक्ष्मी को उचित मुआवजा देने का भी आदेश दिया। गौरतलब है कि यह घटना 23 जून, 2022 को, पद्मानुर शेट्टीकाड को तातालीपडी गांव में हुई थी। पुलिस जांच के अनुसार, शेट्टीगर ने 14, 11 और चार साल उम्र के अपने तीन बच्चों को घर के पास एक कुएं में धकेल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

## लोगों का ध्यान भटकाने के लिए आरक्षण का मुद्दा उठा रही अब्दुल्ला सरकार : भाजपा

एजेंसी ✓ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ उमर अब्दुल्ला सरकार यहां अपनी विफलताओं को छिपाने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए आरक्षण का मुद्दा उठा रही है। भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने बुधवार को श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा अब्दुल्ला सरकार घोषणापत्र में किए गए अपने वादों को पूरा करने में हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण का मुद्दा उठाकर अब्दुल्ला सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने और लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। ठाकुर ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता संभाले हुए अब्दुल्ला सरकार को लगभग तीन महीने हो चुके हैं, लेकिन वे अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है, जिसमें 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 12 गैस सिलेंडर, 10 किलो चावल, एक लाख नौकरियां और जम्मू-कश्मीर में दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करना शामिल है।

## पर्यटन विकास बोर्ड व आईटीबीपी के बीच एमओयू

एजेंसी ✓ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की उपस्थिति में बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड एवं मुख्यालय उत्तरी सीमांत, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार के मध्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। रतूड़ी ने बताया कि भारत सरकार के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत, सीमावर्ती क्षेत्र के गाँवो के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है तथा ग्रामीणों की आजीविका के लिए संसाधन उपलब्ध कराना भी मुख्य उद्धेश्य है। उन्होंने बताया कि राज्य पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा सीमांत क्षेत्र में पर्यटन को बढावा देने को सीमांत क्षेत्र में हैली सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य के सीमांत क्षेत्र में प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल, जैसे आदि कैलाश, ओम पर्वत, तिम्मरसैंण महादेव इत्यादि स्थित हैं।

## तमिलनाडु में हर्षोल्लास के साथ नए साल 2025 का हुआ आगमन

एजेंसी ✓ चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में आध्यात्मिक उत्साह, पारंपरिक उल्लास और भारी उत्साह के साथ इस महानगर के लोगों ने नए साल 2025 की शुरुआत की।

रात में जैसे ही घड़ी ने 12 बजाए, 'हैप्पी न्यू ईयर' के नारे हवा में गूंजने लगे, डेसिबल का स्तर चरम पर पहुंच गया। दुनिया के दूसरे सबसे लंबे मरीना समुद्र तट पर एकत्र हुए महिलाओं और बच्चों सहित लाखों लोग 2025 की शुरुआत पर झूम उठे।

रिपोर्टों के अनुसार लगभग दस लाख लोग पूरे राज्य में समुद्र तट पर एकत्र हुए हैं, जिसमें विशाल मरीना भी शामिल है, जहां लोगों ने उत्साहपूर्ण समारोहों के बीच केक काटा, लोकप्रिय फिल्मी गीतों की धुन पर नृत्य किया और ढोल की थाप पर नृत्य किया। पुलिस द्वारा प्रतिबंध लगाने के आदेश के बावजूद, लोगों ने 2025 के स्वागत में पटाखे भी फोड़े जिससे रात में आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा।

## महाकुंभ मेले में पेशवाई और शाही स्नान के नाम में मतभेद समाप्त

एजेंसी ✓ प्रयागराज
www.dailypioneer.com

सनातन के सबसे बड़े पर्व महाकुंभ में लंबे समय से चले आ रहे पेशवाई और शाही स्नान को मुगलों का प्रतीक मानते हुए साधु-संतों के विरोध को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम शाही स्नान को अमृत स्नान और पेशवाई को नगर प्रवेश घोषित कर अखाड़ों के मतभेद को समाप्त कर दिया है। साधु-संतो में अमृत स्नान और पेशवाई को नगर प्रवेश से मुख्यमंत्री की घोषणा से खुशी का ठिकाना नहीं रहा। साधु संतों का कहना है कि योगी ने मुगल काल से चले आ रहे उनके प्रतीक को समाप्त कर सनातन के परचम का सम्मान बढ़ाया है। महाकुंभ में संतों और श्रद्धालुओं के त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के दौरान सभी छह स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कर संतो और श्रद्धालुओं का सम्मान करार दिया। संतों का कहना है कि इससे पहले यह सम्मान साधु-संत और श्रद्धालुओं को नहीं मिलता था। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी और महामंत्री महंत हरि गिरि (जूना अखाड़ा) ने शाही स्नान की जगह राजसी स्नान और पेशवाई की जगह छावनी प्रवेश करने का प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों 13 अखाडों के प्रतिनिधियों के साथ परेड में हुई बैठक में सुझाव मांगे थे। परिषद ने इन नामों को शासन के पास भेजा था। इसके बाद से शाही स्नान की जगह राजसी स्नान और पेशवाई की जगह छावनी प्रवेश लिखा जाने लगा था। अखाड़ा परिषद के दूसरे धडे पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव महंत यमुना पुरी की ओर से महाकुंभ के आमंत्रण पर शाही स्नान की जगह कुंभ मेला अमृत स्नान और पेशवाई की जगह कुंभ मेला छावनी प्रवेश यात्रा लिख कर आमंत्रण भेजाना शुरू कर दिया है। इस आमंत्रण पत्र में 02 जनवरी 2025 को कुंभ मेला छावनी प्रवेश शोभायात्रा (पेशवाई) और प्रथम कुंभ अमृत स्नान 14 जनवरी, द्वितीय कुंभ अमृत स्नान 29 जनवरी और तृतीय कुंभ अमृत स्नान 03 फरवरी लिखा हुआ है। महंत यमुना पुरी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान अखाड़ों की पेशवाई और शाही स्नान सदियों से इस्तेमाल होते आए हैं पेशवाई और शाही स्नान जैसे शब्द गुलामी के प्रतीत होते रहे हैं। इन नामों को मुगल काल में रखा गया होगा। महाकुंभ 2025 में गुलामी के प्रतीक वाले इन नामों को बदलने की चर्चा चल रही थी। जिसको देखते हुए हिंदी भाषा का नामकरण किया गया है। अखाड़े के आमंत्रण पत्र समेत अन्य दस्तावेजों में भी पेशवाई की जगह कुंभ मेला छावनी प्रवेश शोभायात्रा और शाही स्नान की जगह पर कुंभ अमृत स्नान नाम कर दिया गया है। इसी कार्ड के जरिये अखाड़े के संत, महंत, महामंडलेश्वर और अन्य लोगों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को महाकुंभ मेले की तैयारियों की जांच करने दिसंबर में ही मंगलवार को पांचवी बार पहुंचे थे। उन्होने एक सप्ताह के भीतर अधूरे कार्यो को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। यहीं पर मीडिया से बातचीत के दौरान शाही स्नान को 'अमृत स्नान' और पेशवाई को नगर प्रवेश घोषित कर मुगलों के प्रतीक और अखाड़ों के भी मतभेद को समाप्त कर दिया।

### नए साल पर अपने सामर्थ्य से विकसित मध्यप्रदेश का ध्येय प्राप्त करने का लें संकल्प: यादव



**भोपाल।** आंग्ल नववर्ष की सभी को मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि इस नए साल हम सभी अपने सामर्थ्य से प्रदेश को विकसित बनाने के ध्येय का संकल्प लें। डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, 'सभी को आंग्ल नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। बाबा महाकाल से यही प्रार्थना है कि यह वर्ष सभी प्रदेश एवं देशवासियों के जीवन में अनंत खुशियां, सुख-समृद्धि और आरोग्य लेकर आये एवं सभी का जीवन मंगलमय हो। आइये, इस नव वर्ष पर हम सभी अपने सामर्थ्य से विकसित मध्यप्रदेश के ध्येय को प्राप्त करने का संकल्प लें।'

## लखनऊ में युवक ने की परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

एजेंसी ✓ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ के नाका क्षेत्र में बुधवार को कथित रुप से गृहक्लेश के चलते एक युवक ने अपने परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगरा के कुबेर पुर क्षेत्र निवासी अरशद (24) परिवार के साथ लखनऊ आया था और सभी लोग चारबाग स्टेशन के नजदीक होटल शरणजीत में ठहरे थे। बताया जाता है कि रात के खाने में अरशद ने नशीला पदार्था मिला दियाा और बेहोशी की हालतर में पहले एक एक कर परिवार के सदस्यों का गला घोंटा और बाद में हाथ की नस काट दी जिसे सभी की मृत्यु हो गयी। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी अरशद ने अपनी चार बहनों और माता की हत्या करने की घटना को कबूल करते हुए बताया कि मोहल्ले वाले परिवार को परेशान कर रहे थे। इसको डर था कि अगर इसे कुछ हो गया तो इनकी माँ और बहन का क्या होगा, इसलिए इसने उनको मार देने का फ़ैसला किया। अरशद परिवार को पहले अजमेर लेकर गया फ़िर लखनऊ लाकर सभी को होटल में रुकवाया, रात्रि में शराब पिलाई और कुछ के मुँह में कपड़ा डालकर दुपट्टे से गला दबा दिया और कुछ की कलाई ब्लेड से काट दी। इस काम में पिता बदर ने मदद की। इसके बाद पिता को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया और स्वयं थाने पहुँचकर घटना की सूचना दी। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल ब्लेड व दुपट्टा बरामद कर लिया गया है। आरोपी से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रत्येक तथ्य के संबंध में साक्ष्य संकलन कर सत्यापित किया जा रहा है। मरने वालों ने आरोपी की मां अस्मा के अलावा बहने आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) शामिल हैं। सभी आगरा में कुबेरपुर के तेहड़ी बगिया इस्लामनगर के निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर जरुरी कार्रवाई शुरु कर दी है। फील्ड यूनिट को भी बुलाकर साक्ष्यों का संग्रह किया जा रहा है। इस मामले में विस्तृत जांच व अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आयुष्मान भारत योजना में हितग्राहियों के लिए मानक प्रक्रिया एवं आवश्यक निर्देश

**भोपाल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ. योगेश भरसट ने आयुष्मान भारत योजना में हितग्राहियों को निशुल्क उपचार प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं और निर्देशों के संबंध में कहा है कि इन प्रक्रियाओं और निर्देशों का पालन करके हितग्राही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपचार का लाभ सहजता से प्राप्त कर सकते हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार हितग्राही अस्पताल पहुँचने के बाद सबसे पहले आयुष्मान योजना के लिए पंजीकृत कियोस्क का पता करें और अपने दस्तावेज़, जैसे आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी, पात्रता पर्ची, संबल कार्ड को आयुष्मान मित्र को दिखाएं।

## विजय चौधरी का बयान सरकार के अड़ियल रवैए को जाहिर करता है : कुणाल

एजेंसी ✓ पटना
www.dailypioneer.com

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) के राज्य सचिव कुणाल ने बिहार के जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी के उस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जिसमें उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) पीटी परीक्षा को सभी केंद्रों पर पुनः आयोजित करने की मांग खारिज कर दी है। कुणाल ने बुधवार को कहा कि चौधरी का यह बयान बीपीएससी के अड़ियल रुख का समर्थन करता है और यह स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बीपीएससी परीक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आंदोलनरत अभ्यर्थियों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने सरकार पर बर्बरता की सारी हदें पार कर देने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए. उनका रवैया सरकार के घोर अहंकार को दर्शाता है। भाकपा माले के राज्य सचिव ने कहा कि कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रास्ते पर चलते हुए न्यायपूर्ण मांगों को कुचलने के लिए क्रूर दमन का सहारा लिया है। कुमार शायद यह भूल रहे हैं कि वे खुद 1974 के छात्र आंदोलन की उपज हैं। बिहार की जनता ने हमेशा तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और इस बार भी ऐसा ही होगा। उन्होंने राजभवन मार्च के दौरान वाम दलों और कांग्रेस के सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों के साथ पुलिस के अपमानजनक रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने का प्रयास सरकार की तानाशाही सोच को दर्शाता है।

### खरसावां शहीद स्मारक आदिवासी समुदाय के हक-अधिकार के प्रति संघर्ष और शहादत का प्रतीक है : हेमन्त सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज नए वर्ष का पहला दिन है और नव वर्ष के पहले दिन आज खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के सम्मान में खरसावां स्थित शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति एक बार फिर आज यहां हम सभी एकत्र हुए हैं और आगे भी एकत्रित होते रहेंगे। यह दिन खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के प्रति सम्मान और आदर के साथ उनके दिखाए पथ पर आगे बढ़ने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड की 77वीं बरसी पर सरायकेला -खरसावां जिला के खरसावां स्थित शहीद पार्क में शहीद स्मारक (शहीद बेदी) और वीर शहीद केरसे मुंडा चौक के शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर अमर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरसावां का शहीद स्मारक आदिवासी समुदाय के हक- अधिकार को लेकर किए गए संघर्ष और शहादत का प्रतीक है।

## जयपुर में जुटेंगे देश-प्रदेश के खनिज अन्वेषण विशेषज्ञ : रविकान्त

एजेंसी ✓ एजेंसी
www.dailypioneer.com

राजस्थान में राज्य में खनिज संपदा की वैज्ञानिक तरीके से खोज करने की संभावनाओं पर मंथन करने के लिये जनवरी के तीसरे सप्ताह में देश एवं राज्य के सरकारी-गैरसरकारी संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रतिनिधि जयपुर में जुटेंगे। राजस्थान के खनन, भू गर्भ और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बुधवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि राज्य की विपुल खनिज संपदा के अन्वेषण कार्य को गति देने और इसमें केन्द्र एवं राज्य की संस्थाओं के साथ ही निजी क्षेत्र की अन्वेषण संस्थाओं की भागीदारी की संभावनाओं पर भी मंथन किया जायेगा। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुये मंथन को उपादेय एवं विशेषज्ञों की भागीदारी तय करने के निर्देश दिये। रविकांत ने बताया कि इसमें भारत सरकार के राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की सहभागिता भी रहेगी। रविकान्त ने बताया कि राज्य में 82 प्रकार के खनिज उपलब्ध हैं, उनमें से अभी 57 खनिजों का ही खनन हो रहा है। केन्द्र सरकार के नये प्रावधानों के अनुसार महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज की नीलामी का कार्य पहली बार केन्द्र सरकार ने अपने हाथ में लिया है। इसके लिये केन्द्र सरकार ने निजी क्षेत्र में खनिज का कार्य कर रही संस्थाओं की भी भागीदारी तय करने का निर्णय किया है। इसी कड़ी में खनिज लाइसेंस (ईएल) के लिये भी खनिज खंडों की नीलामी की जाने लगी है। उन्होंने बताया कि जयपुर में आयोजित एक दिवसीय मंथन में केन्द्र सरकार के खनिज मंत्रालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, खनिज अन्वेषण निगम लिमिटेड (एमईसीएल), भारतीय खान ब्यूरो, एटोमिक खनिज विभाग के साथ ही निजी क्षेत्र की खनिज अन्वेषण संस्थायें और विभाग के अधिकारियों की भागीदारी तय की जायेगी।

## तेजस्वी यादव ने नववर्ष पर बिहारवासियों के नाम लिखा पत्र

एजेंसी ✓ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखा है। यादव ने अपने पत्र में लिखा, मेरे प्रिय बिहारवासियों, सभी को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। आज हम सभी नववर्ष 2025 में प्रवेश कर रहे है। मेरा आपसे वादा है कि भविष्य में जब-जब भी बिहार की विकासगाथा का इतिहास पढ़ा जाएगा। साल 2025 का नाम एक ऐसे वर्ष के रूप में अवश्य याद किया जाएगा जिसने बदलाव एवं नए बिहार के नव निर्माण की नींव रखी। ये बिहार के सुनहरे सपनों को सच करने वाला साल है। बिहार का हर वर्ग, हर धर्म, हर जाति, हर युवा, महिला, बुजुर्ग, मज़दूर, किसान, व्यापारी, कर्मचारी नव-वर्ष के साथ ये शपथ ले चुके है कि बीस साल से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली, अनियंत्रित भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अराजकता, राजकीय सुस्ती व व्यवस्था में लगे जंग को अब मिटाना है और बिहार को तरक़्क़ी के एक नए रास्ते पर ले जाना है। राजद नेता ने लिखाा कि इस थकी-हारी रूढ़िवादी नीतीश सरकार के पास अपना कोई नया विज़न, विकास का ब्लूप्रिंट अथवा रोड मैप नहीं है। ये सरकार सब हमारे इनोवेटिव आइडियाज़ फॉर डेवलपमेंट, कल्याणकारी योजनाओं और कैंपेन को चुरा उसकी कॉपी करती है। यह दर्शाता है कि रचनात्मक एवं वैचारिक रूप से यह सरकार कितनी दिवालिया हो चुकी है। साल 2025 केवल उम्मीदों का साल नहीं होगा बल्कि हर बिहारवासी की दिक़्क़तों को ख़त्म कर सबको साथ लेकर विकासपथ पर आगे बढ़ने का नूतन वर्ष होगा।बिहार में परिवर्तन की जो लहर उठी है वो अब थमने का नाम नही ले रही है। मैं तेजस्वी यादव, आपका बेटा, आपका भाई, आपका दोस्त, आपको ये विश्वास दिलाता हूँ कि बिहार को उस मुक़ाम पर ले जाकर खड़ा किया जाएगा जहां से तरक़्क़ी का सूरज और उन्नति का आसमान क़रीब नज़र आएगा। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि 2025 में आपका बेटा-भाई-सखा तेजस्वी ये प्रण लेकर आ रहा है कि जनता की सरकार आने पर इसी वर्ष बिहार देखेगा कि घर-घर से स्मार्ट चीटर यानी स्मार्ट मीटर हट चुके हैं, हर घर में 200 यूनिट फ़्री बिजली के रूप में उजाले की पहली दस्तक दे रही होगी। बेरोजगारी का अंधेरा छंटेगा, रोज़गार की भोर होगी, नौकरी का सूरज हर घर से उगेगा। कृषि आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, इंडस्ट्रियल क्लस्टर एवं नए उद्योग-धंधे स्थापित कर पलायन को रोका जाएगा।

यादव ने लिखा कि 'माई-बहिन मान योजना' के रूप में हर महीने 2500 रुपए माताओं-बहनों को उनके खाते में उनका बेटा उनका भाई तेजस्वी सीधा पहुंचाएगा। दिव्यांगों, विधवा माता-बहनों और बुजुर्गों को पेंशन के रूप में मिलने वाले 400 की जगह 1500 रुपए दिए जाएँगे। थाना-ब्लॉक तथा सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाया जाएगा। आरक्षण के ज़रिए हर इंसान को बराबरी का हक़ सम्मान और स्वाभिमान के साथ दिया जाएगा तथा आर्थिक न्याय के जरिए समाज के हर वर्ग के जरूरतमंद की मदद की जाएगी। नेता प्रपिपक्ष ने लिखा कि महागठबंधन की सरकार बनते ही हर परीक्षा बिना पेपर लीक होगी, सरकार से जुड़े हर कर्मचारी को उसका वाज़िब हक़ दिलाया जाएगा। स्वास्थ्य और जन सुविधाओं में गुणात्मक परिवर्तन लाया जाएगा। हम बिहार को कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास में नम्बर वन बनाने का लक्ष्य ले कर चल रहे हैं।

## 16 जनवरी को लोकपाल दिवस समारोह मनाया जाएगा

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत के लोकपाल ने 14.03.2024 को आयोजित अपनी बैठक में राय व्यक्त की थी कि धारा 1(4) के अंतर्गत 16.01.2014 को जारी अधिसूचना द्वारा भारत के लोकपाल नामक निकाय की स्थापना के फलस्वरूप प्रत्येक वर्ष 16 जनवरी को 'लोकपाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। उपरोक्त संकल्प के मद्देनजर, लोकपाल दिवस का पहला ऐसा स्मरणोत्सव 16 जनवरी, 2025 को भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में, जोरावर ऑडिटोरियम, मानेकशॉ सेंटर, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली- 110010 में आयोजित किया जाएगा। वे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हैं। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर को 10.03.2024 को भारत के लोकपाल के दूसरे अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई गई है। मार्च 2024 से वर्तमान में निकाय में एक अध्यक्ष और छह सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम सायं 6 बजे भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के आगमन के साथ प्रारंभ होगा, जिनमें भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष और सदस्य सचिव, राज्यों के लोकायुक्त और उप-लोकायुक्त, भारत सरकार के सचिव, जांच एजेंसियों के प्रमुख, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विधि अधिकारी और सीवीओ शामिल होंगे। समारोह के दौरान भारत के माननीय अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी, माननीय न्यायमूर्ति एन. संतोष हेगड़े पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट और पद्म भूषण अन्ना हजारे को सम्मानित किया जाएगा। भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश लोकपाल की भूमिका और कार्यों तथा अन्य विषयों पर सभा को संबोधित करेंगे।

### मनीष सिंघल ने एसोचैम महासचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अधिवक्ता और उद्योगपति मनीष सिंघल ने बुधवार को देश के शीर्ष उद्योग संगठन भारतीय उद्योग एवं व्यापार संगठन (एसोचैम) के महासचिव का पदभार संभाल लिया। सिंघल इससे पहले भारतीय उद्योग एवं व्यापार महासंघ (फिक्की) के उप महासचिव के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने टाटा मोटर्स, आयशर (वोल्वो), टाटा ऑटो कॉम्प सिस्टम्स, मोजर बेयर इंडिया और बीईएमएल सहित कई भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ भी काम किया है। सिंघल ने दीपक सूद का स्थान लिया है।

# नए साल पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से हो रही जीवन की नई शुरुआत

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गई, जहां लोग भगवान के आशीर्वाद से नए साल की शुरुआत कर रहे हैं। नए साल की शुरुआत के साथ ही हर व्यक्ति जीवन में कुछ बदलाव करने की कोशिश करता है। पुरानी बातें, पुराने ग़म और दुखों को पीछे छोड़कर हर किसी का उद्देश्य अब नए साल में नई उम्मीदों और नयी सोच के साथ आगे बढ़ने का होता है। ऐसे में आज के दिन लोगों ने अपने जीवन की शुरुआत मंदिरों में दर्शन करके की है। यह माना जाता हैं कि, साल के पहले दिन भगवान के दर्शन करने से पूरे वर्ष में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। भक्तगण सुबह-सुबह मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन कर रहे हैं और उनके आशीर्वाद से अपने साल की शुरुआत कर रहे हैं। मंदिर में श्रद्धालु दूर-दूर से आकर दर्शन कर रहे हैं। यहां की शांतिपूर्ण और दिव्य माहौल ने हर भक्त के मन को एक नयी ऊर्जा और शक्ति दी है। श्रद्धालु नए साल के पहले दिन भगवान भोलेनाथ से अपने परिवार की खुशियों और सुख-शांति की प्रार्थना कर रहे हैं। खुशियां लाने के लिए भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

## पंचायतों में शिविर लगाकर किया जा रहा पंजीयन

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंचायतों में ग्रामवार रबी कृषक शिविर का आयोजन किया जा रहा है और मौके पर ही पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छिन्दगढ़ विकासखंड के ग्राम नेतानार, पुसपाल और कोन्टा विकासखंड के मुरलीगुड़ा, सुकमा विकासखंड के ग्राम गीदम, नागारास, गोंदपल्ली में विशेष रबी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि के 51 किसान क्रेडिट कार्ड के 44 आधार सिडिंग के 06 और मोबाईल लिकिंग के 13 लाभार्थियों का पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों के पात्र कृषकों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी प्रकार पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड का निर्माण किया जा रहा है।

# शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें : कलेक्टर दुदावत



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के छात्रावासों और आश्रमों में 'स्वस्थ परिसर-स्वस्थ जीवन' अभियान जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक में इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि, अभियान के अंतर्गत सभी छात्रावासों को मलेरिया मुक्त बनाने सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे, नियमित सफाई, टीकाकरण, सिकलसेल जांच और एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके अलावा योग व व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि, शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने कहा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित कोई मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम और अपार आईडी बनाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शिक्षा विभाग को इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन कार्य के प्रगति की जानकारी ली। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा भी की। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पीड़िता ने 26 दिसंबर को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, वर्ष 2023 मई जून में ग्राम नौकाबेड़ा के रहने वाला गणेश नेताम द्वारा पीड़िता को प्यार करता हूँ शादी करूंगा कहकर आरोपी द्वारा अपने खेत में बने लाड़ी ले गया और पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया उसके बाद बदनाम करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करते आ रहा था। जब पीड़िता शादी के लिए बोली तब आरोपी द्वारा पीड़िता के मोबाईल नम्बर को ब्लेक लिस्ट में डाल कर घर से भाग गया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 376 (2) (ड) कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विवेचना के दौरान आरोपी गणेश नेताम के विरूध्द गिरफ्तारी करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से 31 दिसंबर को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# दिल्ली में रहकर भी बस्तर की चिंता करते हैं प्रधानमंत्री मोदी : महेश कश्यप

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। ग्राम पंचायत गारावंड सांसद महेश कश्यप ने सांसद निधि से स्वीकृत 7.50 लाख की लागत वाली नेगीगुड़ा सेठिया पारा से खेत तक 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का भूमिपूजन सांसद कश्यप ने किया। इस दौरान सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के साथ ही संपूर्ण प्रदेश के विकास को नई रफ़्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन की सरकार जनता को हर प्रकार की सुविधा पहुंचाने का काम लगातार कर रही है। सुदूर क्षेत्रों में सरकार के माध्यम से सड़क, पुल, पुलिया बनवाने, पानी, बिजली पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कश्यप ने कहा कि दिल्ली में बैठकर भी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बस्तर की जनता की चिंता लगी रहती है। इसलिए वह हम जैसे उनके सेनापतियों को आपके बीच भेजकर आपकी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों को सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना मेरा परम कर्तव्य है और यह कर्तव्य मैं पूरी ईमानदारी से निभाउंगा।

**हनुमान चालीसा पाठ में हुए शामिल –** माड़पाल में विश्व हिंदू परिषद की द्वारा 12 घंटे से चल रहे हनुमान चालीसा पाठ के समापन अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने शामिल हो कर पूजा अर्चना की। इस दौरान कश्यप ने हनुमान चालीसा का महत्व भी बताया।

## नगर पंचायत के सफाई कर्मियों का किया गया सम्मानित



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर नगर के समाज सेवक व्यवसाई प्रदीप जैन ने सफाई कर्मियों को सम्मानित कर एक अनूठी मिसाल पेश की है। नगर में सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई करने वाले व गलियों को स्वच्छ रखने वाले व अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्वाहन करने वाले सफाई कर्मियों को। श्री जैन ने एक कार्यक्रम आयोजित कर सफाई कर्मचारियों और दीदीयों को साल भेंट कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर पहली बार मिले इस तरह के सम्मान से सफाई कर्मचारी खुश हुए। इस मौके नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर,पार्षद पंकज वाधवानी,बीरेंद्र सिंह ठाकुर,छत्र प्रताप दुग्गा, व्यपारी संघ अध्यक्ष अनन्त गोपाल कोठारी, मोहन हरद्वानी,आकाश सोलंकी, चंद्र मौली मिश्र,सचिन दुबे,राकेश रमानी,नवीन जैन,रीतेश संचेती समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 05 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम पुसपाल निवासी राजमन कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता घिनु राम कश्यप को और ग्राम हाथीदरहा निवासी टेन्डुराम की मृत्यु बिजली गिरने से पत्नि ताराबती को, तहसील दरभा ग्राम कामानार निवासी मनीराम की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि रामानी को, तहसील तोकापाल ग्राम सिरिसगुड़ा निवासी पार्वती की मृत्यु पानी में डूबने से पति मंगलराम को और तहसील बस्तर ग्राम महुपाल निवासी देवराज कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता भकलू कश्यप प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# नियद नेल्लानार योजना से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर कलेक्टर हरिस एस ने दिया जोर

पायनियर संवादादाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com


कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि सातों विकासखंडों के चिन्हांकित गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत किए जा रहे सर्वे कार्य में सभी अधिकारी प्राथमिकता से योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की पहल करें। सभी विभाग के अधिकारी अपने अधीनस्थ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को डोर टू डोर सर्वे कार्य में शामिल होकर कार्य सम्पादित करने हेतु सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने उक्त निर्देश जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के तहत शामिल नए योजनाओं का सर्वे कार्य की डाटा एन्ट्री करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आत्म समर्पित नक्सल या नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों व परिवारों को योजनाओं का लाभ देने के संबंध में कृषि, एनआरएलएम, वन अधिकार, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, आवास योजना, कौशल विकास, स्वच्छ भारत मिशन के तहत योजनाओं का लाभ देने में प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्लिंथ लेवल पर पहुंचे निर्माण कार्य को लिंटल- रूफ कास्ट तक जल्द पूर्ण करवाएं। हितग्राही के द्वारा भवन निर्माण के लिए दी गई राशि का उपयोग भवन निर्माण में नहीं करने पर उसका आरआरसी प्रकरण दर्ज करवाने के निर्देश दिए। प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत आवासों की भौतिक प्रगति हेतु समस्याओं का त्वरित निराकरण कर योजना को प्रगति देने कहा। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो में प्रोगेस करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेग्रीगेशन शेड को जल्द से जल्द पूर्ण करवाएं, ताकि ओडीएफ मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा सके।

### पीडीएस दुकानों पर फोकस

बैठक में कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए दुकानों में गुड़, चना, शक्क र की राशि जमा करवाकर भंडारण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। धान खरीदी कार्य की समीक्षा के दौरान पीडीएस बारदाना की उपलब्धता, नॉन और खाद्य निगम में जमा योग्य चावल, धान उठाव की स्थिति, मिलरवार धान उठाव जमा चावल एवं जमा हेतु शेष चावल का भी संज्ञान लिए। उन्होंने प्रतिदिन 3 हजार मिट्रिक टन का उठाव करवाने तथा अनलोडिंग के लिए हमालों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग से संबद्ध विभाग आपसी समन्वय से धान खरीदी कार्य को संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से उनके क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्रों की बफर लिमिट की जानकारी भी ली।

# भूमि रामतलीकरण से हेमला नंदा के जीवन में आई ख़ुशहाली

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में हितग्राहीमूलक कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयसीमा में पूर्ण किया जा रहा है। इसका सकारात्मक असर गांव और ग्रामीणों में आसानी से देखा जा रहा है। कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत सामसट्टी के ग्रामीण हेमला नंदा पिता जोगा के पास लगभग 01 एकड़ भूमि मरान पड़ी हुई थी। जमीन होने के बावजूद भी जमीन फसल के लायक नहीं थी जिसके लिए हितग्राही द्वारा ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण के लिए विधिवत आवेदन किया गया। कार्य स्वीकृत होने पश्चात् ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक द्वारा विशेष रूची लेकर भूमि समतलीकरण कार्य को समयावधि में पूर्ण किया गया। पूर्व में हितग्राही हेमला नंदा की भूमि बंजर पड़ी हुई थी जिसका भूमि रामतलीकरण किया गया। उनके द्वारा भूमि समतलीकरण के उपरांत अपने खेत में धान फसल का उत्पादन किया जा रहा है और उत्पादित फसल को धान उपार्जन केंद्र के माध्यम से बेचा जा रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और घर-परिवार में खुशहाली आ रही है। फसल उत्पादन के द्वारा आय के अतिरिक्त स्रोत मिल जाने से परिवार के सभी सदस्य खुश हैं।

## पानी बचाओ मुहिम से जुड़ी महिलाएं जागरूकता की जगा रही अलख

# जल जीवन मिशन से विश्वप्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ के हर घर पहुंचा जल

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com





जल जीवन मिशन से विश्वप्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ के हर घर पहुंचा जलसरकार की एक महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है इस योजना ने न केवल स्वास्थ्य में सुधार किया है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी बड़ा परिवर्तन लाया है। इसी क्रम में जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ में भी जल जीवन मिशन के द्वारा जलापूर्ति होने से लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। इसी गांव में विश्व प्रसिद्ध जलप्रपात है जो मुनगाबहार नदी से बनता है इसकी सुन्दरता मन को मोह लेने वाली है चारों ओर पहाड़ एवं घने जंगल और हरी-भरी वादियां हैं जो पर्यटको को रोमांच से भर देती है। बाहरी लोगों के सम्पर्क में आने के कारण यहां के ग्रामीणों के जीवन में बाहरी बदलाव भी देखने को मिलता है। महिलाएं दुकान चलाती हैं और पुरूष खेती-किसानी करते हैं।

तीरथगढ़ के डेढ़ हजार से अधिक की आबादी पहले जलसंकट से जूझ रही थी, मुनगाबहार नदी में नहाने व कपड़ा धोने रोज जाया करते थे। पीने का पानी भी बोरिंग से लाया करते थे, घरेलू जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली महिलाओं को ज्यादा तकलीफ थी। घर से दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाने के कारण उनके शरीर में थकान सहित स्वभाव चिड़चिड़ापन हो गया था। लेकिन अब सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना इस गांव में आई और उसने पूरे गांव में बदलाव लाना शुरू कर दिया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम तीरथगढ़ में 09 मीटर 10 किलोलीटर के 03 एवं 12 मीटर 10 किलोलीटर के 06 सोलर सिस्टम लगे हैं। जिससे तीरथगढ़ ग्राम पंचायत के सभी पारे-टोले के हर घर में नियमित तौर पर जलापूर्ति किया जा रहा है। साथ ही इस ग्राम पंचायत के 08 स्कूलों, 06 आंगनबाड़ी केंद्रों सहित पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन में भी नल कनेक्शन प्रदान कर जल प्रदाय किया जा रहा है। यहां की सरपंच महेश्वरी कश्यप बताती हैं कि हरेक घर के साथ ही सार्वजनिक भवनों में नल कनेक्शन के जरिए जलापूर्ति से ग्रामीणों को काफी सहूलियत हो रही है और उन्हें अपने खेती-किसानी और अन्य कामकाज के लिए अतिरिक्त समय मिल रहा है। अब गांव की महिलाओं का कहना है कि हमें हैंडपंप से पानी लेकर आना कष्टदायक था, विशेषकर बारिश के मौसम में ज्यादा तकलीफ होती थी। अब जल जीवन मिशन के जल प्रदाय योजना से स्थिति बदल गई है और हम घर से बाहर निकल कर अन्य काम में ज्यादा समय दे रहे हैं। इन महिलाओं ने सरकार के इस भगीरथ पहल के लिए साधुवाद दिया। इस ग्राम पंचायत में जल वाहिनी से जुड़ी ग्रामीण महिला सुषमा ठाकुर गांव में जल का सदुपयोग सहित पानी बचाने की मुहिम में एक अलग भूमिका निभा रही हैं। वह गांव की महिलाओं के साथ बैठकर उन्हें पानी के महत्व के बारे में बताती हैं और नल से पानी भरने के बाद टोटी को बंद करने की समझाइश देते हुए भावी पीढ़ी के लिए जल की बचत को दूरगामी सोच निरुपित करती हैं।

## ग्राम संबलपुर में हुआ आईपीएल के तर्ज पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के यू स्टार क्लब की ओर से जिले के ग्राम संबलपुर मे आईपीएल की तर्ज पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट 7 दिन तक चली जहां ग्राम के सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह खेल 6 टीमो के द्वारा खेला गया जहां हर टीम को 5 लीग खेलना पड़ा जिसमे से 2 टीमों ने फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मैंच में किंग 11 और पॉवर हीटर के मध्य यह फाईनल मैच खेला गया, जिसमे दोनो ही टीमों ने शानदार खेल दिखाया। इस फाईनल मैच में किंग 11 ने जीत हासील किया और वहीं किग 11 के कप्तान मैन ऑफ द सीरिज् और मैन ऑफ द मैच संजय पटेल बेस्ट बेट्समैन चम्पेश बघेल रहे। 7 दिन का यह टूर्नामेंट को देखने को दर्शक काफी मात्रा में उपस्थित रहें। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान ग्राम के भूतपूर्व सरपंच बुधराम नेताम, उपसरपंच राम पोयाम, मेहतु नेताम, प्रीतम कश्यप, गोबर पटेल, न्यू स्टार क्लब के सदस्य गोलू पटेल, सलील कोर्राम, विजय पटेल, नीलाप पटेल, फिरतु मरकाम, शानू बघेल, चुनेस्वर पोयाम, गोलू मरकाम, भूपेंद्र नेताम, जितेन्द्र, कैलाश, नरेन्द्र, संजय पटेल, मुकेश और अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहें।

# दलगत राजनीति से परे, धमतरी के विकास पर ध्यान देने की जरूरत

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

बीति रात नववर्ष के आगमन को लेकर समूचे देश के साथ साथ धमतरी जिले में भी हर वर्ग के लोगों ने जश्न मनाया, फटाखे फोड़े, डीजे बजे, खुशियां मनाई गई और 12 बजने के बाद एक-दूसरे को बधाईयां देने का सिलसिला चलता रहा। ऐसे में कुछ लोगों का कहना था कि 2024 गुजर गया। लेकिन धमतरी जिले में जो समस्याएं विद्यमान हैं, उनमें मेडिकल कॉलेज, बड़ी रेल लाईन की मांग लंबे समय से हो रही है। लेकिन इस पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं नेतागिरी में शुमार लोगों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है और नये साल में यह आशा की गई कि सभी का जीवन सुरक्षित रहे, खुशहाल बने, किंतु नये साल में फिर वही पुराने वर्षों के ढर्रे पर कार्य होगा, जिसके चलते रेत, भूमाफिया, पीडीएस चांवल की हेराफेरी कार्य होते रहेंगे। इन सभी बंदिशों के साथ साथ जिले के विकास के लिये दलगत राजनीति को छोड़कर ऐसे कार्यों का विरोध करना चाहिये जिसकी आज जिले में इसलिये आवश्यकता महसूस की जा रही है कि अब महानदी एवं सहायक नदियों की खुदाई के चलते उनका वजूद समाप्ति के कगार पर पहुंचता जा रहा है। नागरिकों की मांग है कि दलगत राजनीति से परे हटकर धमतरी के विकास पर सभी नेताओं को ध्यान देने की जरूरत है ताकि जिले का विकास हो सके। धमतरी जिले की मांग वर्ष 1932 से जब इसकी आबादी मात्र 13 हजार थी, उस समय से की जा रही थी। लेकिन धमतरी जिले की घोषणा 1998 में हुई। मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने धमतरी तहसील को ही जिले का दर्जा दिया जबकि पूर्व में इस जिले में गरियाबंद, राजिम को भी शामिल किया गया था। उसके बाद भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने छत्तीसगढ़ की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए




## विकास की बाट जोह रहा अब तक

26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ पृथक राज्य घोषित किया। तबसे लेकर अब तक मेडिकल कॉलेज, बड़ी रेल लाईन की मांग होते आ रही है किंतु धमतरी जिलेवासियों को यह सौगात दिलाने में निर्वाचित जनप्रतिनिधि, नेता असफल रहे हैं। हालांकि सरकार द्वारा बड़ी रेल लाईन केंद्री से धमतरी तक चलाये जाने को लेकर कवायद चल रही है। लोगों को मुआवजा भी दिया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के द्वारा केंद्री से अभनपुर तक कार्य पूर्ण कर बड़ी रेल लाईन हेतु पटरियां बिछा दी गई हैं। लेकिन यह पटरी कुरूद, धमतरी तक नहीं पहुंच पाई है जिससे धमतरी का विकास रूका पड़ा है। मेडिकल कॉलेज की मांग भी लंबे समय से जारी है। लेकिन जहां मेडिकल कॉलेज की मांग नहीं की गई, वहां मेडिकल कॉलेज स्थापित कर दिया गया और यहां के वासियों को मेडिकल कॉलेज के नाम पर फिर छला गया। यही नहीं पूर्ववर्ती सरकार ने धमतरी से लगे ग्राम परेवाडीह में एक कॉलेज खोलने की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा भी अब तक कागजों में ही नजर आ रही है। इसी प्रकार पुराना कृषि उपज मंडी जो शहर के हृदय स्थल में स्थित है, यहां शॉपिंग मॉल बनाने की घोषणा की गई थी, वह भी खटाई में पड़ गई। जिले में सार्वजनिक हितार्थ जैसे कार्यों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किया जाना चाहिये। लेकिन लंबे समय से देखा जा रहा है कि ऐसी योजनाओं के नाम पर सिर्फ और सिर्फ नेतागिरी हो रही है जिसके चलते ही मेडिकल कॉलेज, पुरानी मंडी में शॉपिंग मॉल, परेवाडीह में घोषित कॉलेज जैसी योजनाएं अब तक अधूरी है। धमतरी जिले को वर्तमान स्थिति में अपराध की जन्मस्थली माना जा रहा है। कहीं भी लूटपाट, चाकूबाजी, शराबखोरी, सूखा नशा जैसे गैर कानूनी कार्य करने वाले जिलेवासियों को भयभीत किये हुए हैं। इतना पुलिस बल होने के बाद भी जगह जगह शरारती तत्वों द्वारा ऐसे अपराध किये जा रहे हैं जिससे धमतरी जिले के लोग काफी दहशत में हैं। दो दिन पूर्व ही भखारा-सुपेला के मध्य जिस प्रकार यात्री बस सहित अनेक लोगों से लूटपाट गई, उससे वहां के सतनामी पारा के लोगों ने पुलिस की लापरवाही के खिलाफ ही हल्ला बोल दिया। इससे पूर्व भी कुरूद थानांतर्गत ग्राम सिरसिदा में धान की चोरी के नाम पर कार्तिकेय पटेल की पीट-पीटकर उसे मूर्छित अवस्था में ला दिया गया जिसे ले-देकर उनके माता पिता ने अस्पताल पहुंचाया किंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे पूर्व भी कुरूद के ही एक ग्राम में 4 वर्षीय बालिका से हैवानियत की जो घटना सामने आई, उससे यही माना जा रहा है कि पुलिस अपराध रोकने में विफल हो रही है। चर्चा तो इस बात को लेकर भी है कि जिले में पदस्थ महकमे के एक पुलिस अधिकारी जिनके खिलाफ लगातार कई गंभीर शिकायतें मिलने के बाद भी ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही तो दूर, उन्हें खुली छूट देने से भी पुलिस की छवि खराब हो रही है। तालमेल के अभाव में ही पुलिस विभाग में ऐसा वातावरण निर्मित हुआ है। पिछले अनेक वर्षों से चांवल, भूमाफिया, अवैध शराब, सूखा नशा जैसे अपराध हो रहे हैं। इसी के साथ ही रेत, मुरूम की भी धड़ल्ले से चोरी हो रही है। शासकीय उपक्रम के उपयोग को लेकर कुछ मुरूम खदानों को छोड़कर समूचे जिले में मुरूम का अवैध खनन, परिवहन किया जा रहा है। खनिज विभाग से बिना अनुमति लिये यह मुरूम की चोरी धड़ल्ले से जारी है। प्रतिदिन 3 से 400 हाईवा मुरूम का परिवहन होकर धमतरी शहर में निर्मित होने वाले मकानों के गहराईयों को पाटने और भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग के लिये सड़क बनाने के कार्य में देखा जा सकता है जिससे राज्य सरकार को लाखों, करोड़ों रूपये की हानि उठानी पड़ रही है। यह मुरूम सिहावा, नगरी क्षेत्र से धड़ल्ले से निकाली जा रही है जिसे रोकटोक करने वाला कोई नहीं है। संबंधित विभाग हाथ पे हाथ धरे बैठा है। ऐसे ही कृत्य 2025 में भी देखे जायेंगे जिस पर पर आज कार्यवाही की मांग बलवती हो रही है। साथ ही साथ जनहित से जुड़े मुद्दे, समस्याओं को लेकर नेताओं से यह भी मांग की गई है कि दलगत राजनीति से परे हटकर अपनी संपूर्ण शक्ति लगाकर नये वर्ष में जिलेवासियों को मेडिकल कॉलेज, बड़ी रेल लाईन, शॉपिंग मॉल जैसे कार्य को करवाने में महारथ हासिल करे जिससे कुछ लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा और शहर का विकास भी तेजी से होगा।

# सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के बसंत सोनकर अध्यक्ष, इंद्रजीत बने सचिव



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



सोनकर समाज की मुख्य बैठक रामबाग स्थित सामाजिक भवन में संपन्न हुई। समाज के अध्यक्ष संतोष सोनकर, उपाध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने बताया कि सबकी सहभागिता से ही समाज का विकास होता है। इसे ध्यान में रखते हुए समाज के मुख्य धारा व सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने युवा प्रकोष्ठ एवं शिक्षा विकास समिति का गठन कर युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत युवा प्रकोष्ठ के बसंत सोनकर अध्यक्ष एवं इंद्रजीत सोनकर सचिव बनाये गये। दिलीप सोनकर उपाध्यक्ष, प्रदीप सोनकर कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र सोनकर सहसचिव बनाये गये। शिक्षा विकास समिति में गगन सोनकर को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। कैलाश सोनकर उपाध्यक्ष, यशवंत सोनकर सचिव, जितेन्द्र सोनकर सहसचिव, चिंताराम सोनकर कोषाध्यक्ष बनाये गये। नवनियुक्त युवा पदाधिकारियों ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें दायित्व सौंपा गया है, उसे वे कायम रखेंगे। वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समाजहित में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ धनीराम सोनकर, ईश्वर सोनकर, प्रीतराम सोनकर, हेमंत सोनकर, कांशीराम, धनेश सोनकर, जीवन, नरेश, ओमप्रकाश, प्रहलाद, भूषण सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# शासन ने यात्रा भत्ता में की बढ़ोतरी तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रांतीय सचिव आयुष सिंह, जिलाध्यक्ष फारूक कादरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के स्थाई यात्रा भत्ता में बढ़ोतरी की है। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। यात्रा भत्ता नियम के अनुसार शासकीय सेवकों के विभिन्न प्रवर्गों के लिए स्थाई यात्रा भत्ता की पात्रता और दरें निर्धारित की गई हैं। राज्य शासन द्वारा संघ के वर्षों से मांग पर विचारोपरांत यात्रा भत्ता की दरों को संशोधित कर बढ़ोतरी करने का निर्णय लेकर आदेश जारी किया गया है द्य किसका कितना बढ़ा भत्ता राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, सहायक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्राम सेवक) / सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा के क्षेत्र सहायक (ऐसे पदों/स्थानों पर पदस्थ होने से जहां गहन यात्रा करना आवश्यक है), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हेंड पंप तकनीशियन। इन सभी संवार्गों को वर्तमान में 350 रुपये निश्चित मासिक यात्रा भत्ता मिल रहा था। इसे बढ़ाकर अब 1200 रुपये निश्चित मासिक दर कर दिया गया है। इसी तरह जिला एवं तहसीलों में पदस्थ राजस्व विभाग के भृत्य एवं सफाई कर्मचारी, वन विभाग / राजस्व विभाग के चेन मेन, न्यायिक एवं वाणिज्यिक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पटवारी। इन्हें अभी 300 रुपये मासिक भत्ता मिल रहा था, जिसे बढ़ाकर 1000 रुपये निश्चित मासिक यात्रा भत्ता कर दिया गया है। उपरोक्त विभिन्न संवर्ग कर्मचारियों के यात्रा भत्ता में बढ़ोतरी किए जाने पर संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, संघ के संरक्षक अनिल श्रीवास्तव, डीएसएन राव, महामंत्री, मुक्तेश्वर देवांगन, पदमेश शर्मा, फारूक कादरी, तिलक यादव, प्रवीण तिवारी, देवेंद्र साहू, रविन्द्र मरकाम, प्रांतीय उपाध्यक्ष मिथलेश साहू, प्रांतीय सचिव आयुष सिंह, इरफान खान, राकेश सिंह, आदि ने शासन के प्रति आभार जताया है द्य उपरोक्त जानकारी प्रांतीय सचिव आयुष सिंह ने दी।

## बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रयोगिक परीक्षा आज

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में अध्ययनरत् बीएससी/बीए/बीकॉम के नियमित एवं प्राईवेट छात्र.छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जीई के अंतर्गत विषय.फण्डामेण्टल ऑफ आईटी एण्ड एमएस ऑफिस कोड-आईटीजीई 01 पी, आईटी एससी 01 पी की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 2 जनवरी को महाविद्यालय के आईटी लैब में प्रातः 11 बजे से संपन्न होना है। संबंधित समस्त छात्राएं अपनी प्रायोगिक फाईल के साथ अनिवार्यतः उपस्थित रहें। अनुपस्थित रहने पर छात्र.छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगें।

# मनरेगा योजना के तहत ग्राम परसतराई में बना मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




## सफलता की कहानी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की शुरूआत वर्ष 2005 से की गई है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध करा कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाता है। इस योजना के अंतर्गत डबरी निर्माण, तालाब निर्माण एवं गहरीकरण कार्य, कुंआ निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, भूमि सुधार कार्य, मुर्गी शेड निर्माण, बकरी शेड निर्माण, पशु शेड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रा. में 90 दिनों का मजदूरी भुगतान, डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण, स्वसहायता समूह के महिलाओं के लिए वर्कशेड निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण कार्य, महतारी सदन सहित मुक्तिधाम निर्माण कार्य भी कराये जाते हैं। शासन के मंशानुरूप जिले के सभी ग्राम पंचायतों में हिन्दू धर्मावलंबी के शवों के अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व में मुक्तिधामों में सुविधाएं नहीं होने से बरसात के दिनों में शव का अंतिम संस्कार करने में काफी दिक्कतें आती थी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसतराई में वित्तीय वर्ष 2022-23 में राशि 6.33 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण कार्य किया गया। शेड के निर्माण होने से ग्रामीणों को शव का अंतिम संस्कार करने में आसानी हो रही है। ठंड, बरसात, गर्मी के दिनों में अंतिम संस्कार करने में भी घंटों इंतजार करना पड़ता था जो अब नहीं करना पड़ता। मुक्तिधाम के समीप परिजनों व ग्रामीणजनों के बैठने के लिए प्रतिक्षालय का निर्माण किया गया है। बता दें कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत परसतराई में मुक्तिधाम का निर्माण किया गया है जिसमें लागत राशि 6.33 लाख रूपये आयी है। इस संबंध में सरपंच परमानंद आडिल ने बताया कि मरनेगा योजना के तहत मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण कार्य कराया गया है। गांव में जल संरक्षण के कार्य सहित ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव हेतु सामुदायिक उपक्रम के कार्य कराये गये हैं। साथ ही पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वृहद वृक्षारोपण का कार्य कराये गये हैं। इससे पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। वहीं बुनियादी ढांचे के भी कार्य कराये गये।

# अकलतरा मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति की स्थापना की गई



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यदु द्वारा ग्राम पंचायत अकलतरा मे गाँधी की प्रतिमा की स्थापना की गई। जिसके अनावरण कार्यक्रम मे छेत्र के इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडी उपाध्यक्ष रमेश यदु ने की। विशेष अतिथि के रूप मे ग्राम मे पूर्व सरपंच झाडूराम यदु, पूर्व सरपंच विमला यदु, पूर्व सरपंच ज्वाला प्रसाद घृतलाहरे, पूर्व सरपंच संतोष नेताम, वार्ड पंच दुर्गा यदु, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव आकिब मेमन, विधायक प्रतिनिधि राधेश्याम ध्रुव, पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष दिलीप साहू, सरपंच प्रतिनिधि अजय मिरी, कांग्रेसी मदन ठाकुर, सत्यजीत सेंडे एवं वार्ड पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे। विधायक ने मंच को सम्बोधित करते हुए कहा- महात्मा गाँधी से हमें सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है, महात्मा गाँधी के दिखाए गए मार्ग से हमें जीवन मे सत्य को अपना कर आगे बढ़ना है साथ ही नशापान से दूर रहते हुए अपना और अपने बच्चों का एक सुनहरा भविष्य बनाना है, नशा नाश का कारण है इसे त्याग कर गाँधी के आदर्शो पर चलना ही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। रमेश यदु ने सम्बोधन मे कहा- विधायक के द्वारा छेत्र के विभिन्न जगहों पर विकास कार्य कराया जा रहा है और आगे भी निरंतर जारी रहेगा जिसकी कड़ी मे बहुत ही आवश्यक मांग जो ग्राम पंचायत अकलतरा की है वो है हाई स्कूल भवन निर्माण है, गांव मे 12वी तक शाला प्रारम्भ हो चुकी है परन्तु भवन आज भी मिडिल और प्राइमरी का है जिसमे बच्चों को बहुत सी असुविधाए होती है जिसके चलते जल्द से जल्द गाँव मे हाई स्कूल भवन बनवाने की मांग रखी गई, साथ ही उपस्वास्थ केंद्र मे डॉक्टर व स्टाफ की भर्ती कराने हेतु भी विधायक से कहा। विधायक द्वारा ग्राम के स्कूल मे लगे पेवर ब्लॉक का भी रिबन काट के उदघाटन किया गया जिसके बाद मैदान मे 4 लाख की राशि से लगने वाले पेवर ब्लॉक का भूमि पूजन व विधायक निधि से 5 लाख की लागत मे बनने वाले सी सी रोड का भी भूमि पूजन किया गया।

# गांव गांव में सबसे लोकप्रिय खेल बन गया है क्रिकेट : विधायक इंद्र साव



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्रामीण अंचलों में पूर्व में सबसे ज्यादा खेल खेले जाने वाला कबडडी माना जाता रहा है लेकिन बदलते वर्तमान परिवेश में अगर कोई खेल सबसे लोकप्रिय है तो वो क्रिकेट हो गया है। उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने ग्राम सूरजपुरा में बाबा सधागीर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि क्रिकेट खेल की दीवानगी ने इतनी खूबियां बटोरी है कि इस खेल ने अमेरिका जैसे देश में भी अपने प्रशंसक खड़े कर दिए है और वहां के खिलाड़ियों ने अपने खेल के दम विश्व के कई देशों में भी अपनी छाप छोड़ दी है। देश विदेश के बाद इस क्रिकेट की दीवानगी ने गांव गांव में अपनी दस्तक दे दी और ब्लॉक का कोई ऐसा गांव नहीं बचा होगा, जहां इस खेल को खेलने वाले युवा खिलाड़ी या प्रशंसक ना हो। विधायक साव ने कहा कि कोई भी खेल हो वो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, लालायित करता है। खेल में कोई हारता नहीं,बल्कि सीखता है और हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। विधायक साव ने खर्री इलेवन क्रिकेट क्लब की टीम को विजेता एवं दावनबोड़ क्रिकेट क्लब की टीम को उपविजेता का पुरस्कार वितरण करते हुए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से मनहरण वर्मा, राजा वर्मा, परमेश्वर यदु उप सरपंच, नूतन वर्मा, चन्दू लाल यदु, अरूण यादव, मनी वर्मा, अनिल पाल, गणेश पाल, लोकेश वर्मा, मनोज यदु, राजेन्द्र पाल, गोविंद वर्मा सरपंच दावनबोड़, रामप्रसाद यदु, नेतराम वर्मा, उकेराम वर्मा, अभिषेक वर्मा, एलन वर्मा, शंकर संवरा सहित ग्रामीणजन का विशेष योगदान रहा।

# गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाया गया गणित दिवस



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

भारतवर्ष के प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इन्हीं को स्मरण करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में गणित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा बनाया गया गणित मॉडल निर्णायक गण, प्रबंध करणी समिति, पालक समिति,मारवाड़ी युवा मंच समिति एवं अभिभावकों के मन को प्रफुल्लित करने में सफल रहा। गणित मॉडल प्रदर्शनी में माध्यमिक स्तर में प्रथम स्थान गुलशन देवांगन एवं भास्कर सेठ द्वितीय स्थान आरुष देवांगन एवं तृतीय स्थान नीलम चौधरी एवं तृप्ति देवांगन हाई स्कूल विभाग में प्रथम स्थान प्रयाग अग्रवाल, आर्यन राणा एवं कृष्णा देवांगन द्वितीय स्थान पूर्व साहू, खुशबू डडसेना एवं गीतांजलि नायक तृतीय स्थान भैया बंटी देवांगन, खगेश पटेल एवं दीपेश यादव हायर सेकेंडरी विभाग में प्रथम स्थान बहिन इन्दु डडसेना को प्राप्त हुआ। उपर्युक्त स्थान देने में निर्णायक वाय कर सेवानिवृत प्राचार्य, हीराराम चौहान एवं दिनेश दास व्याख्याता स्वामी आत्मानंद स्कूल भंवरपुर, हारलाल चौधरी एवं भरत डडसेना पालक समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल मारवाड़ी युवा समिति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# ग्राम सलखण्ड में पानी की समस्या, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय का किया गया घेराव

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना ब्लाक के ग्राम सलखण्ड में पेयजल व्यस्था हेतु बोर खनन एवं पंप स्थापना के मांग को लेकर आज सरायपाली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय का घेराव भाजपा नेता ,जनपद सदस्य ताराचन्द साहू के नेतृत्व में ग्राम सलखण्ड के माताएं बहने एवं भाइयों ने घेराव किया। एसडीएम कार्यालय को आवेदन दिया गया जिसमें लापरवाही बरतने वाले विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफकार्यवाही के लिए ,तथा पेयजल की व्यस्था अतिशीघ्र करने का मांग पत्र दिया गया। तारा चन्द साहू ने बताया की जुलाई में जनपद पंचायत बसना के सामान्य सभा के बैठक में उपस्थित विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा जानकारी में 10 प्वाइंट बोर खनन हेतु जिले से प्रस्तावित है किसी पंचायत में पेयजल की समस्या हो तो अवगत कराने के लिए सामान्य



सभा में कहा, जिस प्रमुखता से बात रखते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी कर्मचारी को अवगत कराया ग्राम सलखण्ड बाजार पड़ाव वार्ड नं 10 में पेयजल की बहुत ही समस्या हो रहा है तथा उक्त स्थान पर बोर खनन की अति आवश्यकता है जिस पर अधिकारी ने आश्वस्त किया की एक महीने में समस्या का समाधान हो जाएगा तथा मौके पर पीएचई विभाग के अधिकारी एसडीओ को भी मौखिक रूप से फोन पर भी जानकारी दिया गया। तथा जनपद सदस्य द्वारा लेटरपेड में आवेदन भी दिया गया । जिस उपरांत पेयजल हेतु लगभग छः महीने बीत जाने पर भी संतोष प्रद कार्यवाही नहीं हुआ, जिस पर क्षुब्ध होकर जनपद सदस्य तारा चन्द साहू तथा ग्रामीण जनों ने अनुभागीय अधिकारी सरायपाली को ज्ञापन देकर बोर खनन हेतु तथा लापरवाही बरतने वाले संबंधित पीएचई विभाग के अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग पत्र, पीएचई घेराव के लिए ज्ञापन सौंपा जिसके बाद पीएचई दफ्तर का घेराव किया गया। साहू तथा ग्रामीणों के मांग एसडीओ खिलेश साहू को ज्ञापन दिया गया जिस पर एक हफ्ते में पेयजल की व्यवस्था केलिए बोर खनन हेतु आश्वस्त किया। जिस पर साहू ने सचेत करते हुए एक हफ्ते में समाधान नहीं होने दशा में उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा। तारा चन्द साहू ने कहा प्रशासनिक अधिकारी कांग्रेसी रवैए में मस्त जनता त्रस्त, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाजपा सरकार से निवेदन ऐसे भ्रष्ट लापरवाह अधिकारी कर्मचारी के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए ।

# एमआईसी की बैठक में निर्णय,पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह की प्रतिमा शहर में होगी स्थापित

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल ( एमआईसी ) की बैठक मेयर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव व एमआईसी सदस्यगण, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें। एमआईसी की बैठक में सर्व सम्मति से शहर विकास में निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया।बता दे कि 66 सामुदायिक/ सार्वजनिक शौचालयो के मरमत व संधारण कार्य हेतु टॉयलेट कैम्पेन के तहत 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत राशि 230.57 लाख का प्राक्कलन को पारित किया गया है।निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड मुख्य भवन भूतल में एटीएम मशीन लगाने हेतु शर्त अनुमति देने प्रस्ताव पारित किया गया। मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्व.डॉ मनमोहन सिंह जी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु एमआईसी प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया द्वारा मांग की गई।भारत के पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री स्व. डॉ मनमोहन सिंह जी की प्रतिमा को दुर्ग शहर में स्थान दिया जाने हेतु निर्णय लिया गया. शहर में कार्य स्थल चिन्हित कर प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग प्रदेश जिला दुर्ग द्वारा जिसमें अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद तथा शहीदे आजम भगत सिंह के निकटतम सहयोगी रहे क्रांतिवीर सुखदेव राज, दुर्ग शहर के जिस भवन में दस वर्ष तक रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की तथा अंतिम सांस ली उक्त जर्जर भवन के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए जीर्णोद्धार कर स्मारक के रूप में विकसित करने तथा भवन के सामने कांतिवीर सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने अनुरोध किया गया हैं। उपरोक्तानुसार जर्जर भवन के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए जीर्णोद्धार कर कांतिवीर सुखदेव राज के स्मारक के रूप में विकसित करने तथा भवन के सामने कांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने कीं स्वीकृति हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत प्रकरण को स्वीकृति मिली। बैठक के दौरान अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, जमुना साहू, सत्यवती वर्मा, अनूप चंदानिया, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, राजेन्द्र ढबाले, रमाकांत शर्मा, आरके बोरकर, थानसिंह यादव, पंकज चंद्रवंशी मौजूद रहें। छग राज्य शासन के निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्र हेतु निगम क्षेत्र अंतर्गत 161 पात्र आवेदको की सूची जारी किया गया।जिसमें 25 आवेदनों में त्रुटि पाए गये, संशोधित आदेश जारी किया जाना व 25 हितग्राहियों की सूची संग्लन प्रकरण को पारित किया गया।रायपुर नाका मुक्तिधाम रिक्त दुकान प्राप्त ऑफर निविदा समिति की स्वीकृति दी गई।इसके अलावा स्व.प्रहलाद कुमार तिवारी शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी व नगर पालिका अध्यक्ष थे।स्वर्गीय प्रहलाद कुमार तिवारी दुर्ग शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी एवं वे पूर्व में वर्षो तक छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज एवं बार एसोसिएशन के भी अध्यक्ष रहे हैं। दुर्ग शहर का वर्तमान स्वरूप उनकी दूरगामी सोच का परिणाम हैं जिसकी नींव उन्होंने अपने नगर पालिका अध्यक्षता के कार्यकाल दौरान रखी। उनके नाम पर होगा सड़क मार्ग। गया नगर वार्ड क्रमांक 03 गया नगर में स्थित खेल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट, शिक्षक नगर में पानी टंकी निर्माण 15वे वित्त मद अंतर्गत प्रस्ताव पारित किया गया।

# महापौर एवं कमिश्नर ने की सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना

## भावुक पल: निगम द्वारा कर्मचारियों को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर में 4 कर्मचारियो सहायक राजस्व निरीक्षक बद्रीनाथ भीमगज, राजस्व निरीक्षण मन्नू लाल यादव, सफाई कामगार पूर्णिमा, सुधाकर एवं उर्मिला के रिटायरमेंट पर महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव व एमआईसी पार्षदों ने शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। नगर निगम डाटा सेंटर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव उपआयुक्त मोहेंद्र साहू, मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, आर.के. बोरकर, संजय मिश्रा एवं अनिल सिंह ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने चारो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है, आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो, निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।इस दौरान नगर निगम कर्मचारी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, राजू लाल चन्द्राकर, सत्यनारायण शर्मा, रेखा कुर्रे, रुकमणी ठाकुर सहित निगम परिवार मौजुद रहे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रजिस्ट्रेशन के साथ साथ, घर -घर आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम।जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश और कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत क्रमांक अनुसार सभी वार्डों में शिविर के माध्यम से या घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राही एवं 70+ वर्ष की आयु के बाद वाले का आयुष्मान कार्ड के साथ- साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का आवेदन भराये जाने के लिए DAY-NULM योजनांतर्गत कार्यरत् सामुदायिक संगठकों की ड्यूटी 08 वार्डो में दिनांक 01 एवं 03 जनवरी 2025 को ड्यूटी लगाई गई है।सिटी मिशन प्रबंधक मुक्ते श कान्हे एवं मनीष कुमार त्रिपाठी की ड्यूटी मानिटरिंग कर समय-समय पर दिये गये निर्देश के पालन करेंगें। बता दे कि वार्ड क्रमांक 39 कचहरी वार्ड, पोटिया कला दक्षिण वार्ड 54, मोहन नगर वार्ड क्रमांक 12 पश्चिम,नया पारा वार्ड क्रमांक 01,सिविल लाइन वार्ड क्रमांक उत्तर 47,कसारिडीह पश्चिम वार्ड क्रमांक 42 के अलावा शहीद भगत सिंग उत्तर वार्ड क्रमांक 20 सहित स्टेशन पारा वार्ड क्रमांक 22 में शिविर के माध्यम से या घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राही एवं 70+ वर्ष की आयु के बाद वाले का आयुष्मान कार्ड के साथ- साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का आवेदन भराया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन साथ साथ, घर -घर आयुष्मान कार्ड का भी बनाया जाएगा!

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के आयोजन हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सु चौधरी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जारी गाइड-लाईन के अनुरूप जिला मुख्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संपूर्ण तैयारियां करा ली जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर ध्वजारोहण पश्चात् अन्य गतिविधियां होंगी। जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह में ही परेड आयोजित की जाएगी। परेड में पुलिस, नगर सेना के अलावा सीआईएसएफ, बीएसएफ की टुकड़ियाँ भी भाग लेंगी। यह ध्यान रखा जाए कि समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम गरिमामय एवं रुचिपूर्ण हो। जिला स्तर पर विभिन्न विभागों व योजनाओं की चलित झाँकियों का प्रदर्शन किया जाये एवं समारोह स्थल पर यथा समय रंगीन गुब्बारे उड़ाये जाये। गणतंत्र दिवस पर जिले के सभी विभाग/कार्यालय प्रमुख द्वारा उनके कार्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा ध्वजारोहण के पश्चात् सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाए। कलेक्टर सु चौधरी ने ''स्कूली बच्चों का कार्यक्रम'' तथा ''अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम'' का आयोजन कर सभी शासकीय/ सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 की रात्रि में जिले के सभी शासकीय/ सार्वजनिक भवनों/ राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाए।

जिस पर होने वाला व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग द्वारा कायम किए गए 02 प्रकरण, आरोपी गिरफ्तार

- 01 अन्य प्रकरण में आरोपी के कब्जे से जप्त किए गए मध्यप्रदेश निर्मित शराब

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में विगत 28 दिसम्बर 2024 की रात्रि में गश्त के दौरान आबकारी विभाग के धमधा वृत्त के अन्तर्गत ग्राम मुरमुंदा थाना नन्दिनी नगर में अवैध शराब के धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत् कार्यवाही कर आरोपी ज्ञानेश्वर भारती पिता चवलदास उम्र 40 वर्ष निवासी मुरमुंदा थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 92 नग पाव देशी मदिरा मसाला एवं एक थैले में 68 नग पाव देशी मदिरा मसाला कुल 160 नग पाव (कुल मात्रा 28.800 बल्क लीटर) शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार नेताम द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

इसी प्रकार 31 दिसम्बर 2024 को प्रातः गश्त के दौरान आबकारी विभाग के वृत-दुर्ग दक्षिण के अन्तर्गत पाटन में अवैध शराब के विक्रय, धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही करते हुए ग्राम गुढ़ियारी थाना उतई में 80 नग गोवा स्पेशल फॉर सेल इन मध्यप्रदेश ओनली मदिरा पाव, जिसकी कुल मात्रा 14.4 बल्कलीटर मदिरा जप्त किया गया।

# आयुक्त विभागों में जाकर नववर्ष की दी शुभकामनाएं, अच्छे से कार्य करने के लिए किया प्रेरित



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई में नववर्ष को सभी अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा स्वयं जाकर आयुक्त को बधाई देने की परंपरा रही है। इस बार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारियो को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। सभी कर्मचारियो से क्या काम करते हो, किस प्रकार का कार्य चल रहा है आदि के बारे में बातचीत किए। राजस्व, संपत्तिकर विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो को अधिक से अधिक राजस्व बढ़ाने को कहा। जिससे निगम की आर्थिक स्थिति ठीक हो, कर्मचारियो से संबंधित सभी भुगतान एवं अन्य भुगतान समय पर हो सके। नववर्ष में हम सब संकल्प ले, कार्यालय समय पर आये अपने कार्यो को निष्पादन करें। जनता के साथ सदभाव के साथ बातचीत करें। सभी को उनके प्रश्नो का उत्तर मिलना चाहिए। मुख्य कार्यालय के काउंटर शाखा में जाकर देखा, कि वहां पर बुर्जुगो, दिव्यांगो आदि के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए भवन संधारण के दौलत चंद्राकर को आगन्तुको के आने पर काउंटर के पास बैठने की व्यवस्था शीध्र करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना जनता से जुड़ा हुआ प्रमुख विभाग है सभी को समय अवधि में सभी प्रक्रियाओ को करते हुए मकान प्रदान करने के लिए निर्देशित किए।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के निर्माण कार्यो की समीक्षा की

- आवास का मस्टर रोल जारी करने में विलम्ब करने पर तकनीकी सहायक को कारण बताओं नोटिस

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा के निर्माण कार्यो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंर्तगत स्वीकृत सभी निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने एवं हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने कहा, ताकि वे निर्माण कार्य को समय-सीमा पर पूर्ण कर सके। उन्होंने सभी आवास योजना से सम्बंधित कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यो का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण कार्य में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत मस्टर रोल जारी करने में विलम्ब हो रहा है जिस पर जिला पंचायत सीईओ दुबे ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का मस्टर रोल विलम्ब से जारी करने हेतु पोषण कुमार सिंह, जयंत कुमार कंवर तकनीकी सहायक धमधा को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ दुबे ने कहा विशेष ध्यान देते हुये प्रत्येक हितग्राहियों के मस्टर रोल नियमित रूप से मेंटेन किया जाए। बैठक में सीईओ दुबे ने तकनीकी सहायक एवं विकासखण्ड समन्वयक को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के हितग्राहियों से तत्काल संपर्क कर निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किए जाए। साथ ही निर्माण कार्य के आधार पर नियमानुसार किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में नियमित रूप से जारी हो रहा है यह भी ध्यान रखा जाए। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अमृत सरोवर एवं तालाब के निर्माण कार्य को भी यथा शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले में लखपति दीदी हेतु मनरेगा के तहत स्वीकृत मवेशी शेड निर्माण कार्य को यथा शीघ्र प्रारंभ करने एवं स्कूल में किचन शेड एवं स्कूल बाउन्ड्रवॉल निर्माण कार्य प्रारंभ करने कहा गया। इस अवसर पर सभी जनपद पंचायत सीईओ, पीएम आवास एवं मनरेगा तकनीकी सहायक एवं विकासखण्ड समन्वयक तथा सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बड़े बकायादरों के यहाँ पहुँचे कमिश्नर, कहाँ जल्द टैक्स अदा करे नही तो कार्रवाही के लिए तैयार रहें

- कर दाता समय पर करें कर भुगतान नहीं तो राजस्व वसूली टीम दे रही घरों में दस्तक, सख्ती के साथ होगी वसूली

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कमिश्नर सुमित अग्रवाल अधिकारी/ कर्मचारियो के संग स्वरूप टॉकीज का आकस्मिक निरीक्षण करने मौके पर पहुँचे।उन्होंने टॉकीज के मैनेजर को बकाया टैक्स जल्द से जल्द भुगतान करने की बात कही। उन्होंने 4th सिजन होटल का भी निरीक्षण किया। उन्हें भी बकाया टैक्स जल्द भुगतान करने निर्देश दिए।इस मौके पर सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर,संजय मिश्रा,जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर, अनिल करिहार उस वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक सहित टीम अमला मौजूद रहें। बड़े बकायादार समेत सभी पटा रहित टैक्स निगम कमिश्नर के निर्देश पर चल रहा अभियान, रोजाना हो रही है समीक्षा नगर निगम की सख्ती का असर दिखने लगा है, अब तक सालों से संपत्ति समेत अन्य टैक्स नहीं पटाने वाले बड़े बकायादार भी अपना टैक्स नगर निगम दुर्ग के काउंटर में आकर जमा कर रहे हैं।नगर निगम के आय का एक बड़ा स्त्रोत राजस्व है, जिसकी धीमी वसूली और करदाताओं द्वारा नहीं देने पर निगम पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता में रखने के निर्देश देते हुए सभी जोन को वृहद स्तर पर लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए।इसके तहत ऐसे बड़े बकायादार जिन्होंने सालों से टैक्स जमा नहीं किये है और राशि भी बड़ी है उनसे सख्ती के साथ वसूलने के भी निर्देश दिए थे। जिसके बाद राजस्व वसूली में तेजी आई है,निगम कमिश्नर द्वारा राजस्व वसूली की रोजाना समीक्षा की जा रही है। निगम द्वारा लगातार लोगों से अपील की जा रही है कि वह अपना टैक्स जमा कर दें इसके बावजूद निगम के करदाता टैक्स जमा करने को लेकर निगम प्रशासन के आदेशों को हल्के में लेते हुए दिखाई दे रहे हैं और निगम का टैक्स जमा नहीं कर रहे। मजबूरन नगर निगम दुर्ग को ऐसे करदाताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को मजबूर होना पड़ेगा।

# स्थापना सहित सभी देनदारियों का भुगतान समय पर हो : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा के साथ विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभागीय स्थापना सहित सभी देनदारियों का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित करें। देनदारियों जो आबंटन के अभाव में लंबित हो एवं अन्य लंबित देनदारियां के संबंध में जानकारियां उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने उक्त जानकारियां 03 जनवरी 2025 तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बंद योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि बंद योजनाओं की खाते में जमा राशि शासन को वापस होगी। उन्होंने अधिकारियों को खाते में जमा राशि शासन के पक्ष में जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सु चौधरी ने जिले में सड़क दुर्घनाओं के रोकथाम पर जोर देते हुए रोड सेफ्टी अंतर्गत दुर्घटनाएं रोकने अधिकारियों को कारगर पहल करने कहा। कलेक्टर सु चौधरी ने एमएसटीसी अंतर्गत वाहन पंजीयन और वाहन नीलामी के ऑक्शन की गतिविधियों में प्रगति लाने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया।

# निगम भिलाई के 5 अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई बिदाई



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 2 अधिकारी एवं 3 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में मंगलवार को निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और फल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये।

इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए बी.के.वर्मा ने कहा हम सब पूर्व साडा के समय से विभिन्न विभागो में कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किए। हम सबको गर्व है अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किए।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13(12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 23-सितम्बर-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी श्रीमती मेरीलता नेताम (सहऋणी एवं विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री सुधीर सोनबेर-ऋणी), ऋण खाता संख्या L9001070426158492 से नोटिस में वर्णित राशि 19,78,915/- (उन्नीस लाख अठहत्तर हजार नौ सौ पन्द्रह रुपये मात्र) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 27 माह दिसम्बर वर्ष 2024 को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 19,78,915/- (उन्नीस लाख अठहत्तर हजार नौ सौ पन्द्रह रुपये मात्र) 23-सितम्बर-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 206 13 पीएच नं. 33, वार्ड नं. 38, तहसील एवं जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1749 वर्ग फीट, जो कि स्व. श्री सुधीर सोनबेर के स्वामित्व में है।

दिनांक : 27 दिसम्बर 2024
स्थान : धमतरी, छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// निविदा सूचना क्रमांक-16//**

क्रमांक/2914/वलेलि/ग्रायांसेवा/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 30.12.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 14.01.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| सतनाम समाज भवन निर्माण कार्य सांकरादाहरा विकास खण्ड छुरिया | 8.75 | प्रथम बार | 14.01.2025 |
| सतनाम भवन निर्माण कार्य सोनेसरार विकास खण्ड डोंगरगांव | 8.39 | प्रथम बार | 14.01.2025 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 31.12.2024 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 14.01.2025 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

G-242504978/2



# बेबी जॉन का हिस्सा बन पछता रही हैं कीर्ति सुरेश?

## फ्लॉप के कगार पर डेब्यू फिल्म

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की मुख्य भूमिकाओं वाली बॉलीवुड एक्शन ड्रामा बेबी जॉन को लेकर चर्चा चरम पर थी। एटली ने इसे क्रिसमस के अवसर पर रिलीज करने का फैसला किया, जिससे इसे छुट्टियों का फायदा मिल सके। हालांकि, फिल्म की कमाई निर्माताओं की चिंता बढ़ाने वाली है। कलेक्शन को देख साफ हो रहा है कि बेबी जॉन जल्द ही फ्लॉप की सूची में शुमार हो जाएगी। जानकारी हो कि कीर्ति सुरेश ने इसके साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है और जाहिर सी बात है कि कारोबार को देख उन्हें अपने फिल्म के चयन पर निराशा होना लाजमी है। कलीस के निर्देशन में बनी फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान का भी कैमियो है। हालांकि, इतना मसाला और एक्शन भी फिल्म के कमजोर निर्देशन को बचा पाने के लिए काफी नहीं रहा है। बेबी जॉन ने अपने रिलीज डे पर महज 11.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया और दूसरे दिन ही इसकी कमाई में 57.78 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। फिल्म का दूसरे दिन का कलेक्शन महज 4.75 करोड़ रुपये रहा।

### फ्लॉप के कगार पर वरुण की फिल्म

वहीं, तीसरे दिन की कमाई निर्माताओं की चिंता बढ़ाने के लिए काफी थी। कारोबार में दूसरे दिन के मुकाबले 24.42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और इसका शुक्रवार तक का टोटल महज 19.64 करोड़ रुपये ही हो पाया। कोविड-19 के बाद, ओटीटी प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बॉलीवुड में कई रीमेक बेकार हो गए और अब बेबी जॉन इस सूची में शामिल होने के लिए तैयार है। रीमेक का विचार नहीं आया काम थेरी हिंदी दर्शकों के बीच भी एक लोकप्रिय फिल्म है और 2024 में इसका रीमेक बनाना निश्चित रूप से कोई अच्छा विचार नहीं है। शुक्रवार तक फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की गई है और चलन के अनुसार, बेबी जॉन के लिए शनिवार और रविवार को ठोस आंकड़े पेश करना एक चुनौतीपूर्ण काम होगा।

### अधर में लटका कीर्ति सुरेश का हिंदी करियर

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बीते कुछ समय से अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड एंथनी से शादी को लेकर चर्चा में थीं। साथ ही दर्शक उन्हें उनकी पहली हिंदी फिल्म बेबी जॉन में देखने के लिए काफी उत्साहित थे। हालांकि, उम्मीदों पर पानी फिर गया है। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो कीर्ति भी बेबी जॉन को चुनने के अपने फैसले पर पछता रही हैं। कीर्ति की भूमिका को निर्माताओं द्वारा काफी प्रचारित किया गया था। हालांकि, इन सबके बावजूद बेबी जॉन ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और इसे फ्लॉप माना जा सकता है। देखना यह होगा कि कीर्ति अपने हिंदी फिल्म करियर को किस तरह आगे बढ़ाती हैं।



# शोभिता धुलिपाला ने सोशल मीडिया पर साझा कीं इस साल की उपलब्धि

शोभिता धुलिपाला की किस्मत के सितारे इस वक्त बुलंदियों पर हैं। अभिनेत्री की जिंदगी में खुशियों की कई वजह हैं और यह साल तो उनके लिए बहुत ही स्पेशल साबित हुआ है। एक तरफ उन्होंने नागा चैतन्य के साथ अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। वहीं, दूसरी तरफ करियर के फ्रंट पर भी खूब चर्चा बटोरी है। दिलचस्प बात यह है कि इस साल उनकी अदाकारी ग्लोबल स्तर पर दिखी, क्योंकि वे हॉलीवुड प्रोजेक्ट का हिस्सा जो बनीं। अगर कहा जाए कि शोभिता धुलिपाला की पांचों उंगलियां घी में और सिर कढ़ाई में है, तो गलत नहीं होगा। अभिनेत्री की जिंदगी कुछ इसी तरह खुशियों से भरी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस पर खुशी जताई है। शोभिता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे इस साल अपने हॉलीवुड डेब्यू और नागा चैतन्य के साथ शादी और फिर कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी शिरकत का जश्न मनाती दिखी हैं।

### साल 2024 का कहा शुक्रिया

शोभिता ने एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने सालभर के यादगार पलों की झलक पेश की है। इसमें कान में उनकी मौजूदगी से लेकर हॉलीवुड डेब्यू और शादी तक की तस्वीरे हैं। इसके साथ शोभिता ने लिखा है, यह साल बहुत ही ऊर्जा देने वाला रहा। उत्साह बढ़ाने वाला भी और सबसे बढ़कर कि जीवन के प्रति संतुष्टि देने वाला साबित हुआ। बहुत शुक्रिया साल 2024।

### इस हॉलीवुड फिल्म में आई नजर

बता दें कि शोभिता धुलिपाला ने इस साल हॉलीवुड का रुख किया। वे अभिनेता देव पटेल के साथ फिल्म मंकी मैन में नजर आईं। इस फिल्म के लिए शोभिता ने 9 साल पहले इंटरव्यू दिया था। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। वहीं, 4 दिसंबर 2024 को अभिनेत्री ने नागा चैतन्य के साथ शादी रचाई। इसके अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में भी उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक्स से खूब लाइमलाइट लूटी।

# आयुष्मान की हीरोइन बनने के लिए सारा और तृप्ति में कांटे की टक्कर

जाने-माने फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या ने कथित तौर पर अपनी अगली फिल्म के लिए आयुष्मान खुराना को बतौर मुख्य अभिनेता चुना है। हालांकि, इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसे लेकर आए दिन कोई न कोई बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। इसी बीच इसका हिस्सा बनने वालीं अभिनेत्री को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

जानकारी के अनुसार, अब तक बिना शीर्षक वाली इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री की रेस में सारा अली खान और तृप्ति डिमरी सबसे आगे चल रही हैं। हालांकि, अंतिम निर्णय जनवरी में लुक टेस्ट और आयुष्मान खुराना के साथ उनकी केमिस्ट्री पर निर्भर करेगा। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र के मुताबिक, सारा में चार्म और मेनस्ट्रीम की अपील है जो राजश्री यूनिवर्स के साथ मेल खा सकती है, जबकि बुलबुल (2020) और काला (2022) में तृप्ति डिमरी का शानदार प्रदर्शन उन्हें इस भूमिका के लिए मजबूत उम्मीदवार बनाता है।

### आयुष्मान के साथ बनेगी किसकी जोड़ी?





आयुष्मान खुराना पहले से ही सारा के साथ एक और फिल्म कर रहे हैं, जबकि अगर वह तृप्ति के साथ मिलकर काम करते हैं तो यह एक नई जोड़ी होगी। इसी बीच तृप्ति डिमरी हुसैन उस्तारा पर विशाल भारद्वाज की फिल्म और दो अन्य परियोजनाओं में व्यस्त हैं।



# बढ़ गए कार्तिक के भाव, फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए मांगी 50 करोड़ फीस

कार्तिक आर्यन इस समय बॉलीवुड में सबसे ज्यादा डिमांड में हैं। वह सफलता के शिखर पर बैठे हैं। इसका कारण है कि साल 2024 में कार्तिक ने हिट फिल्म 'भूल भुलैया 3' दी है। फिल्म को कार्तिक ने अपने दम पर चलाया है। यही कारण है कि कई फिल्मों के ऑफर उनके पास आ रहे हैं। जिनमें से एक धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी भी है। हालिया सामने आई कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कार्तिक धर्मा प्रोडक्शन की इस फिल्म के लिए बहुत ही ज्यादा फीस ले रहे हैं।

### बढ़ा दी है कार्तिक ने अपनी फीस

फिल्म 'भूल भुलैया 3' हिट होने के बाद कार्तिक आर्यन ने अपनी फीस बढ़ा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए वह 50 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। इतनी फीस धर्मा वाले नामी एक्टर्स को देते हैं।

### कार्तिक ने नहीं की है पुष्टि

50 करोड़ रुपये फीस लेने की बात की अभी तक पुष्टि कार्तिक आर्यन की तरफ से नहीं हुई है। धर्मा प्रोडक्शन के करण जौहर ने भी इस पर कोई बयान नहीं दिया है।

### पहले भी करने वाले थे एक फिल्म

कार्तिक आर्यन कुछ साल पहले भी फिल्म 'दोस्ताना 2' करण जौहर के प्रोडक्शन के साथ करने वाले थे। लेकिन आपसी मतभेदों के कारण कार्तिक ने करण की यह फिल्म नहीं की है। अब दोनों फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए साथ आए हैं। इस फिल्म को समीर विद्वांस डायरेक्टर रहे हैं।



# मनोज बाजपेयी ने फैमिली मैन 3 की शूटिंग की खत्म

हाल ही में एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने क्लैपरबोर्ड की एक तस्वीर पोस्ट की। इसके जरिए उन्होंने बताया है कि वह द फैमिली मैन 3 की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। द फैमिली मैन 3 की शूटिंग मनोज बाजपेयी पूरी कर चुकी हैं, यह बताने के लिए उन्होंने इंस्टा स्टोरी का सहारा लिया है, जिस पर एक कैप्शन भी लिखा है-शूटिंग पूरी हुई। फैमिली मैन 3 के लिए, थोड़ा इंतजार कीजिए।

### काफी पॉपुलर है सीरीज

द फैमिली मैन की सीरीज को दर्शक काफी पसंद करते हैं। इसे राज निदिमोरू और कृष्णा डीके द्वारा प्रोड्यूस, डायरेक्ट किया गया है। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज होती है। इसमें मनोज बाजपेयी के अलावा प्रियामणि, शारिब हाशमी, अश्लेषा ठाकुर और वेदांत सिन्हा जैसे कलाकार है, जो सीजन 3 में भी नजर आएंगे। प्रियामणि की बात करें तो वह साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, इस सीरीज में वह श्रीकांत यानी मनोज बाजपेयी के किरदार की पत्नी की भूमिका में नजर आई हैं। यह किरदार भी काफी हटकर रहा है। वहीं शारिब हाश्मी के रोल को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया है, वह मनोज बाजपेयी के किरदार के दोस्त और सहयोगी बने हैं।

### स्पॉय एजेंट की कहानी

सीरीज 'फैमिली मैन 3' में मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का किरदार निभाया है, जो कि दुनिया की नजर में आम आदमी है लेकिन असल में एक स्पॉय एजेंट हैं। सीरीज में एक्शन, ड्रामा भरपूर रहा है। 'फैमिली मैन 3' में दर्शकों को पहले सीजन की तरह की एंटरटेन करेगा। इसका पहला सीजन 2019 में आया था, वहीं दूसरा सीजन 2021 में आया। दर्शकों से लेकर आलोचकों तक ने इस सीरीज को खूब सराहा। मनोज बाजपेयी भी इस सीरीज में अपनी अभिनय क्षमता का पूरा उपयोग करने में कामयाब रहे हैं। यह सीरीज उनके दिल के काफी करीब है।



# फीस के मामले में साउथ एक्टर्स अव्वल

## बॉलीवुड स्टार रह गए पीछे

साल 2024 समाप्त होने वाला है। फिल्म जगत के लिए यह साल सामान्य रहा। कुछ फिल्मों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फ्लॉप रहीं। बॉलीवुड और साउथ दोनों ही उद्योगों ने कई शानदार फिल्में दीं, जो दर्शकों को काफी पसंद आईं। बॉक्स ऑफिस पर इस साल कई पुराने रिकॉर्ड टूटे और कई नए रिकॉर्ड बने। पहले 'स्त्री 2' ने रिकॉर्ड तोड़े और अब 'पुष्पा 2' की आंधी में सब कुछ उड़ रहा है। आइए जानते हैं इस साल किस अभिनेता ने फीस के मामले में रिकॉर्ड कायम किया, किसने कितनी फीस ली।

इस साल साउथ के स्टार्स ने फीस के मामले में बॉलीवुड सितारों को पीछे छोड़ दिया और अपनी फिल्मों के लिए मोटी रकम वसूली। इस लिस्ट में दक्षिण भारतीय अभिनेताओं ने शीर्ष पर कब्जा जमाए रखा है।

### अल्लू अर्जुन

सबसे ज्यादा फीस लेने वालों की सूची में पहला नाम है अल्लू अर्जुन का। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपनी फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' के लिए 300 करोड़ रुपये की मोटी रकम वसूली है।



### विजय

दूसरे नंबर पर साउथ के सुपरस्टार विजय आते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपनी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के लिए 200 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।



### कमल हासन

कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन ना कर पाई हो, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के लिए कथित तौर पर 150 करोड़ रुपये की फीस ली है।

### रजनीकांत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म 'वेट्टैयन' के लिए 125 करोड़ रुपये की रकम वसूली। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। जबकि, इस फिल्म में रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आए थे।



### प्रभास

'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म को काफी सराहनाएं मिली। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता प्रभास ने अपनी इस फिल्म के लिए 80 करोड़ रुपये लिए थे।

### महेश बाबू


महेश बाबू साल 2024 में अपने प्रशंसकों के लिए फिल्म 'गुंटूर कारम' लेकर आए। समीक्षकों ने फिल्म की सराहना की और प्रशंसकों का भी प्यार इसे मिला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए महेश बाबू ने 78 करोड़ रुपये फीस ली थी।

### जूनियर एनटीआर

जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर ने 60 करोड़ रुपये वसूले थे। उनके साथ अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी फिल्म में नजर आई थीं।

### कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' इस साल बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक है। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म के लिए 40 से 50 करोड़ रुपये लिए थे।



### अजय देवगन

अजय देवगन अभिनीत और रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिंघम अगेन' बॉक्स ऑफिस पर जूझती दिखी। यह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। रिपोर्ट्स के मुताबिक अजय देवगन ने इस फिल्म के लिए 35 करोड़ रुपये चार्ज किए।

# कबीरधाम जिले में भ्रष्टाचारियों से वसूली के बजाए दिया जाता है संरक्षण





पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

गांवों के विकास के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिनियम लागू किया है जिससे गांव के जनप्रतिनिधि अपने गांवों का संपूर्ण विकास कर सके। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत के विकास का जिम्मेदार पंचायत पदाधिकारी होते है, जिसके संपूर्ण लेखा जोखा का दायित्व सचिव का होता हैं। लेकिन कबीरधाम जिला पंचायत के अधीनस्थ जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत भरेवापारा में ग्राम पंचायत विकास की राशि लगभग आठ लाख रुपए को जिम्मेदारों ने फर्जी हस्ताक्षर करके आहरण कर गबन कर लिया गया था। जिसकी नियमानुसार टीम गठित कर जांच किया गया था तब उजागर हुआ। जिला पंचायत द्वारा तत्कालीन सचिव और अन्य दोषियों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया गया लेकिन अबतक मामला दर्ज नहीं किया बल्कि उन्हें पनाह देते हुए प्रतिमाह सचिव के वेतन से दस हजार रुपए की वसूली किया जा रहा है। ऐसे में ग्राम विकास का परिकल्पना करना मुमकिन नहीं है। उक्त प्रकरण में अधिकारियों की संलिप्तता का कोई जवाब नहीं है।

## जांच में सचिव को ही माना गया दोषी


कार्यालय जिला-पंचायत, कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा आदेश दिनांक 30/12/2022



क्रमांक/1917/पंचा./स्था. / 2022:- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पंडरिया के पत्र क्रमांक 264 दिनांक 02.11.2022 द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार सचिव ललीत बंधे द्वारा ग्राम पंचायत भरेवापारा जनपद पंचायत पंडरिया में फर्जी तरीके से विभिन्न निर्माण कार्यो की राशि 7,93,000.00 रूपये आहरण कर गबन करने संबंधी शिकायत का जांच में पुष्टि होने के फलस्वरूप गबन राशि 7,93,000.00 रूपये (अक्षरी-सात लाख तिरानबे हजार रूपये मात्र) संबधित सचिव ललीत बंधे, तत्कालिन ग्राम पंचायत भरेवापारा, जनपद पंचायत पंडरिया से छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत् वसूली हेतु आदेशित किया जाता है।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा जारी किया है। उक्त राशि की वसूली में भी गोलमाल किया जा रहा है।

## पुलिसिया कार्रवाई के लिए हुआ था आदेश

कार्यालय जिला-पंचायत, कबीरधाम क्रमांक / 1520 / पंचा. स्था./2022



कवीरधाम, दिनांक 16.11.2022 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत-पंडरिया जिला-कबीरधाम को ग्राम पंचायत भरेवापारा में हुए अनियमितता की जांच के संबंध में पत्र जारी हुआ था जिसमें संदर्भ आपका पत्र कमांक 264 दिनांक 02.11.2022 विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके द्वारा ग्राम पंचायत भरेवापारा जनपद पंचायत पंडरिया के सचिव ललीत बंधे द्वारा फर्जी तरीके से विभिन्न निर्माण कार्यों की राशि 7,93,000.00 रूपये आहरण कर गबन करने संबंधी शिकायत का जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। जांच प्रतिवेदन में सरपंच एवं उसके पति के हस्ताक्षर को हस्ताक्षर विशेषज्ञ से जांच कराने का लेख किया गया है साथ ही सामाग्री आपूर्तिकर्ता अगरावन बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदित किया गया है। उक्त प्रकरण में कुटरचना होने के कारण पुलीस कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः आप उक्त प्रकरण की सम्पूर्ण जांच पुलीस से कराकर, जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों के विरूद्ध पुलीस कार्यवाही करे तथा कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत करावें।

## बेतुका जवाब जनपद सीईओ का

ग्राम विकास को लेकर संकल्पित सरपंच ने जनपद पंचायत पंडरिया के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को पत्र के माध्यम से निवेदन करते हुए योजना



वार गबन राशि से अवगत कराते हुए अवरुद्ध विकास को पूर्ण करने के लिए राशि की मांग किया गया है जिस पर कार्यालय जनपद पंचायत पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक / 422 स्था. वि./ज.पं./2023-24 पण्डरिया, दिनांक 11/01/2024 ने सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत भरेवापारा , जनपद पंचायत पण्डरिया जारी किया जिसमें स्वीकृति निर्माण एवं विकास कार्यों को पूर्ण कराने के संबंध में, राशि 7.93 लाख रूपये उपलब्ध कराये जाने के संबंध में। संदर्भ:-आपका पत्र क्र.25/2024 दिनांक 08.01.2024
उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि आपके द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना/अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण योजना/15 वें वित्त योजना मद के तहत् स्वीकृत निर्माण कार्यों के प्रथम किश्त आबंटन तत्कालिक सचिव ललित बंधे के द्वारा आहरित कर गबन कर ली गई राशि 7.93 लाख रूपये जनपद पंचायत की किसी अन्य योजना मद से भुगतान की मांग की गई है। इस संबंध में अवगत होवें कि उपरोक्त मदों पद स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने वर्तमान में जनपद पंचायत पण्डरिया के अन्य योजना मद से पर्याप्त आबंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण अग्रिम भुगतान किया जाना संभव नहीं है। संबंधित सचिव से गबन की गई राशि उनके मासिक वेतन से कटौती कर सामान्य किश्तो में वसूली की कार्यवाही जारी है। पर्याप्त/वांछित राशि जमा होने पर संबंधित निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराने भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पत्र को जारी करते समय अधिकारी ने यह भी उचित नहीं समझा कि सचिव से राशि वसूली में सात साल का समय लगेगा। आज की दर और सात साल बाद का मूल्य में ऐसा विकास कैसे संभव है।

## सचिव से वसूली के बजाए दिया जा रहा है पनाह

ग्राम पंचायत भरेवापारा के सचिव ललित बंधे के द्वारा सात लाख तिरानबे हजार रुपए का गबन किया गया है जो जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा जारी आदेश से साबित होता है। उनसे एकमुश्त वसूली कर राशि से पंचायत का विकास कार्य कराना चाहिए था लेकिन उन्हें पनाह देते हुए सचिव को मोहलत दे दिया गया है मिली जानकारी अनुसार उनसे प्रतिमाह दस हजार रुपए की वसूली किया जा रहा है। जो कई प्रकार के अंदेशा को फलीभूत करता है।

## आजतक नहीं हुआ मामला दर्ज

जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा जारी पत्र में सामग्री आपूर्तिकर्ता अगरावन बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदित किया गया है का उल्लेख है साथ ही प्रकरण की संपूर्ण जांच पुलिस से कराकर, जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही करे तथा कृत कार्यवाही से इस कार्यालय मतलब जिला पंचायत को अवगत कराने का निर्देश है लेकिन आजतक पुलिस में किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया गया है जिससे प्रकरण की जांच पुलिस द्वारा किया जा सके।

## विकास में पीछे ढलेकेला गया भरेवापारा को

जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा जारी पत्र 16.11.2022 का अध्ययन करने से पता चलता है कि सचिव ललित बंधे द्वारा फर्जी तरीके से सरपंच का हस्ताक्षर कर सात लाख तिरानबे हजार रुपए विभिन्न निर्माण कार्यों का राशि आहरण किए हैं। पत्र के मुताबिक उक्त राशि से कई निर्माण कार्य पूर्ण हो जाता जो अब तक अधूरा पड़ा हुआ है। पंचायती राज में ग्राम विकास का सपना साकार होने के बजाए और पीछे धकेला जा रहा है। जिसका जिम्मेदार, जिम्मेदार लोग ही हैं।

# कलेक्टर से नागरिकों की समस्याओं के समाधान का अवसर

### प्रत्येक मंगलवार को 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कलेक्टर से मुलाकात सीधे कर सकते हैं

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नए साल से माह के प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों के त्वरित समाधान हेतु कलेक्टर कार्यालय, बेमेतरा में समय निर्धारित किया गया है। अब जिले के नागरिक हर माह के प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को सीधे प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य शासकीय और अशासकीय समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान नागरिक अपनी



व्यक्तिगत, सामुदायिक या सार्वजनिक मुद्दों को कलेक्टर के समक्ष रख सकते हैं। शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध होगी, जिससे जनता का विश्वास बढ़ेगा। कलेक्टर कार्यालय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित समुचित दस्तावेज और प्रमाण साथ लाएं, ताकि समस्याओं का निराकरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। यह प्रयास शासन और जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# 14 महिलाओं को 19.80 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना के तहत नए साल के पहले दिन 14 महिलाओं को कुल 19.80 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसमें सक्षम योजना के तहत 10.80 लाख और स्व सहायता समूहों को 9.00 लाख की सहायता दी गई। सहायता प्राप्त करने वाले स्व सहायता समूहः नव जीवन स्व सहायता समूह, लक्ष्मी स्व सहायता समूह बेरला, रीनू उन्नति बहिनी स्व सहायता समूह खपरी, सत्य कबीर महिला स्व सहायता समूह केशला, संतोषी स्व सहायता समूह दर्रीपारा नवागढ़, लक्ष्मी स्व सहायता समूह पिपरभट्ठा, एवं चमेली यदु मटका, यसोदा यदु, रश्मि यदु, गौरी यदु बिजभाट, अनिता यदु बिजभाट, पुष्पा यदु, रानी देवांगन, जानकी देवांगन को



चंद्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एव सीपी शर्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा राशि का चेक प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस योजना के तहत न केवल महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, बल्कि उन्हें समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा में सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आर्थिक सहयोग के माध्यम से महिलाओं को उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

# रिसोर्स पर्सन स्वागता ने अपने जन्मदिन पर दिया नेवता भोज



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में अजीम प्रेमचंदजी फाउन्डेशन की रिसोर्स पर्सन स्वागता कर्मकार के द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय में केक काटकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन स्वागता के द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खीर, पूड़ी, जलेबी, चांवल और आलू गोभी की सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक विशेषर नेताम, संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा रसोइया बहनें संगीता, सुमित्रा साथ ही संकुल से शेषनारायण महेश्वरी, खूबीराम साहू, अजय यादव, शिवेन्द्र डहरवाल, माहेश्वरी साहू एवं बेला ध्रुव उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि विद्यालय को अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन के सदस्यों का सहयोग एवं मार्गदर्शन हमेशा से और नियमित रूप से मिलता रहा है। नित नये नवाचारी गतिविधियाँ बच्चों को शिक्षा एवं विद्यालय के प्रति लगाव एवं जागरूक करने में सहायक सिद्ध हुई है। अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन के सदस्यों के साथ सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के साझा अनुभव एवं साझा काम करने के तरीके नींव के पत्थर साबित हो रहे हैं। शाला परिवार ने रिसोर्स पर्सन स्वागता के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया और उनको अनंत शुभकामनायें दिये।

# अंधविश्वास और कुरीतियों को छोड़कर अच्छाइयों को अपनाएं

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में नया वर्ष धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चें अपने हाथों से ग्रीटिंग कार्ड बनाये, फूलदार पौधा रोपित किए गये। सर्वप्रथम बच्चे माँ सरस्वती की पूजा अर्चना किए। प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा बच्चों को हिन्दी और अंग्रेजी महीनों के बारे में जानकारी दी, प्रकृति में होने वाले बदलाव के बारे में बच्चों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में कुछ नया करने की सोचे। नए वर्ष में पुराने रीति रिवाज़, अन्धविश्वास, कुरीति,



रूढ़िवादिता को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाना होगा। तभी नया वर्ष मनाना सार्थक होगा। सहायक शिक्षक हिरेश टंडन बच्चों को नए साल के शुरुआत में बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतें अपनाने की बात कही। इस अवसर पर ठण्ड को ध्यान में रखते हुए हिमकल्याणी सिन्हा शाला के सभी बच्चों को वैसलीन जेली वितरण की, बच्चों का मुँह मीठा कर हर्षो उल्लास के साथ नववर्ष मनाएं। इस अवसर पर पंचराम निषाद, मुन्नी यादव उपस्थित रहे। और सभी ने इस अवसर पर बच्चों को अनेक शुभकामनायें दिए।

# निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जाता है शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों पर ध्यान आकर्षण

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर में सन 1956 से संचालित निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों पर भी बच्चों का ध्यान आकर्षण किया जाता है। इसी क्रम में विद्यालय के 12 वीं के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण में ले जाया जाता है। इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों को तेलंगाना राज्य के राजधानी हैदराबाद ले जाया गया। छात्रों ने





चार दिवसीय इस यात्रा में हैदराबाद शहर को बारीकी से जाना और समझा। निर्मला स्कूल के छात्रों ने हैदराबाद के निजाम अबुल हसन, कुतुब शाह द्वारा निर्मित गोलकोण्डा किले उससे जुड़े इतिहास एवं इस किले के निर्माण के बारे में जाना, विश्व-प्रसिद्ध रामोजी फिल्मसिटी में फिल्म जगत एवं उसके निर्माण से जुड़ी विभिन्न चीजों को जाना एवं समझा साथ ही नेहरू जूलोजिकल पार्क, हुसैन सागर, लुमिनी पार्क एवं हाई-टेक सिटी का भ्रमण कर इसकी जानकारी ली। स्कूल की प्राचार्य सि. जोसिया मैरी ने बताया कि शिक्षा के साथ ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में भारत के इतिहास, अलग राज्य एवं चीजों को समझने वा उनके रहन सहन का ज्ञान प्राप्त होता है। इस आयोजन ने ना केवल बच्चों को खुश किया, बल्कि उनके बीच टीम वर्क और आपसी मेलजोल को भी बढ़ावा दिया। इस भ्रमण के दौरान 45 छात्र एवं स्कूल से प्रबंधक सि. सचिता फ्रांसीस, उप-प्रचार्य सि. लीना फ्रांसीस, शिक्षक प्रणव साहू, एम. एस. श्रीजीत, सि. सुषमा, विजय बोरकर, रुबीना शाह इसमें शामिल हुए।

### कार्यकारिणी सदस्यों का भी हुआ गठन...

# छत्तीसगढ़ मानस प्रेमी परिवार संगठन की सुषमा साहू बनी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन जिला बेमेतरा का गठन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मंजू गोस्वामी रायपुर विशेष रूप से उपस्थित रही पूर्व अध्यक्ष अभ्भन सेन ने अपने 3 वर्ष की उपलब्धि को विस्तार से बताया तथा संगठन में हुई गतिविधियां की जानकारी दिया, उसके बाद उपस्थित सभी जिला भर से आए कलाकार ने सर्वसम्मति से सुषमा साहू कृष्णा विहार बेमेतरा को अध्यक्ष चुना गया। जिसमें उसके पश्चात साहू ने अपने संपूर्ण कार्यकारी का कार्यकारिणी का विधिवत विस्तार किया किया गया। जिसमें निम्न पदाधिकारी बनाए गए कार्यक्रम गांधी भवन बेसिक स्कूल ग्राउंड मैदान में बेमेतरा में हुआ जिसमें जिला संरक्षक शत्रुघ्न साहू संरक्षक अभ्भंन सेन महासचिव मनोज शर्मा कोषाध्यक्ष उषा साहु जिला अध्यक्ष नरसिंह गोस्वामी ढोलिया नारायण निषाद कटई नवागढ़ ईश्वर सिन्हा नवागांव सोढ धन सिंह निषाद बेरला किरण दुबे चारभाटा भुवनेश्वरी विश्वकर्मा खाती



संगठन सचिव गोविंद जायसवाल बेमेतरा प्रचार सचिव घनश्याम ठाकुर तेंदू भाटा मीडिया प्रभारी संजू जैन देवरबीजा अंकेक्षक हीराराम शाहू प्रवक्ता ओमप्रकाश ठाकुर छेलियापुर छिरहा सलाहकार राम कुमार टंडन शिक्षक बेमेतरा ईश्वर साहू कवि ठेलका महेंद्र चौहान नयापारा तेंदुआ कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम साहू कंदई हनुमान प्रसाद तिवारी संबलपुर राम कुमार ताम्रकार बेरला दिलीप टिकरिया पिरदा भिभौरी डॉक्टर खेमराम साहू चंदनू श्रवण साहू खाती नारायण पटेल चुहका विश्वनाथ साहू खाती बल्लू साहू पतोरा सेवक राम साहू करूवाजनेवा रामकुमार साहू जेवरा एन चंदू साहू चमारी रमुव चक्रधारी श्रवण साहू बरगा थान खम्हिरिया तथा बेमेतरा जिला में 14 मंडल अध्यक्ष भी बनाए गए हैं, जिसमें मंडल अध्यक्ष कौशल सिन्हा नरी दाढ़ी में अध्यक्ष हेमूराम चंद्राकर का नवागढ़ में भागवत निर्मलकर मारो में शिवनंदन राजपूत बेवरा में प्रमोद साहू घुरसेना राका मंडल पूनाराम पाठक बासनी सरदा में रघुवीर साहू बेरला भाटा सोरी यशराज साहू सत्यभामा पर्धनिया सिलघाट बेरला परपोडी महेंद्र साहू भटगांव देवकर अनिल गुप्ता नवकैसा देवकर कुमारी दामिनी मरकाम माटरा देवरबीजा आत्माराम पटेल तेंदू भाटा बनाए गए हैं तथा मंडल थान खम्हिरिया कौशाल दास वैष्णव हाडाहुडी कार्यक्रम के सफल बनाने विशेष योगदान ललित विश्वकर्मा ताराचंद रोशन दत्ता सभी को नियुक्त पत्र प्रदान किया गया नववर्ष की सभी को बधाई दी गई कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया।

# कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सुनी जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी माँगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता की माँगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुंटेरी निवासी प्रीति देवी ने दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम रेंगाकठेरा निवासी संगीता कुम्भकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बैहाकुआ निवासी शत्रुघ्न सिंह ने तेंदूपत्ता का बीमा राशि दिलाने तथा



बालोद विकासखण्ड के ग्राम खपरी निवासी प्यारीलाल ने अपने घर के ऊपर गुजरने वाले बिजली तार को हटाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम खपरी निवासी तारम कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अपने घर में शौचालय निर्माण करने तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भालूकोन्हा निवासी गौरी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुवरबोड़ निवासी दिव्यांग युवक अजु कुमार तारम ने व्यवसाय हेतु लोन दिलाने तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पसौद निवासी रामकुमार सिंह ने अपने ग्राम के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। जनदर्शन में अजय किशोर लकरा, डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रों ने भी आम लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना।

# सक्ती जिले के धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव में लाए तेजी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जनपद स्तर पर 01 दिसंबर से राष्ट्रीय वयो योजना अंतर्गत आयोजित किये जा रहे कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में आयुष्मान वय वंदन योजना अंतर्गत शिविर लगाने और जिले के ज्यादा से ज्यादा 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का पंजीयन कराकर उन्हें लाभान्वित कराने के निर्देश दिए है द्य कलेक्टर ने धान उठाव के प्रतिशत की जानकारी लेते हुवे जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेजी से कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में नया जूट बारदाना, पीडीएस बारदाना, मिलर्स बारदाना के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धता और बारदानों के प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने जिले में चल रहे धान खरीदी कार्य के बारे में फूड, मार्कफेड सहित संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक



जानकारी लेते हुवे सुव्यवस्थित धान खरीदी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिले में सुव्यस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए है। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है, समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों को सहकारी समिति से आच्छादित करने के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा कार्ययोजना तैयार कर व्यवस्थित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी पंचायत चुनाव के लिए की जा रही आरक्षण प्रक्रिया के तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जनपदवार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा स्वीकृत कार्यों, मनरेगा के बारे में जानकारी ली तथा सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारीयों को सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए द्य कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत किए जाने वाले भर्ती प्रक्रियाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 में ऋणी-अऋणी किसानों की जानकारी, खरीफ वर्ष 2024-25 हेतु समितिवार पंजीयन रिपोर्ट की जानकारी ली गई द्य कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी से सक्ती जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए है, समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने एडीबी सड़क निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, पीएम स्कूल योजना अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत कार्य की अद्यतन स्थिति, जाति प्रमाण पत्र के कार्य, अपार आईडी के कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों की अद्यतन स्थिति, पीएम मत्स्य संपदा योजना, लोक सेवा गारंटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवायसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में आज तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम गतवा निवासी स्वराज सिंह कंवर ने सहायक ग्रेड-03 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में, तहसील सक्ती निवासी सावित्री यादव ने आम निस्तार एवं निजी उपयोग हेतु रास्ता खुलवाने के संबंध में, तहसील



हसौद अंतर्गत ग्राम हरेठी कला वार्ड 11 के समस्त वार्डवासियों द्वारा वार्ड 11 के सदस्यों को वार्ड 10 में जोड़ने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम बड़े सीपत निवासी डिगम्बर दास वैष्णव ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम मन्द्रागोढ़ी निवासी फागुलाला और रामप्रसाद पटेल ने लैंड सीडिंग समस्या को सुधार करने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम डेरागढ़ निवासी किसान आवेदकों द्वारा भकुडेरा माईनर नहर में पानी देने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम भागोडीह निवासी सीताराम सूर्यवंशी ने रोजगार दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती निवासी पिरोहिन दास ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया।

## विकलांग चेतना परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक 5 जनवरी को

**सक्ती।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की संयुक्त बैठक आगामी दिनांक-5 जनवरी 2024 दिन- रविवार को सुबह 11:00 बजे सेआशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में रखी गई है,इस बैठक में मुख्य रुप से आगामी विकलांग सामूहिक विवाह के आयोजन पर चर्चा के अलावा अन्य सामाजिक सेवाओ पर भी विचार विमर्श होगा, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के सत्येन्द्र अग्रवाल (अध्यक्ष), संतोष तिवारी (पारीक) (महामंत्री),पंकज अग्रवाल (कोषाध्यक्ष)ने सभी सदस्यों को इस बैठक में आवश्यक रूप से शामिल होने तथा अपने अमूल्य सुझाव देने का भी आग्रह किया है।

# 11 एवं 12 जनवरी को होगा अग्रवाल समाज के उच्च शिक्षित विवाह योग्य बच्चों का दो दिवसीय परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में आगामी 11 एवं 12 जनवरी 2025 को अग्रवाल समाज के उच्च शिक्षित विवाह योग्य युवतियों का दो दिवसीय अखिल भारतीय एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा,उपरोक्त परिचय सम्मेलन को लेकर जहां व्यापक रूप से तैयारीया की गई है, तो वहीं इस परिचय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से उच्च शिक्षित बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शामिल होंगे तथा परिचय सम्मेलन के संबंध में जानकारी देते हुए मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं




हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन को लेकर लगभग 1000 बॉयोडाटा रूपी पत्रिका का विमोचन 11 जनवरी को सुबह उद्घाटन सत्र में होगा, तथा इस परिचय सम्मेलन में बिना प्रत्याशी के अभिभावकों का भी प्रवेश निषेध रहेगा तो वहीं पूरे आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच एवं महिला इकाई जोर-जोर से जुटी हुई है, एवं आगंतुक समाज बंधुओ एवं प्रत्याशियों के आवास एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जाएगी, जिसके लिए अग्रिम पंजीयन की व्यवस्था की गई है,जिसमें आगंतुक अग्रवाल बंधुओ के लिए एक प्रत्याशी के साथ दो अभिभावक शामिल हो सकेंगे वहीं इस परिचय सम्मेलन के दौरान सम्मेलन स्थल पर कुंडली मिलान के लिए विद्वान पंडित एवं कंप्यूटर की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी, साथ ही परिचय पत्रिका का भी विमोचन होगा एवं पूरे आयोजन को लेकर अग्रवाल समाज के बंधुओ में उत्साह देखा जा रहा है, तथा इस परिचय सम्मेलन के दौरान सभागार में प्रत्याशियों का परिचय आधुनिकतम तरीके से आधुनिक स्टूडियो के माध्यम से कराया जाएगा तो वहीं 11 जनवरी की रात्रि बाबा श्याम के भजनों का भी आयोजन किया गया है।

# सरगुजा सांसद जिले के दूरस्थ अंचल लुल और खोहिर के ग्रामीणों के साथ मनाएंगे नव वर्ष

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज नया साल जिले के दूरस्थ अंचल लुल व खोहिर के ग्रामीणों के साथ मनायेंगे। गौरतलब है कि खोहिर प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत है जो करीब 30 किमी के दायरे में पहाड़ो पर बसा है। भौगोलिक परिस्थितियां के कारण यहां की समस्याएं और चुनौतियां भीं अलग हैं। गौरतलब है कि यह क्षेत्र पंडो जनजाति



बाहुल्य है और इस पंचायत में यह पहला मौका होगा जब कोई सांसद यहां पहुँच रहा है। इस गांव में सांसद महाराज ग्रामीणों के साथ मिलकर यहां नव वर्ष का स्वागत करेंगे साथ ही ग्रामीणों के साथ समय बिताएंगे और यहां रात्रि विश्राम भी करेंगे। यहां सांसद के रुकने के लिए एक झोपड़ी तैयार की गई है।

## आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट "एक" प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम कलमी निवासी मृतक स्व. दोसन कुमार साहू का आग से जलने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी बरत कुमारी पति स्व. दोसन कुमार साहू को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

# 4 से 6 जनवरी तक होगा सतगुरु रितेश्वरजी महाराज का भव्य प्रागट्य महोत्सव

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

आगामी 4,5 एवं 6 जनवरी को अमरताल में सतगुरु रितेश्वर जी महाराज का भव्य प्रागट्य महोत्सव का आयोजन किया गया है, सदगुरू रीतेश्वर श्रीधाम वृंदावन का शुभागमन नए वर्ष में जांजगीर में हो रहा है, इस दौरान 05 जनवरी को गुरुदेव भगवान का प्राकट्य महोत्सव (जन्म दिवस) है, उक्त अवसर पर प्रभु का प्राकट्य महोत्सव मनाने पूरे भारत वर्ष से दूर दूर से श्रद्धालु जन अमरताल आश्रम पहुंचेगे, उपरोक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष पवन सिंघानिया ने बतलाया कि आनंदम धाम आश्रम अमरताल जिला-जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ में 4/5/6 जनवरी को गुरुदेव का दिव्य एवं भव्य प्राकट्य महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें भारतवर्ष के कोने



कोने से आ रहे लगभग 1000 से भी अधिक भक्तजनों/ अतिथियों के 03 दिवसीय आवास एवं भोजन प्रसाद की निःशुल्क व्यवस्था समिति द्वारा की गई है, इसके लिए अग्रसेन भवन अकलतरा/ लिख्मनीया भवन अकलतरा/ मिठायां भवन अकलतरा/ अग्रसेन भवन नैला जांजगीर/ माधव होटल जांजगीर के अलावे आनंदन धाम आश्रम अमरताल में भी व्यवस्था की गई है, आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन सिंघानिया ने बताया के बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए सारी व्यवस्थाएं निःशुल्क है।

# खाटू धाम में होगा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का द्वितीय अंतरराष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का द्वितीय अंतरराष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन आगामी 10 जून 2025 दिन-मंगलवार को बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम राजस्थान में आयोजित किया गया है, तथा उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई मथुरा एवं मथुरा महानगर इकाई के आतिथ्य में आयोजित किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि 10 जून को आयोजित कार्यक्रम में देश सहित विश्व के विभिन्न देशों के भी अग्रवाल समाज के लोग शामिल होंगे तथा इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 31 हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा तो वहीं इस द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन प्रायोजक परिवारों के



सहयोग से होगा। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि 31 अलग-अलग क्षेत्र में दिए जाने वाले सम्मान प्रायोजक परिवारों के सहयोग से दिया जाएगा, अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन 8 जून 2024 को कोलकाता में किया गया था, तथा इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए द्वितीय अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है,जिसके लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार प्रारंभ कर दिया गया है, एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह को लेकर अग्रवाल समाज के ऐसे 31 अलग-अलग क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली हस्तियों से आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से उनका चयन किया जाएगा।

# 10 से 28 फरवरी 2025 तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को कराया जाएगा दवा का सेवन

## जिला समन्वय समिति की बैठक हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट सूरजपुर, के सभा कक्ष में आयोजित की गई। आगामी 10 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में यह बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान कलेक्टर के द्वारा लिम्फेटिक फाइलेरिया एवं हाइड्रोसिल प्रकरण फाइलेरिया नियंत्रण गतिविधि के संबंध में जानकारी ली गई, जिले के 03 विकासखण्ड सूरजपुर, रामानुजनगर एवं प्रेमनगर के योग्य सभी जनसंख्या (02 वर्ष से कम बच्चो, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रोग से ग्रसित) व्यक्तियों को छोड़कर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जायेगी, उन्होने कहा कि



संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.के.डी. पैकरा द्वारा जानकारी देते हुए बताया की 10 से 14 फरवरी 2025 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बुथ लगाकर एवं 15 से 25 फरवरी 2025 तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर 26 से 28 फरवरी 2025 तक छुटे हुए लाभार्थियों को माप-अप राउंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी 2025 तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एम.डी.ए. कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया की फाइलेरिया की दवा खाली पेट नहीं खाना है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मती कमलेश नंदनी साहू, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रिंस जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विवेक सदन नाविक मलेरिया सलाहकार, सी.के. माहेश्वरी, धीरज सिंह डी.एम.सी. पी.सी.आई., ज्योतिरादित्य सिंह उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों के हुनर के बाद भी मेडल से दूर

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में स्टेडियम तो वर्षों से बना हुआ है लेकिन वहां पर समतलीकरण एवं लाइट की व्यवस्था नहीं होने से खिलाड़ी स्टेडियम का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं? स्टेडियम के अंदर शाम होते ही शराबियों का अड्डा बना हुआ है? स्टेडीयम के अन्दर डिस्पोजल, सीसी, तथा अनेक प्रकार के कूड़े कचरे से स्टेडियम भरा पड़ा हुआ है जहां पर अनेकों खिलाड़ी हुनर होते हुए भी मेडल अर्जित नहीं कर पा रहे हैं यह बहुत बड़ी विडंबना महसूस हो रही है। नगर पंचायत होने के बावजूद यहां विधानसभा केंद्र है जहां पर खिलाड़ी तो है लेकिन स्टेडियम में लाइट व्यवस्था चारों ओर नहीं होने के कारण यहां पर शाम होते ही शराबियों का जमवाडा दिखाई पड रहा है। वहीं पर यदि स्टेडियम को समतलीकरण एवं लाइट व्यवस्था किया जाए तो यहां के अनेक खिलाड़ी अपना मेडल के लिए राज्य एव



अंतरराष्ट्रीय मेडल प्राप्त कर सकते हैं। नगर पंचायत का भी नाम ऊचा करेंगे। शासन तो खेल पर ध्यान दे रहा है लेकिन यहां के स्थानीय नेता स्टेडियम में रुचि नहीं लेने एवं देख-रेख के अभाव में यह स्टेडियम खाली पड़ी हुई है। शराबियों के द्वारा जमकर उपयोग किया जा रहा है और अनेकों प्रकार की गन्दगी स्टेडियम के अंदर देखने को मिल रहा है। वहीं पर स्टेडियम के नीचे जो कक्ष बना है उनका यदि जीणोद्धार किया जाए तो वहां खिलाड़ियों के लिए समान रखने की उचित व्यवस्था हो सकती है। नेशनल के साथ में राष्ट्रीय मेडल भी प्राप्त करने के अनेकों खिलाड़ी मौजूद है। क्षेत्र के स्थानीय नेताओं को भी इस स्टेडियम के लिए ध्यान देना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर जाकर अपना हुनर को प्रदर्शित कर सकें और मेडल लेकर अपने जिले का नाम भी रोशन कर सकें।

## जांजगीर चाम्पा एवं जिले के राइस मिल संगठन ने पटाखे फोड़ कर बांटी मिठाइयां

# नए साल में राइस मिल संचालकों को सरकार का बड़ा तोहफा, कैबिनेट की बैठक में मान ली सारी मांगे

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहे राइस मिल संचालकों को छत्तीसगढ़ को प्रदेश की भाजपा नीत विष्णु देव की सरकार ने नए साल के मौके पर बड़ा तोहफा दिया है, तथा सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जहां राइस मिल संचालकों की लंबित पड़ी सभी मांगों को मान लिया है, तो वहीं सरकार के इस निर्णय पर जांजगीर चाम्पा एवं शक्ति जिले के राइस मिल एसोसिएशन ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है, साल 2024 की अंतिम केबिनेट मिटिंग राईस मिलर्स के लिए खुशियों की सौगात लेकर आई। 4 सालों से लंबित कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि, परिवहन व्यय एवं एस.एल.सी के भुगतान का निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छग केबिनेट द्वारा लिया गया। जो कि



आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे मिलर्स के लिए किसी संजीवनी से कम नही। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए जांजगीर-चांपा एवम सक्ति जिले के मिलर्स ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वित्तमंत्री ओ पी चैधरी, स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी, भूपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंग, राम गर्ग व जांजगीर जिले से समन्वय समिति सदस्य अमर सुल्तानिया के प्रति आभार जताते हुए जांजगीर के नेताजी चैक में आतिश बाजी की और मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार करते हुए केबिनेट के निर्णय का स्वागत किया। बता दे कि छग केबिनेट द्वारा साल के अंतिम बैठक में मिलर्स के लंबित वर्ष 2022-23, 2023-24 के कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि, परिवहन व्यय एवं एस.एल.सी का भुगतान का निर्णय लिया जो कि मिलर्स के लिए संजीवनी के समाना हैं।केबिनेट के निर्णय के बाद उत्सव मनाने जुटे मिलर्स को संबोधित करते हुए समन्वय समिति के सदस्य अमर सुल्तानिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार व्यापारी हित एवं किसान हित की सरकार है। सरकार की कथनी एवं करनी में फर्क नही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री साय जी ने राईस मिलर्स के हित में जितनी घोषणाएं की उन सब पर साय-साय अमल भी किया है जिसका लाभ मिलर्स को मिलने लगा है। उन्होने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ को धान कटोरा कहा जाता है, जिसमें जांजगीर-चांपा जिले की पहचान कृषि प्रधान जिले के रूप में है। यहां किसान भाईयों के द्वारा 95 प्रतिशत भूमि पर धान की खेती की जाती है। अमर सुल्तानिया ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के मिलर्स को मिली उनकी बकाया राशि से धान की कष्टम मिलिंग में तेजी आयेगी, सोसायटी से धान का उठाव प्रारंभ हो जायेगा। जिससे किसान भाईयों को धान बेचने में सहुलियत मिलेगी। पूरे प्रदेश में जांजगीर-चांपा जिले के मिलर्स सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे है। प्रदेश में सबसे ज्यादा डिओ जांजगीर-चांपा जिले के मिलर्स भाईयों द्वारा कटवाया गया। सरकार ने बहुत से पेनाल्टी को हटा दिया है, मिलर्स की सभी मांगो को पूरा कर मिलर्स को प्रोत्साहित किया है जिसके लिए जांजगीर-चांपा जिले सहित प्रदेश भर के मिलर्स ने सरकार का आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

### // मुद्रण कार्य के लिए तृतीय निविदा सूचना //

क्रमांक/03/स्था.निर्वा./न.पा./2024 दिनांक 01/02/2025

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई** में वर्ष 2024-25 में होने वाले **नगरीय निकायों** (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में **दिनांक 10.01.2025** को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन उपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. निविदाएँ कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार की जावेगी, जो पूर्णतः भरा हुआ हो तथा आवश्यक दस्तावेज एवं दर पृथक-पृथक लिफाफे में रखा गया हो।
3. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
4. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**अपर कलेक्टर**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

G-242505012/3

# नई शिक्षा नीति से मड़ानार के छात्रों को मिल रही एक नई पहचान

## मुख्यमंत्री साय ने मड़ानार के छात्रों द्वारा बनाएं गए कलाकृतियां को सराहा

पायनियर संवाददाता ≺ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ानार के छात्रों ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण प्राप्त कर लकड़ी की अद्भुत कलाकृतियां बना रहे हैं। इन विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिमंडल के सदस्यों से मंत्रालय स्थित कार्यालय में भेंट की। भेंट के दौरान छात्रों ने लकड़ी से बनाए गए नाम पट्टिका और चित्र मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रियों को उपहार में दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी कार्यालय मेज पर नाम पट्टिका तुरंत लगवाने के साथ मंत्रियों को भी अपने कक्ष में लगाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, बच्चों का जज्बा और लगन बस्तर की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों की कलात्मक क्षमताओं का श्रेय नई शिक्षा नीति 2020 को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य शिक्षा को रुचिकर और रोजगारोन्मुख बनाना था, जो इन बच्चों के कार्यों में झलकता है। यह पहल शिक्षा और कला को रोजगार से जोड़ने का बेहतरीन उदाहरण है। नई शिक्षा नीति ने न केवल उनकी कलात्मक क्षमता को निखारा है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर भी प्रदान किया है। मार्गदर्शक शिक्षक शिवचरण साहू ने बताया कि यह कला बच्चों को प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण के तहत सिखाई गई है। छात्र कशिक, खिलेंद्र बघेल ने नाम पट्टिका और सागर सोरी ने पोर्ट्रेट और संविधान की उद्देशिका तैयार की, शिक्षक ने बताया की इस कला से सालभर में करीब तीन लाख रुपए की आय होती है। ये कलाकृतियां अमेज़न, मीशो और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शिक्षक शिवचरण साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें मोदी 2.0 पुस्तक भेंट की और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद रहे।

# निःशुल्क आंख एवम कान ईएनटी जांच शिविर, 150 लोगो की हुई निःशुल्क जांच



पायनियर संवाददाता ≺ सक्ति
www.dailypioneer.com

सक्ति शहर के बाराद्वार रोड, बेरीवाली मंदिर के पास बिहान नर्सिंग होम एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 31 दिसंबर को स्माईल हियरिंग एंड रिहेबिलिटेशन सेंटर निःशुल्क बहरापन एवं नेत्र जांच शिविर का वृहत आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 11:00 से 2:00 बजे तक चला, जिसमे नाक, कान गला एवं नेत्र रोग से संबंधित समस्या का उपचार किया गया,शिविर में उपस्थित चिकित्सको ने आगंतुक मरीजो को कान में दर्द, कान का पर्दा फटना या कान से पानी बहना, कानों में सीटी जैसी आवाज आना, सुनने व बोलने की हर समस्या का समाधान, कम सुनाई देना (बहरापन) की जांच व ईलाज, आंखों में जाला (मोतियाबिंद) या निकट दृष्टि / दूर दृष्टि दोष (धुंधला दिखना) जांच एवं निवारण, मुंह के छाले, घाव, कैंसर आदि की जांच एवं उपचार जैसे चिकित्सीय परामर्श दिया,एवम इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. नीलेश भट् कान, नाक, गला एवं एंडोस्कोपिक विशेषज्ञ एवं सर्जन, डॉ. चंदा सेठिया भद् नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन एवं कार्निया सर्जन एवं डॉ. जागृति चन्द्रा ने अपनी सेवाएं दी, तथा उपरोक्त निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर के लिए क्षेत्र के लोगों ने परामर्श हेतु अपना अग्रिम पंजीयन करवाया एवं इस शिविर में बिहान नर्सिंग होम एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर हेमेंद्र जायसवाल सहित पूरे स्टाफ भी मौजूद रहे तथा शिविर में कुल 150 लोगों की जांच की गई, जिसमें ईएनटी कान के 80 मरीज, आंख जांच के 45 मरीज एवं फिजियोथेरेपी के 14 मरीजों की जांच की गई, तथा शिविर में सुबह से ही जिले के विभिन्न स्थानों से लोगों ने पहुंचकर इस निशुल्क चिकित्सा परामर्श का लाभ लिया।

# लायंस क्लब मनेंद्रगढ़ प्राइड द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ≺ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



लायंस क्लब मनेंद्रगढ़ प्राइड ने समाज के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर काली मंदिर रोड स्थित मंगल भवन में आयोजित किया गया, जहां प्रमुख रूप से रीजन चेयरपर्सन लायन रजनी अग्रवाल की अगुवाई में यह पहल शुरू की गई। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था, और इसमें लगभग 400 लोग लाभान्वित हुए। स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा सहायताः स्वास्थ्य शिविर में डॉ. लायन मंजुलिका करन और डॉ. त्रिशा दुआ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दोनों चिकित्सकों ने लोगों की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सुझाव दिए। इस दौरान, विशेष रूप से रक्तचाप, शुगर, हड्डियों और पेट संबंधी बीमारियों का परीक्षण किया गया। दवाइयों का वितरणः शिविर में लायन रजनी अग्रवाल ने निःशुल्क दवाइयां वितरित की, जिससे कई गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली। दवाइयां उस समय की सबसे आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा थीं, और यह पहल लोगों के लिए एक बड़ी मदद साबित हुई। आवश्यक व्यवस्थाएंः शिविर के आयोजन में विभिन्न व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा गया। लायन वर्षा गोयल (अध्यक्ष), लायन अंशु अग्रवाल (सचिव) और लायन पूजा श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष) द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई, ताकि सभी आगंतुकों को संतुलित भोजन मिल सके। साथ ही, ला. सुधा सोनी द्वारा चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई। मंच संचालन और सामाजिक उपस्थितिः कार्यक्रम का मंच संचालन लायन पूनम सिंह ने किया, जिनकी सहज शैली ने समारोह को और भी व्यवस्थित और प्रभावशाली बनाया। इस अवसर पर, पत्रकार रामचरित द्विवेदी और पार्षद अजय जायसवाल भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस प्रकार के समाजसेवी प्रयासों की सराहना की और लायंस क्लब की पहल को साधुवाद किया। इसके अलावा, लायंस क्लब मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष लायन जितेश चावड़ा और पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन जसपाल सिंह कालरा भी इस अवसर पर मौजूद थे। समाजसेवी भूमिका और सफलताः लायंस क्लब मनेंद्रगढ़ प्राइड की सभी सदस्य इस शिविर में सक्रिय रूप से शामिल हुए और उनके अथक प्रयासों से शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। इस पहल से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैली और जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हुईं। क्लब द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन न केवल एक चिकित्सा सेवा का रूप है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि लायंस क्लब का कार्य सिर्फ समाज सेवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह लगातार समाज के हर तबके के लिए सशक्त बनाने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# निक्षय मित्रों ने टीबी मरीजों को प्रदान किया पोषण आहार

पायनियर संवाददाता ≺ सुकमा
www.dailypioneer.com

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल देव कश्यप के मार्गदर्शन में टीबी मरीजों को मंगलवार को पूरक पोषण आहार प्रदान किया गया। जिला क्षय उन्मूलन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी जनप्रतिनिधि भुवनेश्वरी यादव के द्वारा 2 मरीजों को गॉड लिया गया एवं पोषण आहार प्रदान किया गया। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संध्या नाग, सरोज बघेल, सिमरन यादव, प्रीतेश्वरी नाग, नम्रता नेताम, लक्ष्मी पोडियम के द्वारा भी 2-2 मरीजों को गोद लिया गया एवं उनके द्वारा भी पूरक पोषण आहार प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि टीबी के मरीजों को भोजन में हाई प्रोटीन खाद्य पदार्थों की आवश्यकता होती हैं जिससे उन्हे बीमारी से लडने में सहायता मिलती है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत इच्छुक लोगों को निक्षय मित्र बनाकर टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया जा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि भुवनेश्वरी यादव, ललित गांधी, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ भीमा बारसे जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश राय, जिला पी पी एम समन्वयक नवीन पाठक, सरफराज नवाज, खेम लाल साहू, पिरामल स्वास्थ्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश सोलंकी, एनटीईपी स्टाफ एवं सीएचओ उपस्थित थे।

# छूटे हितग्राहियों के लिए वार्डों में लगाए जा रहे आयुष्मान कार्ड शिविर

**70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का मिशन मोड में प्राथमिकता से बनाए जायेंगे आयुष्मान कार्ड**

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 से लेकर 48 तक के शहरी वार्डों में आयुष्मान कार्ड के छूटे हुये हितग्राहियों का वार्डों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का मिशन मोड में प्राथमिकता से सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। वार्ड के हितग्राही इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपने वार्ड के मितानिन अथवा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है। सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहरी क्षेत्र में क्रमशः 01 एवं 2 जनवरी 2025 को गांजा चौक, गौशालापारा, दरोगापारा एवं बैकुण्ठपुर में शिविर लगाकर कार्ड बनाया जाएगा। इसी तरह 3 एवं 4 जनवरी को बीडपारा सदर हटरी, दरोगापारा गांधीगंज, भूपदेवगंज एवं जूनाबड़पारा में, 6 एवं 7 जनवरी को बेलादुला, चक्रधर नगर बंगलापारा, कसेरपारा चक्रधर नगर, बिनोबानगर, 8 एवं 9 जनवरी को कौहाकुण्डा, छोटे अतरमुडा, नया अतरमुडा, पंजरीप्लांट, 10 एवं 11 जनवरी को जेलपारा, बाजीरावपारा, मिट्ठूमुडा, फटहामुड़ा, 13 एवं 14 जनवरी को गांधीनगर, अम्बेडकर नगर, झोपड़ीपारा, राजीवगांधी नगर नावापारा, 15 एवं 16 जनवरी को भजनडीपा, देवारपारा, रेलवे बंगलापारा एवं बूढ़ीमाई मंदिर, 17 एवं 18 जनवरी को छातामुड़ा सहदेवपाली, अमलीभौना, सराईपाली बरमुड़ा एवं पतरापाली, 20 एवं 21 जनवरी को भगवानपुर, उर्दना-कृष्णापुर, विजयपुर-गोवर्धनपुर एवं बोईरदादर में आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा।

# अंधविश्वास के कारण जीभ काटने, अंग भंग करने, बलि की घटनाएं . डॉ. दिनेश मिश्र

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा सक्त्ती जिले में मन्दिर में जीभ काटकर चढ़ाने का मामला सामने आया है। डभरा ब्लॉक के ग्राम देवरघटा में शिव मंदिर में एक 16 साल की लड़की ने शिवलिंग पर अपनी जीभ काटकर चढ़ा दिया। लड़की को देखने के लिए ग्रामवासी और आस पास के लोगों भीड़ जुट रही है। यह मंदिर देवरघटा के सोंठी पारा में स्थित है। इसके पहले पिछले दिनों बलरामपुर जिले के एक व्यक्ति कमलेश नगेशिया ने अपने 4 वर्ष के बच्चे की बलि दे दी उसके कुछ दिनों पहले नवरात्रि में भी कोरिया जिले में एक धनेश्वर नामक बालक की बलि का मामला सामने आया था अंधविश्वास के कारण यह घटनाएं अत्यंत दुखद है। ग्रामीणों को अंधविश्वास नहीं करना चाहिए एवं कानून को हाथ में नहीं देना चाहिए। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा- अंधविश्वास में पड़ कर व्यक्ति मानसिक रुप में असंतुलित हो जाता है और वह मिथकों पर पूरी तरह भरोसा करने लगता है, कही सुनी किस्से कहानियां, भ्रामक खबरें अफवाहें उसे और भी भ्रमित कर देती हैं और वह अपराध कर बैठता है। डॉक्टर दिनेश मिश्र ने कहा लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता है जिससे लोग सुनी सुनाई घटनाओं अफवाहें और भ्रामक खबरों पर भरोसा ना करें और अंधविश्वास में ना पड़े। डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कुछ मामलों में व्यक्ति किसी इष्ट देवी, देवता का सपना आने और सपने में बलि मांगने की बात भी कहते हैं और कहते हैं कि उन्होंने उनके आदेश पर किसी की बलि /कुर्बानी दे दी है। जबकि लोगों को यह सोचने की आवश्यकता है कि किसी की जान लेकर कर कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता और उसे अपराध करने के करण अंततः जेल जाना पड़ता है। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा अंधविश्वास के करण जो व्यक्ति मानसिक उद्वेग में चला जाता है तब वह कई बार स्वयं के अंदर किसी अदृश्य शक्ति में प्रवेश होने की बात भी करता है तथा वह किसी के सपने में आने या किसी के आदेश देने या कानों में आवाज सुनाई पढ़ने ऐसी बातें भी करता है जबकि यह एक प्रकार का मानसिक विचलन का ही कारण है ,यह एक प्रकार का मासिक संतुलन का प्रतीक है और बहुत सारे लोग बहुत संवेदनशील होते हैं और वह भावावेश में आकर कानून हाथ में लेते हैं, इनमें से कुछ लोग सार्वजनिक रुप से भी असंतुलित व्यवहार भी प्रकट करते हैं जैसे झूमना ,बड़बड़ाना मारना पीटना आदि। अंधश्रध्दा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कि इस तरह की भक्ति भावना से कोई कभी खुश नहीं होता है न ही शास्त्रों में इस तरह की कोई विधि बताई गई है। सच्ची मनोकामना से भक्ति कीजिए, हमेशा सभी को सुख समृध्दि मिलेगी हैं। न कि देवी देवता किसी पशु बलि की मांग करते हैं, यदि आप किसी देवी देवताओं में आस्था रखते हैं। तो उनकी पूजा अर्चना करें, लेकिन किसी जीव की बलि देना या अपना कोई अंग काटकर चढ़ाना देव प्रसन्न करने की अंधविश्वास है। इसे कानूनी अपराध भी माना गया है। हमारे शरीर के कई महत्वपूर्ण अंग है, लोग अपनी जीभ, उगली, काटकर धार्मिक स्थल में समर्पित करते हैं इसके बाद जीवनभर के लिए अपंग हो जाते हैं। ऐसे में किसी चिकित्सक को किसी को दिखाया जाए उसका उपचार हो, उसकी सभी तरह से काउंसलिंग की जाए तो व्यक्ति ठीक हो जाता है और समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

# डीएलएड के प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



समाधान महाविद्यालय में पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित 10 दिवसीय प्रशिक्षण की कक्षाएं डीएलएड के प्रशिक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन में प्रशिक्षणार्थियों ने अनुभव साझा करने के लिए कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को संपूर्ण पाठ्यक्रम के साथ लेसन प्लान, माइक्रो टीचिंग, शिक्षण विधि व प्रविधि से प्रशिक्षित कराया गया। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष निधि तिवारी ने बताया कि अच्छे शिक्षण के लिए विषयी ज्ञान को मजबूत करना व सही मानसिकता को लाना अनिवार्य हैं। प्रशासनिक अधिकारी व कार्यक्रम समन्वयक उमेश सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षक का मूल कर्तव्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर विकास की ओर अग्रसर करना है। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य सीख व समझ को व्यवहार में लाकर क्रियान्वित करना हैं। वरिष्ठ सहायक अध्यापक डॉ. जी.डी. मानिकपुरी अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षक बगीचे के माली की तरह होता है, जो पौधों की देखभाल करता है और उन्हें विकसित करने में मदद करता है। वह छात्रों को ज्ञान और कौशल प्रदान करता है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करता है, जिससे वे अपने जीवन में सफल हो सकें। सहायक प्राध्यापक रूपेंद्र डहरिया ने बताया कि शिक्षक का मूल कर्तव्य सकारात्मक विचारों को अपने कार्य व व्यवहार में लाने तथा समाज व राष्ट्र के समक्ष जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करने से प्रमाणित होता हैं। सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिन्हा ने कहा कि गुरु का जीवन प्रमाणिकता से जीने पर ही सफल माना जाता हैं। समझदारी व जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वाह करने से ही जीवन में वास्तविक सुख की प्राप्ति होती हैं। सहायक प्राध्यापिका नंदिनी वर्मा ने हमेशा बेहतर की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहने तथा विद्यार्थियों की मनरू स्थिति को समझ कर अपने शिक्षण कार्य को संपन्न का सुझाव दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने क्रम से प्रशिक्षण के अनुभव को साझा किया। छात्राध्यापक अरविंद ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त किए गए कौशल व ज्ञान को हम अपने शिक्षण में जरूर उपयोग करेंगे। छात्राध्यापक गोविंद साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण से हमें यह ज्ञान प्राप्त हुआ कि हमें विद्यार्थियों को वास्तव में कैसे पढ़ाना हैं? छात्राध्यापिका मधु ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि काल्पनिक शक्ति व वातावरण सीखने में सहायता प्रदान करते हैं। छात्राध्यापिका आयुषी मिश्रा ने कहा कि शिक्षक की भाषा शैली में पकड़ व पाठ्यक्रम समय में पूर्ण करने का कौशल भी होना चाहिए। छात्राध्यापक गौतम ने बताया कि इस प्रशिक्षण से हमें मित्रवत व्यवहार करने व टीमवर्क में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ। छात्राध्यापिका पायल ने बताया कि शिक्षक को विषयवस्तु को विद्यार्थियों के समक्ष अच्छे से प्रस्तुत करने की कला आना अनिवार्य हैं। कार्यक्रम में छात्राध्यापक बिनू सिंह नेताम ने हास्य कविता एवं अरविंद ने छत्तीसगढ़ी भाषा में कविता की प्रस्तुति दी।

# रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए बच्चों ने ली शपथ

पायनियर संवाददाता ≺ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



पंडित रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर में पी.सी.आई. के डी.एम.सी धीरज कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को फाइलेरिया रोग से बचाव तथा आगामी 10 फरवरी 2025 से चलने वाले एम.डी.ए. कार्यक्रम पर चर्चा की गई, साथ ही बच्चों के साथ फाइलेरिया को लेकर सवाल जवाब भी किये गए। सभी महाविद्यालय प्रोफेसर, एन.एस.एस. प्रभारी अनिल कुमार व छात्र-छात्राओं ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन को लेकर शपथ भी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं सी.के. माहेश्वरी, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर रायगढ़ मेडिकल कालेज चिकित्सालय की सुविधाओं में विस्तार

## सीएम साय की पहल पर नए साल में मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शासकीय अस्पतालों में आम नागरिकों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देश पर नए वर्ष की शुरूआत में ही चिकित्सा सुविधाओं की सभी लोगों को सुगम एवं सहज उपलब्धता हो सके, यह प्रयास किया जा रहा है। स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की सुविधा हेतु सभी तलों (फ़्लोर) में कक्ष का शुभारंभ 1 जनवरी 2025 को किया गया है। वित्त मंत्री और रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता हेतु किया जा रहे इस पहल का स्वागत किया है। मेडिकल कालेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ. विनित कुमार जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. मिंज के अनुसार इस सुविधा विस्तार से भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा होगी। इससे अनावश्यक भीड़ एवं कतार का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय की बचत होगी। पूर्व में यह सुविधा सिर्फ एमआरडी के रजिस्ट्रेशन ओपीडी काऊंटर के समीप ही उपलब्ध थी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके मिंज के अनुसार आयुष्मान योजना कक्ष के विस्तार के साथ ही चिकित्सालय में अब ओपीडी, आईपीडी मरीज़ के जाँच के लिये अलग से जाँच पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं। सभी जांच पूर्णतः निःशुल्क है। ओपीडी की 10 रुपये की पंजीयन पर्ची एवं आईपीडी मरीज के लिये 85 रुपये की पर्ची के अलावा अलग से पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं। इसके संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही एक नई पहल करते हुए चिकित्सालय में सुझाव एवं शिकायत पेटी (बॉक्स) की व्यवस्था की गई है। साथ ही वार्ड में भर्ती मरीज के इलाज के सम्बन्ध में प्रतिदिन चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता और व्यावसायिक सलाहकार द्वारा फीडबैक लिया जा रहा है। सुझाव एवं शिकायत पेटी में प्राप्त पत्र एवं फीडबैक को अस्पताल प्रबंधन द्वारा समिति में रख कर उसका निराकरण किया जाएगा।

# हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में बच्चों को बाल अधिकार कानूनों की दी जा रही है जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई विभिन्न हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों के खुलने के साथ ही स्कूलों में बच्चों को उनके अधिकारों, बच्चों से संबंधित कानूनों एवं उनके सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जा रही है। विकासखण्ड सूरजपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बच्चों को बाल विवाह अब केवल कुरीति ही नहीं बल्कि अपराध है। बाल विवाह करने में एक लाख जुर्माना एवं दो साल के सजा का प्रावधान है। उन्होने बताया कि बाल विवाह बालिका का विकास रुक जाता साथ ही उनके शिक्षा में अवरोध आ जाता है। कम उम्र में बालिका अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पाती है। इसलिए इस क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त कराना है। इस अभियान के लिए सभी बच्चों एवं शिक्षकों, सरपंच, सचिवों एवं अन्य विभाग के सभी को सक्रिय होने की आवश्यकता है। सभी बच्चों यौन अपराध से बचने की उपायों की भी जानकारी दी गई। साथ ही पॉक्सो एक्ट के संबंध में सभी को जागरूक किया, सभी बच्चों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी दी। सभी बच्चों को चुटपी तोड़ने हेतु जागरूकता किया गया। यौन शोषण से बचने के लिए नो-नो टेल एफआईआर जैसे सुक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त सूरजपुर बनाने में सहयोग का आह्वान किया बच्चों से भिक्षा वृत्ति कराना एक जघन्य अपराध है बच्चों को भिक्षावृत्ति करते देखने पर इसकी सूचना 1098 पर देने का आह्वान किया गया। बच्चों को नशे से बचाने ले लिए किशोर न्याय अधिनियम में प्रावधान दिए गये है। इसमें बच्चों को नशे में संलिप्त करने के लिए बंद प्रावधान दिये गये है। बच्चा नशे से दुर रहेगा तो आने वाला भविष्य की ठीक होगा और यदि अभी बच्चा नशे में संलिप्त हो जाता है तो हमारा भविष्य भी खराब होने वाला है। इसलिए हमे अपने क्षेत्र के बच्चों को नशे से दूर रखना है और बच्चे अपने अभिभावकों को भी नशे से दूर रहने का आग्रह करें। अवैध दत्तक ग्रहण के संबंध में भी जानकारी दी गई बताया गया कि बच्चे को गोद लेने और देने की प्रक्रिया किशोर न्याय अधिनियम में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त किसी प्रकार से भी गोद लेना और गोद देना दोनो अपराध है। जिसमें दोनों को दो वर्ष का सजा एवं एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान है। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, प्रभारी प्रचार्य कृष्णा नायक, संचालक लीना खाख, आराधना कुशवाहा, नीलम मिंज, सुनीता सिंह, मती अंजू निगम, मती शिप्रा यादव, ज्योति शर्मा, तरन्नुम परवीन, पद्म जायसवाल, शिवकुमार साहू, ममता मजूल, सोनम घोष, पवन धीवर उपस्थित थे।

# ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुनने सांसद चिंतामणि महाराज पहुंचे ओड़गी के लुल्ह ग्राम

## सुनी ग्रामीणों की समस्याएं और अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत घने जंगलों के बीच बसे ग्राम लुल्ह पहुंच सांसद चिंतामणि महराज ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणजनों की समस्याओं के निदान हेतु चिंतामणि महराज बिहारपुर लुल्ह बैजनपाट पहुंच गये थे। जहां उन्होंने रात्रि विश्राम कर 01 जनवरी को क्षेत्रवासियों की समस्याओं को एक एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और उपस्थित अधिकारियों को समस्या के निदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा सुआ नृत्य कर उनका स्वागत किया गया। महराज ने भी ग्रामीणों संग मिलकर करमा नृत्य किया। अपने लुल्ह ग्राम प्रवास के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद चिंतामणि महाराज लुल्ह ग्राम पहुंच कर छिंद से बने झोपडी में रात गुजारी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ ही उनके पारंपरिक जलपान थूरू कंदा, महुआ लाटा व देशी रोटी ग्रहण किया। अपने प्रवास में सांसद चिंतामणि महराज ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के शिकायतों को सुना। लोगों द्वारा ग्राम में फर्जी पट्टा बनवाने को लेकर शिकायत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कि दुरी 30 किलोमीटर होने के कारण उन्हें कई गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्हें राशन के लिए भी यहां के लोगों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने सांसद महराज से लुल्ह में ही राशन दिलाने कि मांग की है जिसपर उन्होंने इन समस्या के समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एवं जाति, फौती, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड की सुविधा के लिए सांसद महाराज ने जनपद सीईओ व तहसीलदार को कैंप लगाकर ग्राम खोहिर, लुल्ह, भूण्डा, बैजनपाट के ग्रामीणों का समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया।

# ई-अपशिष्ठ प्रबंधन पर जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ई-अपशिष्ठ प्रबंधन पर जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल भिलाई के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, प्रधान पीठ नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम 2016 के अनुरूप ई-अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाना है। ई-अपशिष्ट के अनाधिकृत रूप से संग्रहण, विनिष्टिकरण, रिसायकलिंग एवं आगजनी को रोकना इसका उद्देश्य है। इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण, बिक्री, खरीदी और प्रसंस्करण के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट ही ई-अपशिष्ट है। एनजीटी द्वारा जारी नियम सभी उत्पादकों, निर्माताओं, उपभोक्ताओं/थोक उपभोक्ताओं, डीलरों, नवीनीकरणकर्ताओं और ई-खुर्दा विक्रेताओं को लागू होगा। समिति द्वारा ई-अपशिष्ट उत्पादन की सूची तैयार करने ऐसे उत्पादकों की पहचान जिन्होंने ईपीआर प्राधिकरण प्राप्त नहीं किया है। उत्पादकों द्वारा एकत्रित ई-अपशिष्ट की मात्रा का सत्यापन एवं अपशिष्ट संग्रहण के लिए उपलब्ध कराई गई प्रणाली का सत्यापन ई-अपशिष्ट के अनाधिकृत ट्रेडिंग, डिस्मेल्टिंग एवं रिसायकलिंग की जांच तथा ई-अपशिष्ट के संग्रहण एवं निपटान को सुगम बनाने पर रायसुमारी की गई। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे, पर्यावरण अधिकारी मती अनिता सावंत, नगरीय निकायों के आयुक्त, सभी एसडीएम और वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# भव्य तिरंगा यात्रा से किया नववर्ष का स्वागत







पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के प्रमुख मार्ग नए वर्ष की सुबह भारत माता और भारतीय सेना के जयकारे से गुंजायमान हो गए जब छत्रपति शिवाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने नववर्ष के स्वागत में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल व कोलंबिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण दुबे थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को देश सेवा का महत्व बताते हुए देश हित में काम करने की अपील की। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। स्कूल संचालक मुकेश शाह ने बताया कि विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम की भावना से नववर्ष का स्वागत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल द्वारा एक जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी भव्य तिरंगा यात्रा 1 जनवरी को ठीक सुबह सात बजे अंबा देवी मंदिर प्रांगण, सत्तीबाजार से निकाली गई जो वहां से आजाद चौक, तात्यापारा, फूलचौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक,सदर बाजार होते हुए वापस अंबा देवी मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा में सभी विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा झंडा व देशभक्ति के नारों वाली तख्तियां थीं। भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी समेत अनेक महापुरुषों के वेश में, रानी लक्ष्मीबाई व सेना की वर्दी में अनेक विद्यार्थी शामिल हुए।

सुसज्जित बग्घियों पर ये महापुरुष वेशधारी बच्चे सवार थे। जहां एक ओर गाड़ियों में लगे साउंड सिस्टम से देशभक्ति के गाने बजते रहे वहीं दुसरी तरफ शानदार बैंड में बजने वाले देशभक्ति के गीतों पर विद्यार्थी थिरकते चले। पूरे रास्ते छात्रों ने भारत माता की जय, वंदेमातरम, भारतीय सेना ज़िंदाबाद, वीर शहीद अमर रहे, तिरंगा झंडा ज़िंदाबाद आदि नारों से सभी मार्गों को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। रास्ते में विद्यार्थियों द्वारा राहगीरो व नागरिकों को निःशुल्क तिरंगा बैच वितरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या रशीदा फजली, निर्मला बिसेन, मौली चटर्जी, किरण साहू, पार्वती देवांगन, रुपा साहू, माया चौहान समेत अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# 600 बोरा अवैध धान ज़ब्त



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर अवैध धान परिवहन व भंडारण को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत सूरजपुर एस.डी.एम. मती शिवानी जायसवाल, खाद्य एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा 01 ट्रक में 600 बोरा धान ज़ब्त कर थाना जयनगर को सुपुर्द किया गया है । इसमे से कुछ धान के बोरे राजापुर निवासी के गोदाम पर खाली किया गया था और मौके पर कुछ बोरा ट्रक पर ही पाया गया। प्रकरण की जाँच की जा रही है और मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।

# जिले के 74,967 किसानों से 3,53,310 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 74,967 किसानों से 3,53,310.20 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। 30 दिसम्बर तक 81,317.38 लाख रूपए का धान खरीदा जा चुका है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदा जाएगा। अब तक 78,317.47 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही किसानों से लिंकिंग की राशि 22,717.95 की वसूली की जा चुकी है। जिले में अब तक 8,379.72 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के पोर्टल स्टेज-2 में लंबित कुल 11556 प्रकरणों का समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें से 3397 प्रकरण स्टेज-02 (डीएम पोर्टल) में एवं 8159 प्रकरण कार्यालय नगर निगम दुर्ग द्वारा दर्जी एवं मेसन के प्रकरणों का भौतिक सत्यापन उपरांत प्राप्त प्रकरण है। स्टेज-2 में लंबित कुल 11556 प्रकरणों में डीएम पोर्टल के 3397 प्रकरण एवं कार्यालय नगर निगम दुर्ग से दर्जी एवं मेसन के भौतिक सत्यापन रिपोर्ट अनुसार प्राप्त 8159 प्रकरणों में से 7405 प्रकरण अनुमोदित एवं 754 प्रकरण निरस्त किया जाकर 10802 प्रकरण स्टेज-03 में अग्रेषित करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार मेसन एवं दर्जी के ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का विचार किया गया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक सिमोन एक्का, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक पी.वी.आर.एस. प्रकाश राव, एमएसएमई कार्यालय रायपुर के सहायक संचालक दामोदर बेहरा, श्रम विभाग के श्रम आयुक्त बसंत वर्मा, शासकीय आई.टी.आई दुर्ग के प्रतिनिधि ए.ए. मंसूरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में आवेदक स्वयं कर सकेंगे जानकारी संशोधन

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें 18 प्रकार के परंपरागत व्यवसाय/ट्रेड हेतु ऑनलाइन आवेदन सी.एस.सी. सेंटर के माध्यम से किया जाता रहा है। उक्त योजना के अंतर्गत आवेदकों द्वारा पीएमव्ही पोर्टल में एप्लिकेंट लॉगिन कर अपने आवेदन अद्यतन स्थिति व निजी जानकारी जैसे नाम, पता, बैंक आई.एफ.एस.सी. कोड में परिवर्तन करने की सुविधा है। यदि कोई आवेदक अपने आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन करना चाहता है तो वे उक्त पोर्टल पर लॉगिन कर आवश्यकता अनुसार संशोधन कर सकते हैं।

# संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय में इंग्लिश क्लब का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के बगीचा विकासखंड में समूचे ब्लॉक में अंग्रेजी विषय की नींव को और अधिक सुदृढ़ और मजबूत बनाने के लिए इंग्लिश क्लब की स्थापना कर शासकीय महाविद्यालय बगीचा ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम के मार्गदर्शन में तथा अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में इंग्लिश क्लब की पहल की गई इंग्लिश क्लब का उद्देश्य है ब्लॉक के सभी ग्रामीण स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क अंग्रेजी की कोचिंग प्रदान करना तथा एम. ई. सी. (मोहल्ला इंग्लिश क्लिनिक) बनाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना तथा साथ ही साथ अभिभावकों को गुड पेरेंटिंग की जानकारी देना तथा स्टडी कॉर्नर बनाकर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक बनाना. उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि ईमा मिंज सरपंच टटकेला ग्राम पंचायत द्वारा इंग्लिश क्लब की लांचिंग की गई. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव यादव जी उपस्थित रहे. महाविद्यालय के अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजीव रंजन तिग्गा द्वारा अतिथियों का परिचय दिया गया तथा पुष्प गुच्चो से स्वागत अभिनंदन किया गया. विशेष व्याख्यान हेतु पधारे शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज बुढार मध्य प्रदेश के डॉ मनोज कुजूर असिस्टेंट प्रोफेसर बॉटनी तथा एन सी सी कैप्टन ने अपने प्रेरणादायक उदबोधन द्वारा छात्र-छात्राओं का दिल जीत लिया. डॉ कुजूर ने सभी छात्र छात्राओं को अपने संघर्ष की कहानी बताई तथा उन्हें अंग्रेजी विषय को गंभीरता से पढ़ने की सलाह दी उन्होंने कहा आज के युग में अंग्रेजी की पकड़ होनी बेहद जरूरी है सही उच्चारण के साथ सही अंग्रेजी सीखें तो आपके व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने उन्हें शॉल तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।


## छत्तीसगढ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर

### // काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि, नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल / वन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

**नीलाम दिनांक-07.01.2025 नीलाम समय प्रातः 09.00 से**

| प्रजाति | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| साल | 507 | 55.501 | 136 | 28 |
| बीजा | 87 | 13.567 | 5 | - |
| साजा | 54 | 4.207 | 7 | - |
| सागौन | 131 | 23.928 | 17 | - |
| धावड़ा | 255 | 28.389 | - | - |
| हल्दू | 51 | 11.327 | - | - |
| तिन्सा | 79 | 6.678 | - | - |
| जामुन | 46 | 3.963 | - | - |
| तेन्दू | 29 | 4.270 | 2 | 1 |
| अन्य | 287 | 28.687 | 63 | 17 |
| **योग :-** | **1526** | **180.517** | **230** | **46** |

**दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)**

01. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है ।
04. ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा।
05. ईमारती काष्ठ के लॉट क्रमांक 25NAR00EIT से 25NAR00E46T तक पुराना लॉट है।

**वनमण्डलाधिकारी,**
**नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर**

G-242504983/5


**राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए कराया जा रहा है रकबा समर्पण, अलग अलग मामलों में कार्यवाही कर जिला प्रशासन द्वारा 1173 बोरी धान जब्त**

# बसदेई धान उपार्जन केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com







तीन अलग अलग मामलों में जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए 1173 बोरी धान जब्त किया गया है। प्रतापपुर क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर के नेतृत्व में नायब तहसीलदार मुकेश दास, नायब तहसीलदार संजय शर्मा व खाद्य निरीक्षक शशी जायसवाल, रेवटी चौकी स्टाफ के संयुक्त टीम द्वारा अवैध परिवहन के दौरान श्याम ट्रेडस द्वारा योद्धा पिकअप से 100 बोरी (अनुमानित वजन 40 क्विंटल) अवैध धान का परिवहन करते हुए शांतिनगर प्रतापपुर में बोरी धान जब्ती की कार्यवाही करते हुए प्रतापपुर थाना में धान एवं पिकअप सुपुर्द किया गया है। इसके अलावा एक अन्य कार्यवाही में ग्राम चाचीडाड में श्याम गुप्ता के गोदाम से एवं गोदाम के सामने खड़ी ट्रक में 700 बोरी धान लगभग 280 क्विंटल जब्त किया गया। जिसे थाना रेवटी के सुपुर्द में दिया गया। इसके अलावा संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम रेवटी में अनुपम पटेल के यहाँ पुराना धान 373 बोरी, लगभग 149 क्विंटल जब्त की गई एवं गोदाम सील करने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में राजस्व खाद्य एवं पुलिस की टीम सक्रिय रही। इसके अलावा धान के मामलों में निरंतर किसानों से रकबा समर्पण का कार्य भी कराया आज रहा है। राजस्व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए किस्मत पति चंद्र देव बिहार पुर का 61 क्विंटल धान, जगदीश पिता सूरजभान नवाटोला का 159.6 क्विंटल धान रकबा समर्पण कराया गया। गौरतलब है कि जिले में अब तक 40717 किसानों से 2186227.0क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें 803927.0क्विंटल का उठाव किया जा चुका है। जिले में अबतक 10448 किसानों ने 631हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा जिले के धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत उन्होंने आज बसदेई धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया एवं धान खरीदी व उठाव हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# पटवारी गांव-गांव जाकर करेंगे बी-वन का वाचन,नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार एवं नक्शा बंटाकन के प्रकरणों का होगा त्वरित निराकरण

## कलेक्टर के निर्देश पर पथरिया एस.डी.एम. ठाकुर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव के द्वारा जिले के सभी पटवारी को फील्ड में भेज कर बी-वन का वाचन करने एवं अभियान चलाकर नामांतरण, बंटवारा, नक्शा बटांकन आदि राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में पथरिया एसडीएम बी.आर.ठाकुर द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ठाकुर ने बताया कि हल्का पटवारी गांव में उपस्थित होकर बी-वन का वाचन करेंगे और जो खातेदार बी-वन वाचन के समय उपस्थित नहीं हुए हैं उनके घर-घर जाकर त्रुटि सुधार, फौती नामांतरण की जानकारी प्राप्त करेंगे और इसका दैनिक रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि वीडियो कॉल के माध्यम से सभी पटवारियों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है और इसकी सतत मॉनिटरिंग के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ठाकुर ने बताया कि अनुविभाग के थाना प्रभारियों की बैठक कर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को असामाजिक तत्वों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में गुटका तंबाकू आदि नशीले पदार्थ के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए संबंधित दुकानों एवं ठेला संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अनुविभाग के राजस्व अधिकारियों को इस संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियमित भौतिक सत्यापन, अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पथरिया तहसीलदार छाया अग्रवाल, सरगांव तहसीलदार अतुल वैष्णव सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीएम आवास के हितग्राहियों से की मुलाकात, निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर दिया जोर

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम तिवारी नवांगांव में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का निर्माण केवल एक बुनियादी आवश्यकता नहीं, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है और इसे पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे घरों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से बातचीत कर अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर लाभार्थी को समय पर, पूरी गुणवत्ता के साथ अपना आवास मिलना चाहिए, ताकि वे जल्द से जल्द अपना नया घर पा सकें। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने लाभार्थियों से कहा कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पूरी तरह से उठाएं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का सही तरीके से उपयोग करें। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहि उपस्थित थे।

## कलेक्टर कटारा की अच्छी पहल,अब जिले वासी कर सकेंगे सीधा संवाद

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने जिले के आम नागरिकों की सुविधा एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से संयुक्त जिला कार्यालय में आने वाले आमजनों से मुलाकात के लिए दिन व समय निर्धारित किया है। अब कार्यालयीन दिवस में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और बुधवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कलेक्टर कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर मुलाकात की जा सकेगी और प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक के पश्चात जनदर्शन में आम नागरिक कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे। जन भावनाओं को देखते हुए एवं जन से जुड़ी हुई समस्याओं को निराकरण करने के लिए कलेक्टर राजेंद्र कटारा की यह अच्छी पहल की लोग करेंगे अब प्रसंसा।

# होम मेकओवर के साथ करें नए साल की शुरुआत और अमेजन.इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ करें बड़ी बचत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन.इन के होम शॉपिंग स्प्री के साथ नए साल का जश्न धूमधाम से मनाएं, जिसमें ग्राहकों को वाटर हीटर्स, किचन एप्लाएंसेस, फर्नीचर और अन्य कई उत्पादों के विस्तृत चयन पर आकर्षक ऑफर्स और कैशबैक मिलेगा। ग्राहक 3 जनवरी से लेकर 7 जनवरी, 2025 तक ओरिएंट, हैवेल्स, बॉश, लाइफलॉन्ग और अन्य ऐसे कई शीर्ष ब्रांड्स के सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पादों पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं। इस नए साल में शानदार डील्स का लाभ उठाएं और अपने पसंदीदा घरेलू सामान की खरीदारी करें। यहां अमेजन.इन पर विक्रेताओं की रोमांचक डील्स के साथ कुछ लोकप्रिय होम, किचन और आउटडोर उत्पाद दिए गए हैं। ओरिएंट इलेक्ट्रिक अरेवा पोर्टेबल रूम हीटर : यह रूम हीटर बेहतर गर्माहट के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ बहुमुखी दो-तरफा प्लेसमेंट प्रदान करता है। इसकी 2300 आरपीएम मोटर और एडजस्टेबल हीट सेटिंग पूरे सर्दियों के मौसम में आराम सुनिश्चित करती है। इसे अमेजन.इन पर 1,499 रुपए में खरीदा जा सकता है। हैवेल्स एडोनिया स्पिन 25 लीटर स्टोरेज वाटर हीटर : इस हीटर के साथ बेहतरीन हीटिंग की गर्माहट का अनुभव करें। इसका हैवी-ड्यूटी हीटिंग एलिमेंट उच्च प्रदर्शन और त्वरित हीटिंग सुनिश्चित करता है, जिससे यह आपकी पानी गर्म करने की ज़रूरतों के लिए एक बेहतर विकल्प बन जाता है। इसे अमेजन.इन पर 11,499 रुपए में खरीदें। बॉश प्रोफेशनल जीडब्ल्यूएस 600 एंगल ग्राइंडर : कुशल कटिंग, ग्राइंडिंग और पॉलिशिंग कामों के लिए एकदम सही, इस हल्के ग्राइंडर में 670 वॉट ब्रश मोटर, 2 पोजीशन साइड हैंडल, लॉक ऑन स्विच और बहुत कुछ है। इसे अमेजन.इन पर 2,199 रुपए में खरीदें। बॉश प्रोफेशनल जीएसबी 500 आरई कॉर्डेड-इलेक्ट्रिक ड्रिल टूल सेट : यह कॉर्डेड ड्रिल सेट 500 वॉट मोटर, आसान हैंडलिंग के लिए कॉम्पैक्ट और हल्के डिज़ाइन के साथ दोहरे मोड की कार्यक्षमता प्रदान करती है। इसके अलावा, यह विभिन्न तरह के कामों के लिए लचीलापन प्रदान करने के लिए परिवर्तनीय गति नियंत्रण और 10 मिमी चक के साथ आती है।

# उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता के साथ बैठकर मद भागवत कथा का श्रवण किया

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भागवत कथा हुए शामिल





पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम तिवारी नवागांव और ग्राम सिंघनपुरी (हाथीडोब) में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने मद भागवत पुराण पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश तथा क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। उपमुख्यमंत्री शर्मा क्षेत्र की जनता के साथ बैठकर मद भागवत कथा श्रवण किया। कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धार्मिकता को हमेशा संजो कर रखना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू को सही दिशा देने का मार्गदर्शन है। उपमुख्यमंत्री ने कथा के माध्यम से समाज में सत्य, धर्म और शांति की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्राम तिवारी नवागांव और ग्राम सिंघनपुरी (हाथीडोब) के स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# सुखमय जीवन के कामना के साथ शिक्षक को दिया गया विदाई

- आयोजन पश्चात छात्रों ने अतिथियों के साथ किया न्योता भोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय कन्या माध्यमिक शाला रामानुजनगर के शिक्षक श्यामलाल ठाकुर को सेवानिवृति तिथि पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दिया। शिक्षक ठाकुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 02 फरवरी 1983 से सहायक शिक्षक के पद पर सेवा प्रारंभ कर आज 42 वर्ष 10 माह 27 दिन शिक्षकीय कार्य करते हुए आप लोगो के मध्य पद से निवृत हो रहा हूं। इस लंबे सेवा काल में मुझे छात्रों, पालकों, ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भरपूर स्नेह और सहयोग मिला। पूरे सेवाकाल में मै विद्यार्थी ही बना रहा। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने ठाकुर सर को रिटायरमेंट पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनके साथ बिताए गए पलों को याद किया, उन्होंने कहा कि ठाकुर सर अपने जीवन काल में कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक रहे। जब मैं इसी संकुल का संकुल समन्वयक था तभी से ही ठाकुर सर का छात्रों एवं नवाचारी शिक्षा के प्रति लगाव का अनुभव मैने किया है, छात्र ही इनकी संपत्ति रहे। बीपीओ साक्षर भारत रविंद्रनाथ तिवारी ने ठाकुर को शुभकामना देते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सराहना किया। व्याख्याता हरेकृष्ण उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि 43 साल निर्विवाद और गरिमा के साथ सेवा पूर्ण करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो कम लोगों को ही नसीब होता है।

# ग्राम डिंडोरी में 125 क्विंटल अवैध धान जब्त



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से लगातार जारी है। वहीं अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों-बिचैलियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार क्षेत्र में राजस्व, कृषि एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्राम डिंडोरी में पुष्पराज साहू द्वारा अवैध धान 312 बोरी (125 क्विंटल) भंडारण पाया गया। पूछताछ करने पर पुष्पराज द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज पेश नहीं किए जाने के कारण संपूर्ण धान की जब्ती की कार्यवाही की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार सी. पी. सोनी एवं शांतनु तारम, आर.ए.ई.ओ. रामेश्वर ध्रुव, अशोक क्षत्रिय, उप निरीक्षक विहर्षवर्धन पाटले और भूपेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा किया शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



मछली पालन विभाग सूरजपुर अंतर्गत शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का भ्रमण कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन द्वारा किया गया। इस दौरान प्रक्षेत्र के मत्स्य बीज हैचरी, संवर्धन पोखर, मत्स्य प्रजनक तालाब एवं पानी सप्लाई हेतु गोबरी नदी में बने इंटेकवेल का निरीक्षण करते हुये प्रक्षेत्र में लगे प्लांटेशन का भी अवलोकन कलेक्टर द्वारा किया गया। इस सम्बन्ध में सहायक संचालक मछली पालन द्वारा जानकारी दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्पान उत्पादन का लक्ष्य 350 लाख के विपक्ष में 410 लाख एवं स्टैण्डर्ड फाई उत्पादन का लक्ष्य 80 लाख के विपक्ष में 80 लाख उपलब्धि प्राप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत मछली पालन से जुड़े हुये मत्स्य कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज फिंगरलिंग प्रदाय किया जाता है। इस दौरान कलेक्टर द्वारा प्रक्षेत्र में पानी की उपलब्धता हेतु नदी में बनाये गये स्टापडेम डिसिल्टंग कार्य एवं प्रक्षेत्र पहुंच मार्ग को सुगम बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान मछली पालन विभाग के सहायक संचालक एम.एस. सोनवानी, प्रक्षेत्र प्रभारी सुधाकर बिसेन, मुकेश कुमार राजवाड़े, सतीश तिग्गा एवं अन्य विभागीय स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी 2025 का आयोजन 3 जनवरी से

**रायपुर।** राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर द्वारा 03 जनवरी से 12 जनवरी 2025 तक बी.टी.आई. ग्राउण्ड, शंकरनगर, रायपुर में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों के द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट खादी एवं ग्रामोद्योगी विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। बी.टी.आई. ग्राउण्ड, प्रदर्शनी में उपलब्ध उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में ग्राहकों के आने एवं बिक्री अनुमानित है। यहाँ नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, साथ ही खादी वस्त्रों का फैशन शो होगा। इसका प्रवेश निशुल्क है।

# महतारी वंदन योजना से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम गीधा की कंचन बाई, जो कभी एक-एक पैसे के लिए मोहताज हुआ करती थीं, महतारी वंदन योजना के तहत मिली राशि का उपयोग करके अपने जीवन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। कंचन बाई ठेला लगाकर गुपचुप बेचकर बमुश्किल गुजारा कर रही थी। कम आय होने के कारण से घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना कठिन था तथा व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद नहीं मिल पा रही थी। ऐसे समय में उन्होंने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए फार्म भरा। आवेदन स्वीकृत होने के उपरांत उन्हें अब प्रतिमाह 01 हजार रूपए मिल रहा है, जिससे अब घर की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना आसान हो गया है। कंचन बाई पूरी मेहनत से अपने व्यवसाय को भी आगे बढ़ा रही है। योजना का लाभ मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया। उन्होंने प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रूपए की राशि को अपने व्यवसाय में निवेश करना शुरू किया। इस राशि का सही तरीके से उपयोग करने के कारण उनका व्यवसाय धीरे-धीरे बढ़ने लगा और उनकी आमदनी भी बढ़ने लगी। कंचन बाई ने बताया कि उनके परिवार में 04 बच्चे सहित कुल 06 सदस्य हैं। महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग ठेले के लिए आवश्यक सामान जैसे कि गुणवत्ता वाली सामग्री, ठेले की मरम्मत और अन्य उपकरण खरीदने में किया है। इसके परिणामस्वरूप, वह न केवल अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रही हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मार्ग मिल रहा है। वह अपने व्यवसाय से अच्छी-खासी आमदनी अर्जित कर रही हैं। उनके व्यवसाय की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए आर्थिक सहारा बनी है, बल्कि वह अब अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन गई हैं। कंचन बाई का यह संघर्ष और सफलता दर्शाता है कि सही दिशा में किए गए प्रयास और योजनाओं का लाभ व्यक्ति की स्थिति को बदल सकता है और महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। योजना की राशि का सहारा मिलने पर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कंचन बाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने व्यवसायों को सशक्त बना सकें और अपने परिवारों के लिए समृद्धि ला सकें। इस योजना की राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कर रही हैं, जिससे वे समाज में सशक्त हो रही हैं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन रही हैं।

## लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पूरे माह होंगे विविध आयोजन

# सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित करने, दुर्घटना से बचाव के उपाय से लोगों को अवगत कराने, यातायात नियमों की जानकारी सहित यातायात संबंधी विविध आयोजन सड़क सुरक्षा माह के दौरान सूरजपुर पुलिस के द्वारा की जाएगी। सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ बुधवार, 1 जनवरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा हेलमेट रैली और यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 1 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागृत करना और उनके जीवन को सुरक्षित करना है, जिले की पुलिस पूरे माह सड़क सुरक्षा से संबंधित कई कार्यक्रम नुक्कड, नाटक आयोजित करके, लोगों को सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्धेश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आमजन यातायात नियमों का पालन करें ताकि दुर्घटना से बचा जा सके, बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, हेलमेट का उपयोग नहीं करने से दुर्घटना के समय सिर में चोट लगने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है इससे बचाव के लिए हेलमेट धारण किया जाना आवश्यक है क्योंकि हमारी सुरक्षा से पूरे परिवार की सुरक्षा भी जुड़ी होती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है इस हेतु आमजनों को घायल व्यक्ति को तुरंत निकटतम अस्पताल ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। एसएसपी ने बताया कि जिले में वर्ष 2023 में 452 सड़क दुर्घटना हुई थी जबकि वर्ष 2024 में 434 सड़क दुर्घटना हुई जो वर्ष 2023 के तुलना में वर्ष 2024 में 4.14 प्रतिशत की कमी आई है। जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में घायलों की संख्या में 2.83 प्रतिशत एवं मृत्यु के मामले में 14.72 प्रतिशत की कमी आई है। सड़क हादसों को रोकने की दिशा में और काम करने की जरूरत है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए हाईवे पेट्रोलिंग की टीम 24 घंटे मुस्तैदी से कार्य कर रही है। दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने वालों के लायसेंस भी निलंबित कराई जा रही। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, यातायात प्रभारी फर्दीनंद कुजूर, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे सहित का पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**यातायात जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना-** आमजन को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने व सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यातायात जागरूकता रथ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर व एएसपी संतोष महतो ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधिकारी व जवानों को अनिवार्य हेलमेट पहनने के सख्त निर्देश। एसएसपी सूरजपुर ने पुलिस अधिकारी व जवानों को कहा कि खुद सुरक्षित रहे, दूसरों को सुरक्षित रखे और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। नए वर्ष से सभी पुलिस अधिकारी व जवानों को अनिवार्य रूप से बाईक चलाते समय हेलमेट पहनने के सख्त निर्देश दिए और कहा कि मोटर सायकल चलाते कोई बिना हेलमेट के दिखा तो संबंधित को दंडित किया जायेगा।

**एसएसपी ने किया अपील-** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नागरिकों से अपील किया है कि सुरक्षित सफर के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है लोगों का नियमों के प्रति जागरूक होना और उनका महत्व समझकर उन्हें अपने जीवन में अपनाना। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और इसको लेकर लोगों को गंभीर होने की जरूरत है वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें और ट्रैफिक नियम का पालन करें साथ ही साथ अत्यधिक गति से वाहन ना चलायें। यातायात नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग प्रदान करें।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगभग 356 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 228 विकास कार्यों का देंगे सौगात

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



**विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरूवार 02 जनवरी को अपने एक दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास पर कुल 356 करोड़ 44 लाख रूपए से अधिक लागत के 228 विकास कार्यों की सौगात बस्तरवासियों को देंगे। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर-84 के अन्तर्गत 13 विकास कार्यों सहित विधानसभा क्षेत्र बस्तर-85 के 20, विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर-86 के 47 तथा विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट-87 के अन्तर्गत 19 कुल 188 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत के 99 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर-84 के अन्तर्गत 10 विकास कार्यो सहित विधानसभा क्षेत्र बस्तर-85 के 20, विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर-86 के 52 तथा विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट-87 के अन्तर्गत 47 कुल 168 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत के 129 विकास कार्यों भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री साय द्वारा विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर के अन्तर्गत 05 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से ग्राम फरसागुड़ा से पखनाकोंगेरा मार्ग में निर्मित वृहद पुल सहित 05 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत से निर्मित ग्राम सोरगांव से जामगांव मार्ग पुल-पुलिया सहित कुल 24 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से 13 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं विधानसभा क्षेत्र बस्तर के अन्तर्गत 06 करोड़ 08 लाख रूपए की लागत से निर्मित ग्राम छोटेदेवड़ा-आवराभाटा से जैतगिरी-पाहुरबेल मार्ग, 04 करोड़ 39 लाख रूपए की लागत से निर्मित भैंसगांव-ठोटीपारा से अलवाही मार्ग, 03 करोड रूपए की लागत से निर्मित बोदरा से चीड़ीघाट मार्ग, 02 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से निर्मित देउरगांव मोंगरापाल मार्ग सहित कुल 45 करोड़ 41 लाख रूपए की लागत से 20 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के अन्तर्गत 42 करोड़ 81 लाख रूपए की लागत से निर्मित जगदलपुर बायपास मार्ग तथा 03 करोड़ 03 लाख रूपए की लागत से निर्मित रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना नेतानार, 03 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित परपा में आजीविका संवर्धन एवं प्रशिक्षण केन्द्र भवन सहित कुल 80 करोड 14 लाख रूपए की लागत के 47 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट के अन्तर्गत 12 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत से निर्मित तोकापाल से करंजी मार्ग, 06 करोड़ 21 लाख रूपए से निर्मित लालागुड़ा-रावतपारा से पुजारीपारा मार्ग, 04 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से बड़े धाराउर-परापुर मार्ग में नानी बहार नाला पर उच्च स्तरीय पुल सहित कुल 38 करोड़ 68 लाख रूपए से अधिक लागत के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री साय अपने बस्तर प्रवास के दौरान विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर के अन्तर्गत 02 करोड़ 97 लाख रूपए विश्रामपुरी जलाशय बांध में नवीन स्लूस वेस्ट वियर कार्य एवं नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर निर्माण कार्य, 02 करोड़ 95 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली तुरपुरा जलाशय बांध में नवीन स्लूस वेस्ट वियर कार्य एवं नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर निर्माण, 02 करोड़ 68 लाख की लागत से निर्मित की जाने वाली कुम्हली एनिकट कम काजवे जीर्णोद्धार कार्य तथा 02 करोड़ 27 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली अमलीगुड़ा एनिकट कम काजवे जीर्णोद्धार कार्य सहित कुल 13 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने नए साल के पहले ही दिन उप मुख्यमंत्री अरुण साव उतरे फील्ड पर

## इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव जल जीवन मिशन के कार्यों को गति देने नए साल के पहले ही दिन फील्ड पर उतरे। वे आज राजधानी रायपुर से करीब 75 किलोमीटर दूर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना का काम देखने पहुंचे। उन्होंने दामाखेड़ा के पास ग्राम तोरा में शिवनाथ नदी के चक्रवाय एनीकट पर योजना के लिए तैयार हो रहे इंटेकवेल और ग्राम किरवई में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों कार्यों के निर्माण में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, जल जीवन मिशन के संचालक सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भी इस दौरान मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज योजना के इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने किरवई में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की ड्राइंग-डिजाइन देखकर जल शोधन की प्रक्रिया समझी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे सामग्रियों एवं निर्माण की गुणवत्ता की टेस्टिंग के बारे में पूछा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दोनों साइट्स का नियमित भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साव ने निर्माण एजेंसी से कहा कि इस पूरे क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए यह एक बड़ी और महत्वपूर्ण योजना है। इससे 50 गांवों को पेयजल मिलेगा। इसके सभी घटकों का काम अच्छा होना चाहिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने और गांवों में टंकी निर्माण के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।

# पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में 18 चिकित्सा शिक्षकों का संविदा नियुक्ति आदेश जारी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए एक साथ 18 चिकित्सा शिक्षकों की संविदा नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कालेज रायपुर में पहली बार एक साथ इतने संविदा चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। डॉ. रूमी कुमार, सहायक प्राध्यापक प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. हर्षिता भाटिया सहायक प्राध्यापक रेडिएशन अंकोलॉजी, डॉ. कमलकांत साहू, सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक मेडिसीन, डॉ. स्निग्धा कुमारी सहायक प्राध्यापक (कार्डियक निश्चेतना) सीटीव्हीएस विभाग, डॉ. रचना रिची पांडेय सहायक प्राध्यापक (अंकोनिश्चेतना) रेडियोथेरेपी विभाग, डॉ. अविनाश बंजारे (अंकोनिश्चेतना) रेडियोथेरेपी विभग, डॉ. श्रुती तूरकर सहायक प्राध्यापक (एनेस्थिसिया) क्रिटिकल केयर, डॉ. संध्या वर्मा सीनियर रेसीडेंट पैथोलॉजी, डॉ. रेबिना यादव सीनियर रेसीडेंट पैथोलॉजी विभाग, डॉ. प्रिंशी चौधरी सीनियर रेसीडेंट नेत्र रोग, डॉ. पियूषी साव सीनियर रेसीडेंट नेत्र रोग, डॉ. सुरभि चौबे सीनियर रेसीडेंट ईएनटी, डॉ. पारूल राठी सीनियर रेसीडेंट ईएनटी, डॉ. शुभांगन मिश्रा सीनियर रेसीडेंट प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ. नील पसरीजा सीनियर रेसीडेंट अस्थि रोग, विनय मिश्रा रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स, अनजुम मिश्रा रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स, अनुराग संचय कालकुलेवर रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स की चिकित्सा शिक्षक के रूप में संविदा नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर कार्डयो वैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जरी विभाग में बाईपास सर्जरी प्रारंभ करने हेतु 3 परफ्युजनिस्ट एवं 3 फिजिशियन असिस्टेंट की संविदा आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है।

## दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 4.46 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने दो सिंचाई परियोजना के कार्यों के लिए 4 करोड़ 46 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत सिंचाई योजना में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत कुशमाहा जलाशय के बांध एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य कराने के लिए एक करोड़ 66 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार सरगुजा जिले के विकासखंड अंबिकापुर के अंतर्गत बांकीपुर जलाशय योजना की नहर जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 2 करोड़ 79 लाख 85 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

# सरकार के किसान विरोधी रवैय्ये के कारण धान खरीदी ठप : दीपक बैज

## सरकार अभी से धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने की घोषणा करे

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



धान खरीदी शुरू हुये डेढ़ माह बीत गये लेकिन सरकार अभी तक धान खरीदी केन्द्रो की व्यवस्था सुधार नहीं पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार के किसान विरोधी रवैय्ये के कारण अभी तक लक्ष्य का आधा धान ही खरीदी हो पाया है। किसानों को अपना धान बेचने के लिये परेशान होना पड़ रहा है। परिवहन और मिलिंग के अभाव में सोसायटी में जगह नहीं है टोकन नहीं कट रहा इस कारण धान खरीदी ठप्प पड़ी है। अंतिम एक माह में लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पायेगी इसमें भी संशय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिन किसानों ने धान बेच भी दिया है। उनको भुगतान के लिये परेशान होना पड़ रहा है। 3100 रू. के स्थान पर मात्र 2300 के दर से भुगतान हो रहा है। उसमें भी एक साथ पैसा नहीं मिल रहा। वह भी तीन चार किस्तो में दिया जा रहा है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय किसानों को 3100 रू. धान की कीमत देंगे तथा गांव में काउंटर बना कर एकमुश्त भुगतान किया जायेगा। भाजपा अपना वह वादा भी नहीं निभा रही। किसानों को न 3100 रू. की कीमत मिल रहा न एकमुश्त भुगतान हो रहा, न ही किसी पंचायत में भुगतान का काउंटर बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी डेढ़ महीने पूरा हो गया है लेकिन अभी तक मात्र 80 लाख टन धान की खरीदी ही हो पाई है। इसी रफ्तार से धान की खरीदी होगी तो 31 जनवरी तक जो धान खरीदी का जो लक्ष्य निर्धारित है 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी करने का वह पूरा हो पाना असंभव है अभी 29 लाख पंजीकृत किसानों में से बमुश्किल से 40 फीसदी किसान ही अपना धान बेच पाये है। बड़े किसानों को अब तक टोकन नहीं मिला है। इस रफ्तार से खरीदी होगी तो सरकार पूरे किसानों का धान नहीं खरीदेगी। जिस धीमी गति से धान खरीदी हो रही है ऐसे में 28 लाख किसानों से धान खरीदी सम्भव ही नही है। जब तक प्रतिदिन 60 हजार से अधिक किसानों से 4 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीदी नहीं होगी तब तक 160 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य पूरा नहीं होगा। सरकार अभी से धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने की घोषणा करे।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में अध्यक्ष डॉ.यादव ने दी ऊर्जावान और प्रकाशवान नववर्ष की शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में नववर्ष 2025 के अवसर पर अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों सहित समस्त आगन्तुकों से बधाइयों तथा शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। डॉ.यादव ने सभी के ऊर्जावान और प्रकाशवान भविष्य के लिए शुभेच्छाएं व्यक्त की।

सर्वप्रथम प्रबंध निदेशक (जनरेशन) कंपनी एस.के.कटियार, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) कंपनी राजेश कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) कंपनी श्री भीमसिंह कंवर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. यादव का अभिवादन किया। अभियंता संघ के महासचिव मनोज वर्मा ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ कंपनी अध्यक्ष से भेंट की। इसी तरह विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों द्वारा भी कंपनी अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशकों से भी भेंट कर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी अध्यक्ष कक्ष खुला था। विभिन्न कार्यालयों में पहुंच कर लोग एक-दूसरे को नये वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते रहें। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कंपनी कर्मियों को उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्पादन, पारेषण तथा वितरण तीनों कंपनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऊर्जावान और प्रकाशवान भविष्य के लिए शुभेच्छाएं प्रदान की। डंगनिया स्थित मुख्यालय परिसर में समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों में नववर्ष मिलन का सिलसिला चलता रहा।

# महतारी वंदन योजना से वनांचल की महिलाएं हो रही सशक्त

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



महतारी वंदन योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में एक नया उजाला लाया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार की कमी और सीमित संसाधनों के बीच जीवन यापन करना कठिन था। इस योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल मिला है, जिससे उनका जीवन बेहतर हुआ है और महिलाओं का आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। कोरबा जिले के सुदूर वनांचल और पहाड़ों के बीच बसे ग्राम बोड़ानाला की रहने वाली सुखमत और राजकुमारी मंझवार का जीवन पहले कई कठिनाइयों से घिरा हुआ था। संसाधनो के अभाव और आर्थिक तंगी ने उनके रोजमर्रा के जीवन को चुनौतीपूर्ण बना दिया था। महतारी वंदन से मिलने वाली आर्थिक सहायता ऐसे परिवार के लिए एक वरदान साबित हुई है, जिसने न केवल उनके जीवन को सरल बनाया, बल्कि उनके परिवार को भी एक नई दिशा दी। अब वह खुद को आत्मनिर्भर महसूस करती हैं। हितग्राही सुखमत मंझवार ने योजना से मिल रहे लाभ के सुखद अनुभव को साझा करते हुए बताया कि परिवार की आमदनी के नियमित और स्थिर स्त्रोत नहीं होने के कारण उनके दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने की समस्या सदैव बनी रहती थी, जिससे आर्थिक संकट की समस्या निरंतर उनके परिवार को घेरे रहता था। उनके गांव की खेती जमीन डुबान में चले जाने से खेती की संभावना भी नहीं रह गयी थी, उनके पति रोजी-मजदूरी कर परिवार का गुजारा चलाते थे। जब महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें वित्तीय सहायता मिलने लगी, तो उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया। इस योजना से मिलने वाली राशि ने उनके घरेलू खर्चों को पूरा करना आसान बना दिया। अब वह न केवल परिवार के खर्चों को सहजता से पूरा कर पाती हैं, बल्कि अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रही हैं।

# दपूमरे की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा हुई सेवानिवृत्त

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (दपूमरे) की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने मंगलवार को अपनी 35 वर्षों की गौरवशाली रेल सेवा के पश्चात सेवानिवृत्ति प्राप्त की। 1988 बैच की भारतीय रेल परिचालन सेवा (आईआरटीएस) की अधिकारी इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में सात माह तक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान कीं। नीनु इटियेरा ने अपनी रेलवे सेवा की शुरुआत दक्षिण रेलवे के पालघाट मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक के रूप में की थी। इसके उपरांत, उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, जिनमें दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और चेयरमैन, रेलवे भर्ती बोर्ड तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। इटियेरा के कार्यकाल में दक्षिण पूर्व मध्य रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया तथा नई उंचाईयों को छुआ। इनके कार्यकाल में दक्षिण पूर्व मध्य रेल में यात्री सुविधाओ एवं सेवाओ में काफी प्रगति हुई। साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अधोसंरचना से संबन्धित महत्वपूर्ण रेल विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओ में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। नीनु इटियेरा की सेवानिवृत्ति के पश्चात, रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार)/विकास तरुण प्रकाश दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन नीनु इटियेरा के अनुकरणीय योगदान और समर्पण के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता है तथा उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

# राशन कार्ड : ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**रायपुर।** केन्द्र सरकार के निर्देश वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में भी तेजी के साथ ई-केवाईसी कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य तेजी से किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी, ई-पॉस उपकरण के माध्यम से पूरा किया जाना अनिवार्य है। वर्तमान में राज्य के कुल 2.71 करोड़ हितग्राहियों में से 2.33 करोड़ का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि 38 लाख का कार्य शेष है। जिला एमसीबी के अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुल 3 लाख 65 हजार 697 राशन कार्ड धारकों में से अब तक 3 लाख 02 हजार 935 का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है। शेष 62 हजार 762 हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। जिले में ई-केवाईसी कार्य की प्रगति 81.39 प्रतिशत है, जो कि राज्य के औसत 84.76 प्रतिशत से कम है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

02 Jan. 2025 Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
KITTY PARTY ANNIVERSARY BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चेनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स ▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Imagination
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403